किसी एक निश्चित बिंदु से समान दूरी पर स्थित बिंदुओं का बिन्दुपथ वृत्त कहलाता है। यह निश्चित बिंदु, वृत्त का केंद्र कहलाता है, केंद्र और वृत्त की परिधि के किसी भी बिन्दु के बीच की दूरी वृत्त की त्रिज्या कहलाती है। वृत्त एक साधारण बंद वक्र होता है जो समतल को दो क्षेत्रों में विभाजित करता है: एक आंतरिक और एक बाहरी।

वृत्त एक प्रकार का शांकव (शंकु परिच्छेद) होता है जिसकी उत्केंद्रता (Eccentricity) शून्य होती है अर्थात नियता (Directrix) समतल में अनंत पर स्थित होती है। एक वृत्त को एक विशेष प्रकार के दीर्घवृत्त के रूप में भी परिभाषित किया जा सकता है जिसमें दोनों नाभियाँ (Focii) संपाती होती हैं और उत्केन्द्रता 0 होती है। यूक्लिड के अनुसार, 'वृत्त एक रेखा से घिरा हुआ एकविमीय समतल होता है और किसी निश्चित बिंदु से लेकर उस बंधरेखा तक खींची गई सभी रेखाएं बराबर होती हैं। इस बंधरेखा को परिधि और इस निश्चित बिंदु को वृत्त का केंद्र कहते हैं।'

वृत्त और त्रिज्या

वृत्त: वृत्त एक तल के उन बिदुओं का समूह होता है जो एक नियत बिदु (केंद्र) से अचर दूरी (त्रिज्या) पर होते हैं।



त्रिज्या: त्रिज्या या अर्धव्यास किसी वृत्त के केन्द्र से उसकी परिधि तक की दूरी को कहते हैं।



चाप (Arc): वृत्त की परिधि का कोई भी भाग।

केंद्र (Centre): वृत्त पर स्थित सभी बिंदुओं से समदूरस्थ बिंदु।

जीवा (Chord): एक रेखाखंड, जो वृत्त पर स्थित किन्हीं दो बिन्दुओं को मिलने पर बनता है। एक जीवा वृत्त को दो वृत्तखंडों में विभाजित करती है।



परिधि (Circumfrence): वृत्त के चारों ओर की वक्र लंबाई।



व्यास (Diameter): एक रेखाखंड जिसके अंतबिन्दु वृत्त पर स्थित होते हैं और जो केंद्र से गुजरता है या वृत्त के किन्हीं दो बिंदुओं के बीच की अधिकतम दूरी है। यह वृत्त की सबसे बड़ी जीवा होती है और

यह त्रिज्या की दोगुनी होती है।

डिस्क (Disc): एक वृत्त से घिरा अन्तः समतलीय क्षेत्र।

त्रिज्या (Radius): वृत्त के केंद्र से वृत्त की परिधि के किसी भी बिंदु तक का एक रेखाखंड, जो व्यास का आधा होता है।



चाप (Arc), त्रिज्यखंड (Sector) एवं वृत्तखंड (Segment)

त्रिज्यखंड (Sector): किन्हीं दो त्रिज्याओं के बीच एक चाप से घिरा क्षेत्र।

वृत्तखण्ड (Segment): केंद्ररहित एक क्षेत्र जो वृत्त की एक जीवा और एक चाप से घिरा होता है। एक जीवा वृत्त को दो वृत्तखंडों में विभाजित करती है।

छेदन रेखा या छेदिका (Secant): एक विस्तारित जीवा, जो वृत्त के समतलीय होती है तथा वृत्त को दो बिन्दुओं पर प्रतिच्छेदित करती है।

स्पर्शी या स्पर्श रेखा (Tangent): वृत्त के समतलीय सीधी रेखा जो एक बिंदु पर वृत्त को स्पर्श करती है।



अर्धवृत्त (Semicircle): वृत्त के व्यास तथा व्यास के अंतबिन्दुओं से बने चाप के मध्य का क्षेत्र अर्धवृत्त होता है। अर्धवृत्त का क्षेत्रफल, वृत्त के सम्पूर्ण क्षेत्रफल का आधा होता है।

वृत्त की स्पर्श रेखा



रेखा जो एक वृत्त को केवल और केवल एक ही बिन्दु पर प्रतिच्छेद करती है, वृत्त की स्पर्श रेखा कहलाती है। अर्थात वृत की स्पर्श रेखा उसे केवल एक बिन्दु पर प्रतिच्छेद करती है। स्पर्श रेखा जहाँ पर वृत्त को स्पर्श करती है उस बिंदु को स्पर्श बिंदु कहते हैं।

नोट: वृत्त के एक बिदु पर एक और केवल एक स्पर्श रेखा होती है।

वत्त की स्पर्श रेखा के गुण



- वृत्त के एक बिन्दु पर एक और केवल एक स्पर्श रेखा होती है।
- किसी वृत्त की स्पर्श रेखा छेदक रेखा की एक विशिष्ट दशा है जब संगत जीवा के दोनों सिरे संपाती हो जाएँ।
- स्पर्श रेखा और वृत्त के कॉमन प्वांट (उभनिष्ठ बिन्दु) को स्पर्श बिन्दु (point of contact) कहते हैं। तथा स्पर्श रेखा को वृत के उभयनिष्ठ बिन्दु पर स्पर्श करना कहते हैं।
- वृत्त के अंदर स्थित किसी बिन्दु से जाने वाली वृत्त पर कोई स्पर्श रेखा नहीं है।
- वृत्त पर स्थित किसी बिन्दु से वृत्त पर एक और केवल एक स्पर्श रेखा है।
- वृत्त के बाहर स्थित किसी बिन्दु से जाने वाली वृत्त पर दो और केवल दो स्पर्श रेखाएँ हैं।
- बाह्य बिन्दु P से वृत के स्पर्श बिन्दु तक स्पर्श रेखा खंड की लम्बाई को बिन्दु P से वृत्त पर स्पर्श रेखा की लम्बाई कहते हैं।

छेदक रेखा तथा वृत्त का केंद्र

छेदक रेखा: एक वृत्त को दो बिंदुओं में प्रतिच्छेद करने वाली रेखा को छेदक कहा जाता है।

वृत्त का केंद्र: वृत्त के मध्य वह बिंदु, जिससे परिधि हमेशा समान दूरी पर होता है, वृत्त का केन्द्र कहलाता है।

छेदक रेखा-वृत के बाहर वृत को दो भागों में बांटते हुई दूसरी तरफ निकलने वाली रेखा को छेदक रेखा कहते हैं

छेदक रेखा के वह कॉन्सेप्ट्स आपको TET में 30 में से 30 दिलाएंगे



वृत्त के किसी बिदु पर स्पर्श रेखा स्पर्श बिदु से जाने वाली त्रिज्या पर लंब होती है।

हमें केंद्र O वाला एक वृत्त दिया है और एक बिदु P पर स्पर्श रेखा XY दी है। हमें सिद्ध करना है कि OP, XY पर लंब है।

XY पर P के अतिरिक्त एक बिदु Q लीजिए और OQ को मिलाइए।

बिदु Q वृत्त के बाहर होना चाहिए (क्यों?)

ध्यान दीजिए कि यदि Q वृत्त के अंदर है तो XY वृत्त की एक छेदक रेखा हो जाएगी और वह वृत्त की स्पर्श रेखा नहीं होगी)।

अतः, OQ त्रिज्या OP से बड़ी है।

अर्थात् OQ > OP

क्योंकि यह बिदु P के अतिरिक्त XY के प्रत्येक बिदु के लिए सत्य है, OP बिदु O से XY के अन्य बिदुओं की न्यूनतम दूरी है। इसलिए OP, XY पर लंब है।

टिप्पणी:

1. उपर्युक्त प्रमेय से हम यह भी निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वृत्त के किसी बिदु पर एक और केवल एक स्पर्श रेखा होती है।
2. स्पर्श बिदु से त्रिज्या को समाहित करने वाली रेखा को वृत्त के उस बिदु पर 'अभिलंब' भी कहते हैं।

एक बिंदु से एक वृत्त पर स्पर्श रेखाओं की संख्या

किसी बाहरी बिंदु से वृत्त पर केवल दो स्पर्श रेखाएँ खींची जा सकती हैं।

वाह्य बिंदु से वृत्त पर खींची गई स्पर्श रेखाओं की लंबाइयाँ बराबर होती है।

उपपत्ति:

हमें केंद्र O वाला एक वृत्त, वृत्त के बाहर का एक बिंदु P तथा P से वृत्त पर दो स्पर्श रेखाएँ PQ, PR दी है।

हमें सिद्ध करना है कि PQ = PR

इसके लिए हम OP, OQ और OR को मिलाते हैं। तब ∠ OQP तथा ∠ ORP समकोण हैं क्योंकि ये

त्रिज्याओं और स्पर्श रेखाओं के बीच के कोण हैं और प्रमेय 10.1 से ये समकोण है।

अब समकोण त्रिभुजों OQP तथा ORP में,

OQ = OR (एक ही वृत्त की त्रिज्याएँ)

OP = OP (उभयनिष्ठ)

अतः Δ OQP / Δ ORP (RHS सर्वांगसमता द्वारा)

इससे प्राप्त होता है PQ = PR (CPCT)

टिप्पणी:

1. प्रमेय को पाइथागोरस प्रमेय का प्रयोग करके भी निम्न प्रकार से सिद्ध किया जा सकता हैः

   $PQ^2 = OP^2 - OQ^2 = OP^2 - OR^2 = PR^2$ (क्योंकि OQ = OR)

   जिससे प्राप्त होता है कि PQ = PR
2. यह भी ध्यान दीजिए कि $\angle OPQ = \angle OPR$, अतः OP कोण QPR का अर्धक है, अर्थात् वृत्त का केंद्र स्पर्श रेखाओं के बीच के कोण अर्धक पर स्थित होता है।
3. सिद्ध कीजिए कि दो सकेंद्रीय वृत्तों में बड़े वृत्त की जीवा जो छोटे वृत्त को स्पर्श करती है, स्पर्श बिदु पर समद्विभाजित होती है।

हमें केंद्र O वाले दो सकेंद्रीय वृत्त C_1 और C_2 तथा बड़े वृत्त C_1 की जीवा AB, जो छोटे वृत्त C_2 को बिदु P पर स्पर्श करती है, दिए हैं।

हमें सिद्ध करना है कि AP = BP

आइए OP को मिलाएँ। इस प्रकार AB, C_2 के बिदु P पर स्पर्श रेखा है और OP त्रिज्या है।

अतः प्रमेय 10.1 से

$OP \perp AB$

अब AB वृत्त C_1 की एक जीवा है और $OP \perp AB$ है। अतः, OP जीवा AB को समद्विभाजित करेगी क्योंकि केंद्र से जीवा पर खींचा गया लंब उसे समद्विभाजित करता है,

अर्थात् AP = BP

स्मरणीय तथ्य

किसी वृत्त पर बाह्य बिंदु से केवल दो स्पेश रेखाएं खींची जा सकती है।

वृत्त की स्पर्श रेखा स्पर्श बिदु से जाने वाली त्रिज्या पर लंब होती है।

बाह्य बिदु से किसी वृत्त पर खींची गई दोनों स्पर्श रेखाओं की लंबाइयाँ समान होती हैं।

वृत्त (Circle) - उन सभी बिंदुओं का समूह जो एक स्थिर बिंदु (केंद्र) बराबर दुरी (त्रिज्या) पर होते हैं, वृत्त कहलाता है।

अप्रतिच्छेदी रेखा (non-intersecting lines or parallel lines) - जब दी गई रेखा और वृत्त का कोई बिंदु उभयनिष्ठ (common) न हो, तो वह रेखा अप्रतिच्छेदी रेखा कहलाती है।

छेदक रेखा (penetrative lines) - जब दी गई रेखा और वृत्त के दो बिंदु उभयनिष्ठ हो, तो वह रेखा छेदक रेखा कहलाती है।

स्पर्श रेखा (tangent line) - जब दी गई रेखा और वृत्त का केवल एक बिंदु उभयनिष्ठ हो, तो वह रेखा स्पर्श रेखा कहलाती है।



स्पर्श बिंदु (touch point) - दी गई रेखा और वृत्त के एकमात्र उभयनिष्ठ बिंदु को स्पर्श बिंदु कहते हैं।

- वृत्त के स्पर्श बिंदु पर केवल एक ही रेखा सम्भव है।
- वृत्त की किसी छेदक रेखा के समांतर केवल दो स्पर्श रेखाएँ होती हैं।
- वृत्त की स्पर्श रेखा छेदक रेखा की वह विशेष स्थिति है जब संगत जीवा के दोनों सिरे संपाती (coincidence) हो जाते हैं।

वृत्त की स्पर्श रेखा वृत्त की उस त्रिज्या (radius) पर लंब होती है, जो स्पर्श बिंदु से खींची गई हो।

- एक बिंदु और एक वृत्त दिए होने पर निम्न में से कोई एक स्थिति सम्भव है : -
  - **स्थिति I -** वृत्त के अंदर स्थित बिंदु से वृत्त पर कोई स्पर्श रेखा नहीं खींची जा सकती।
  - **स्थिति II -** वृत्त पर स्थित किसी बिंदु से केवल एक स्पर्श रेखा खींची जा सकती है।
  - **स्थिति III -** वृत्त के बाहर स्थित बिंदु से वृत्त पर दो स्पर्श रेखाएँ खींची जा सकती हैं।
- स्पर्श रेखा की लंबाई (length of tangent line) - वृत्त के बाहर स्थित बिंदु से स्पर्श बिंदु तक की दूरी स्पर्श रेखा की लंबाई कहलाती है।
- वृत्त के किसी बाह्य बिंदु (exterior point) से खींची गई स्पर्श रेखाएँ बराबर होती हैं।
- केंद्र से वृत्त की जीवा (chord) पर खींचा गया लंब (perpendicular) जीवा को समद्विभाजित (bisect) करता है।
- दो सकेंद्रीय वृत्तों (concentric circles) में यदि बड़े वृत्त की जीवा छोटे वृत्त की स्पर्श रेखा है, तो जीवा स्पर्श बिंदु पर समद्विभाजित (bisect) होगी।
- वृत्त के बाहर स्थित किसी बिंदु से दो स्पर्श रेखाएँ खींचकर और और स्पर्श बिंदुओं को मिलाने पर एक समद्विबाहु त्रिभुज (isosceles triangle) बनता है और स्पर्श बिंदुओं पर बने कोण बराबर होते हैं।

Example:

सिद्ध कीजिए कि किसी वृत्त के किसी व्यास के सिरों पर खींची गई स्पर्श रेखाएँ समांतर होती है |

हल :

दिया है : O केंद्र वाले वृत्त की दो स्पर्श रेखाएँ AB तथा CD हैं जो वृत्त को X तथा Y पर क्रमशः स्पर्श करती है |

सिद्ध करना है : AB || CD



प्रमाण :

OX ⊥ AB (स्पर्श बिंदु को केंद्र से मिलाने वाली रेखा स्पर्श बिंदु पर लंब होती है)

अत: ∠BXO = 90० .... (i)

इसीप्रकार, OY ⊥ CD

अत: ∠DYO = 90० .... (i)

समीकरण (i) तथा (ii) जोड़ने पर

∠BXO + ∠DYO = 90० + 90०

∠BXO + ∠DYO = 180०

चूँकि एक ही ओर से अंत:आसन्न कोण संपूरक हैं, इसलिए

AB || CD Proved

एक बिन्दु A से जो एक वृत्त के केंद्र से 5cm दूरी पर है, वृत्त पर स्पर्श रेखा की लंबाई 4cm है | वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए |

हल : बिंदु A से केंद्र की दुरी (OA) = 5 cm

स्पर्श रेखा AB की लंबाई = 4 cm

वृत्त की त्रिज्या OB = ?



समकोण त्रिभुज AOB में, पैथागोरस प्रमेय से

$OA^2 = OB^2 + AB^2$

5^2 = OB2 + 42

$5^2 - 4^2 = OB^2$

$25 - 16 = OB^2$

$OB^2 = 9$

दो सकेंद्रिय वृत्तों की त्रिज्याएँ 5 cm तथा 3 cm है | बड़े वृत्त की उस जीवा की लंबाई ज्ञात कीजिए जो छोटे वृत्त को स्पर्श करती हो|

हल :



दो संकेंद्री वृत्त जिसका केंद्र O है और बड़े वृत्त की जीवा AB है जो छोटे वृत्त को बिंदु M पर प्रतिच्छेद करती है |

त्रिज्याएँ क्रमश: AO = 5 cm और OM = 3 cm है |

OM ⊥ AB है | (चूँकि जीवा को केंद्र से मिलाने वाली रेखाखण्ड जीवा पर लंब होती है |)

अत: समकोण त्रिभुज AOM में, पाइथागोरस प्रमेय से,

OA2 = OM2 + AM2

52 = 32 + AM2

52 - 32 = AM2

25 - 9 = AM2

AM2 = 16

AM = = 4 cm

अत: AB = 2 × AM

= 2 × 4 = 8 cm

जीवा की लंबाई 8 cm है |

एक वृत्त के परिगत एक चतुर्भज ABCD खींचा गया है (देखिए आकृति 10.12) | सिद्ध कीजिए : AB + CD = AD + BC

हल :

दिया है : ABCD एक O केंद्र वाले वृत्त के परिगत बना चतुर्भुज है | रेखाएँ AB, BC, CD और AD क्रमश: बिंदु P, Q, R और S पर स्पर्श करती हैं |

सिद्ध करना है : AB + CD = AD + BC



प्रमाण : P और S स्पर्श बिंदु हैं |

अत: AP = AS .... (i) प्रमेय 10.2 से

(बाह्य बिंदु से खिंची गई स्पर्श रेखाएँ समान लंबाई की होती है |)

इसीप्रकार,

BP = BQ .... (ii)

CR = CQ .... (iii)

और DR = DS .... (iv)

समी० (i), (ii), (iii) और (iv) जोड़ने पर

AP + BP + CR + DR = AS + DS + BQ + CQ

AB + CD = AD + BC Proved

आकृति 10.13 में XY तथा X'Y', O केंद्र वाले किसी वृत्त पर दो समांतर स्पर्श रेखाएँ हैं और स्पर्श बिन्दु C पर स्पर्श रेखा AB, XY को A तथा X'Y' को B पर प्रतिच्छेद करती है | सिद्ध कीजिए की ∠AOB = 90o है |

हल :

दिया है : XY तथा X'Y', O केंद्र वाले किसी वृत्त पर दो समांतर स्पर्श रेखाएँ हैं और स्पर्श बिन्दु C पर स्पर्श रेखा AB, XY को A तथा X'Y' को B पर प्रतिच्छेद करती है |

सिद्ध करना है : ∠AOB = 90o

प्रमाण :



DAOP और DAOC में

PA = CA (भुजा) प्रमेय 10.2 से

∠APO = ∠ACO   90o प्रत्येक

AO = AO उभयनिष्ठ कर्ण

RHS सर्वांगसमता नियम से

DAOP @ DAOC

इसलिए, ∠PAO = ∠CAO   (i) BY CPCT

इसीप्रकार DBOQ @ DBOC

इसलिए, ∠QBO = ∠CBO   (ii) BY CPCT

अब XY || X'Y' दिया है |

इसलिए, ∠PAC + ∠QBC = 180o (तिर्यक रेखा के एक ही ओर के अंत:कोणों का योग)

या (∠PAO + ∠CAO) + (∠QBO + ∠CBO) = 180o

या (∠CAO + ∠CAO) + (∠CBO + ∠CBO) = 180o   (समी० (i) तथा (ii) के प्रयोग से)

या 2 ∠CAO + 2 ∠CBO = 180o

या 2 (∠CAO + ∠CBO) = 180o

या $\angle CAO + \angle CBO = 90^\circ$ .... (iii)

अब त्रिभुज AOB में,

$\angle AOB + \angle CAO + \angle CBO = 180^\circ$

$\angle AOB + 90^\circ = 180^\circ$

$\angle AOB = 180^\circ - 90^\circ$

$\angle AOB = 90^\circ$ Proved

सिद्ध कीजिए कि किसी बाह्य बिन्दु से किसी वृत्त पर खींची गई स्पर्श रेखाओं के बीच का कोण स्पर्श बिन्दुओं को मिलाने वाले रेखाखंड द्वारा केंद्र पर अंतरित कोण का संपूरक होता है |

हल :

दिया है : O केंद्र वाले वृत्त की की बाह्य बिंदु P से खिंची गई स्पर्श रेखाओं AP तथा BP है |

सिद्ध करना है : $\angle AOB + \angle APB = 180^\circ$



प्रमाण :

$OA \perp AP$ और $OB \perp BP$ (चूँकि स्पर्श रेखा से केंद्र को मिलाने वाली रेखाखंड लंब होती है |)

अत: $\angle OAP = 90$=........... (i)

और $\angle OBP = 90^\circ$ .... (ii)

चूँकि APBO एक चतुर्भुज है इसलिए,

$\angle OAP + \angle AOB + \angle OBP + \angle APB = 360^\circ$

=> $90^\circ + \angle AOB + 90^\circ + \angle APB = 360^\circ$

=> $180^\circ + \angle AOB + \angle APB = 360^\circ$

=> $\angle AOB + \angle APB = 360^\circ - 180^\circ$

=> $\angle AOB + \angle APB = 180^\circ$ Proved

सिद्ध कीजिए कि किसी वृत्त के परिगत समान्तर चतुर्भुज समचतुर्भुज होता है |

हल :

दिया है : ABCD एक O केंद्र वाले वृत्त के परिगत बना समांतर चतुर्भुज है | रेखाएँ AB, BC, CD और AD क्रमश: बिंदु P, Q, R और S पर स्पर्श करती हैं |

सिद्ध करना है : ABCD एक समचतुर्भुज है |



प्रमाण : चूँकि ABCD एक समांतर चतुर्भुज है इसलिए

AB = CD .... (i) (समांतर चतुर्भुज की सम्मुख भुजा)

इसीप्रकार, BC = AD .... (ii)

अब, P और S स्पर्श बिंदु हैं |

अत: AP = AS .... (iii) प्रमेय 10.2 से

(बाह्य बिंदु से खिंची गई स्पर्श रेखाएँ समान लंबाई की होती है |)

इसीप्रकार,

BP = BQ .... (iv)

CR = CQ .... (v)

और DR = DS .... (vi)

समी० (iii), (iv), (v) और (vi) जोड़ने पर

AP + BP + CR + DR = AS + DS + BQ + CQ

या AB + CD = AD + BC

या AB + AB = AD + AD समी० (i) तथा (ii) से

या 2 AB = 2 AD

या AB = AD .... (vii)

समीकरण (i), (ii) और (vii) से

AB = BC = CD = AD

अत: ABCD एक समचतुर्भुज है | Proved

सिद्ध कीजिए की वृत्त के परिगत बनी चतुर्भुज की आमने - सामने की भुजाएँ केंद्र पर संपूरक कोण

अंतरित करती हैं |



हल :

दिया है : ABCD O केंद्र वाले एक वृत्त के परिगत बना चतुर्भुज है |

सिद्ध करना है : $\angle AOB + \angle COD = 180^\circ$

प्रमाण : $\Delta AOP \cong AOR$ प्रमेय 10.2 से

अत: $\angle 1 = \angle 2$ .... (i) संगत भाग

इसी प्रकार,

$\angle 3 = \angle 4$ .... (ii)

$\angle 5 = \angle 6$ .... (iii)

$\angle 7 = \angle 8$ .... (iii)

अब $\angle 1 + \angle 2 + \angle 3 + \angle 4 + \angle 5 + \angle 6 + \angle 7 + \angle 8 = 360^\circ$
(केंद्र पर अंतरित कोण)

या $\angle 2 + \angle 2 + \angle 3 + \angle 3 + \angle 6 + \angle 6 + \angle 7 + \angle 7 = 360^\circ$

समी० (i) (ii) (iii) और (iv) के प्रयोग से

या $2\angle 2 + 2\angle 3 + 2\angle 6 + 2\angle 7 = 360^\circ$

या $2(\angle 2 + \angle 3 + \angle 6 + \angle 7) = 360^\circ$

या $(\angle 2 + \angle 3 + \angle 6 + \angle 7) = \dfrac{360^\circ}{2}$

या $\angle AOB + \angle COD = 180^\circ$ **Proved**

NCERT SOLUTIONS

प्रश्नावली 10.1 (पृष्ठ संख्या 231-232)

प्रश्न 1 एक वृत्त की कितनी स्पर्श रेखाएँ हो सकती हैं?

उत्तर- अनेक।

प्रश्न 2 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:

(i) किसी वृत्त की स्पर्श रेखा उसे _____ बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद करती है।
(ii) वृत्त को दो बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद करने वाली रेखा को _____ कहते हैं।

(iii) एक वृत्त की _____ समांतर स्पर्श रेखाएँ हो सकती हैं।
(iv) वृत्त तथा उसकी स्पर्श रेखा के उभयनिष्ट बिन्दु को ______ कहते हैं।

उत्तर-

(i) किसी वृत्त की स्पर्श रेखा उसे **एक** बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद करती है।
(ii) वृत्त को दो बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद करने वाली रेखा को **जीवा** कहते हैं।
(iii) एक वृत्त की **दो** समांतर स्पर्श रेखाएँ हो सकती हैं।
(iv) वृत्त तथा उसकी स्पर्श रेखा के उभयनिष्ट बिन्दु को **स्पर्श बिंदु** कहते हैं।

प्रश्न 3 5 सेमी त्रिज्या वाले एक वृत्त के बिन्दु पर स्पर्श रेखा PQ केंद्र O से जाने वाली एक रेखा से बिन्दु Q पर इस प्रकार मिलती है की OQ = 12 सेमी PQ की लंबाई है:

a. 12 सेमी
b. 13 सेमी
c. 8.5 सेमी
d. $\sqrt{119}$ सेमी

उत्तर-

d. $\sqrt{\mathbf{119}}$ सेमी



$PQ^2 = OQ^2 - PO^2$

$= 12^2 - 5^2$

$= 144 - 25$

$= 119$

$PQ = \sqrt{119}$ cm

प्रश्न 4 एक वृत्त खींचिए और दो एक दी गई रेखा के समांतर दो ऐसी रेखाएँ खींचिए की उनमें से एक

स्पर्श रेखा हो तथा दूसरी छेदक रेखा हो|

उत्तर-



प्रश्नावली 10.2 (पृष्ठ संख्या 236-237)

प्रश्न 1 एक बिंदु Q से एक वृत्त पर स्पर्श रेखा की लंबाई 24 सेमी तथा Q की केंद्र से दूरी 25 सेमी है। वृत्त की त्रिज्या है:

a. 7 सेमी
b. 12 सेमी
c. 15 सेमी
d. 24.5 सेमी

उत्तर-

a. 7 सेमी



त्रिज्या (OP) = ?

OQ = 24 सेमी, PQ = 25 सेमी

चूँकि $OP \perp PQ$ है, पाइथागोरस प्रमेय से

$$PQ^2 = OP^2 + OQ^2$$

$$25^2 = OP^2 + 24^2$$

$$OP^2 = 625 - 576$$

$$OP^2 = 49$$

$$OP = \sqrt{49}$$

$$= 7cm$$

प्रश्न 2 आकृति में, यदि TP, TQ केंद्र O वाले किसी वृत्त पर दो स्पर्श रेखाएँ इस प्रकार है की ∠POQ = 110°, तो ∠PTQ बराबर है:

a. 60°
b. 70°
c. 80°
d. 90°



उत्तर-

b. 70°

हल:

$$\angle POQ + \angle PTQ = 180^\circ$$

$$\Rightarrow 110^\circ + \angle PTQ = 180^\circ$$

$$\Rightarrow \angle PTQ = 180^\circ - 110^\circ$$

$$\Rightarrow 70^\circ$$

प्रश्न 3 यदि एक बिन्दु P से O केंद्र वाले किसी वृत्त पर PA, PB स्पर्श रेखाएँ 80° के कोण पर झुकी हों, तो $\angle POA$ बराबर है:

a. 50°
b. 60°
c. 70°
d. 80°

उत्तर-

a. 50°



दिया है: $\angle APB = 80^\circ$

इसलिए $\angle APO = \frac{80^\circ}{2} = 40^\circ$

स्पर्श बिंदु पर $\angle A = 90^\circ$

त्रिभुज AOP में,

$\Rightarrow \angle A + \angle APO + \angle POA = 180^\circ$

$\Rightarrow 90^\circ + 40^\circ \angle POA = 180^\circ$

$\Rightarrow \angle POA = 180^\circ - 130^\circ$

$\Rightarrow \angle POA = 50^\circ$

प्रश्न 4 सिद्ध कीजिए कि किसी वृत्त के किसी व्यास के सिरों पर खींची गई स्पर्श रेखाएँ समांतर होती है।

उत्तर- दिया है**:** O केंद्र वाले वृत्त की दो स्पर्श रेखाएँ AB तथा CD हैं जो वृत्त को X तथा Y पर क्रमश : स्पर्श करती है|

सिद्ध करना है: AB || CD



प्रमाण:

$OX \perp AB$ (स्पर्श बिंदु को केंद्र से मिलाने वाली रेखा स्पर्श बिंदु पर लंब होती है)

अत: $\angle BXO = 90^\circ \ldots\ldots (i)$

इसी प्रकार $OY \perp CD$

अत: $\angle DYO = 90^\circ \ldots\ldots (ii)$

समीकरण (i) तथा (ii) जोड़ने पर

$\angle BOX + \angle DOY = 90^\circ + 90^\circ$

$\Rightarrow \angle BXO + \angle DYO = 180^\circ$

चूँकि एक ही ओर से अंत:आसन्न कोण संपूरक हैं, इसलिए

AB || CD Proved

प्रश्न 5 सिद्ध कीजिए की स्पर्श बिन्दु से स्पर्श रेखा पर खींचा गया लंब वृत्त के केंद्र से होकर जाता है|

उत्तर- AB को O के साथ वृत्त पर बिंदु P पर स्पर्श रेखा बनाएं।



यदि संभव हो, तो OQ से गुजरते हुए, PQ को AB से सीधा होने दें।

OP से जुड़ें।

चूँकि किसी बिंदु पर वृत्त पर स्पर्शरेखा बिंदु के माध्यम से त्रिज्या के लंबवत होती है।

इसलिए, $AB \perp OP$

$\angle POB = 90^\circ$

इसके अलावा $\angle QPB = 90^\circ$ [चित्र के द्वारा]

इसलिए $\angle QPB = OPB$

जो एक भाग के रूप में संभव नहीं है, पूरे के बराबर नहीं हो सकता है।

इस प्रकार, स्पर्शरिखा के संपर्क के बिंदु पर सीधा केंद्र के माध्यम से गुजरता है।

प्रश्न 6 एक बिन्दु A से जो एक वृत्त के केंद्र से 5 सेमी दूरी पर है, वृत्त पर स्पर्श रेखा की लंबाई 4cm है। वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

उत्तर- बिंदु A से केंद्र की दुरी) OA) = 5 सेमी

स्पर्श रेखा AB की लंबाई = 4 सेमी

वृत्त की त्रिज्या OB = ?



समकोण त्रिभुज AOB में, पैथागोरस प्रमेय से

$OA^2 = OB^2 + AB^2$

$5^2 = OB^2 + 4^2$

$5^2 - 4^2 = OB^2$

$25 - 16 = OB^2$

$OB^2 = 9$

$OB = \sqrt{9}$

$= 3cm$

प्रश्न 7 दो सकेंद्रिय वृत्तों की त्रिज्याएँ 5 सेमी तथा 3 सेमी है। बड़े वृत्त की उस जीवा की लंबाई ज्ञात कीजिए जो छोटे वृत्त को स्पर्श करती हो।

उत्तर-



दो संकेंद्री वृत्त जिसका केंद्र O है और बड़े वृत्त की जीवा AB है जो छोटे वृत्त को बिंदु M पर प्रतिच्छेद करती है।

त्रिज्याएँ क्रमश :AO = 5 सेमी और OM = 3 सेमी है।

$OM \perp AB OM \perp AB$ है। (चूँकि जीवा को केंद्र से मिलाने वाली रेखाखण्ड जीवा पर लंब होती है।(

अत :समकोण त्रिभुज AOM में, पाइथागोरस प्रमेय से,

$OA^2 = OM^2 + AM^2$

$5^2 = 3^2 + AM^2$

$5^2 - 3^2 = AM^2$

$25 - 9 = AM^2$

$AM^2 = 16$

$AM = \sqrt{16} = 4cm$

अत: $AB = 2 \times AM$

$= 2 \times 4 = 8$ सेमी

जीवा की लंबाई 8 सेमी है।

प्रश्न 8 एक वृत्त के परिगत एक चतुर्भज ABCD खींचा गया है (देखिए आकृति) सिद्ध कीजिए : AB + CD = AD + BC.



उत्तर- दिया है: ABCD एक O केंद्र वाले वृत्त के परिगत बना चतुर्भुज है। रेखाएँ AB, BC, CD और AD क्रमश :बिंदु P, Q, R और S पर स्पर्श करती हैं।

सिद्ध करना है: AB + CD = AD + BC

प्रमाण: P और S स्पर्श बिंदु हैं।



अत :AP = AS ..... (i) प्रमेय 10.2 से

(बाह्य बिंदु से खिंची गई स्पर्श रेखाएँ समान लंबाई की होती है।

इसी प्रकार,

BP = BQ ..... (ii)

CR = CQ ....(iii)

और DR = DS .... (iv)

समी०) i), (ii), (iii) और) iv) जोड़ने पर

AP + BP + CR + DR = AS + DS + BQ + CQ

AB + CD = AD + BC यही सिद्ध करना था।

प्रश्न 9 आकृति 10.13 में XY तथा X′Y′, O केंद्र वाले किसी वृत्त पर दो समांतर स्पर्श रेखाएँ हैं और स्पर्श बिन्दु C पर स्पर्श रेखा AB, XY को A तथा X′Y′ को B पर प्रतिच्छेद करती है। सिद्ध कीजिए की $\angle AOB = 90^\circ$ है।



उत्तर- दिया है: XY तथा X′Y′, O केंद्र वाले किसी वृत्त पर दो समांतर स्पर्श रेखाएँ हैं और स्पर्श बिन्दु C पर स्पर्श रेखा AB, XY को A तथा X′Y′ को B पर प्रतिच्छेद करती है।

सिद्ध करना है: $\angle AOB = 90^\circ$

प्रमाण:



$\triangle AOP$ और $\triangle AOC$

$PA = CA$ (भुजा) प्रमेय 10.2 से

$\angle APO = \angle ACO$ 90° प्रत्येक

$AO = AO$ उभयनिष्ठ कर्ण

RHS सर्वांगसमता नियम से

$\triangle AOP \cong \triangle AOP$

इसलिए $\angle PAO = \angle CAO$ (i) CPCT के द्वारा

$\triangle BOQ \cong \triangle BOC$

इसलिए $\angle QBO = \angle CBO$ (ii) CPCT के द्वारा

अब $XY||X'Y'$ दिया है।

इसलिए, $\angle PAC + \angle QBC = 180^\circ$ तिर्यक रेखा के एक ही ओर के अंत:कोणों का योग)

$(\angle PAO + \angle CAO) + (\angle QBO + \angle CBO) = 180^\circ$

$(\angle CAO + \angle CAO) + (\angle CBO + \angle CBO) = 180^\circ$ (समी॰ (i) तथा (ii) के प्रयोग से)

$2\angle CAO + 2\angle CBO = 180^\circ$

$2(\angle CAO + 2\angle CBO) = 180^\circ$

$\angle CAO + \angle CBO = \frac{180^\circ}{2}$

$\angle CAO + \angle CBO = 90^\circ \ldots (i)$

अब त्रिभुज AOB में,

$\angle AOB + \angle CAO + \angle CBO = 180^\circ$

$\angle AOB + 90^\circ = 180^\circ$

$\angle AOB = 180^\circ - 90^\circ$

$\angle AOB = 90^\circ$ के द्वारा

प्रश्न 10 सिद्ध कीजिए कि किसी बाह्य बिन्दु से किसी वृत्त पर खींची गई स्पर्श रेखाओं के बीच का कोण स्पर्श बिन्दुओं को मिलाने वाले रेखाखंड द्वारा केंद्र पर अंतरित कोण का संपूरक होता है।

उत्तर-दिया है: O केंद्र वाले वृत्त की की बाह्य बिंदु P से खिंची गई स्पर्श रेखाओं AP तथा BP है।

सिद्ध करना है: ∠AOB + ∠APB = 180°

प्रमाण:



$OA \perp AP$ और $OB \perp BP$ (चूँकि स्पर्श रेखा से केंद्र को मिलाने वाली रेखाखंड लंब होती है।)

अतः $\angle OAP = 90° \ldots\ldots (i)$

और $\angle OBP = 90° \ldots\ldots (ii)$

चूँकि APBO एक चतुर्भुज है इसलिए,

$\angle OAP + \angle AOB + \angle OBP + \angle APB = 360°$

$\Rightarrow 90° \angle AOB + 90° + \angle APB + 360°$

$\Rightarrow 180° \angle AOB + \angle APB = 360°$

$\Rightarrow \angle AOB + \angle APB = 360° - 180°$

$\Rightarrow \angle AOB + \angle APB = 180°$ के द्वारा

प्रश्न 11 सिद्ध कीजिए कि किसी वृत्त के परिगत समान्तर चतुर्भुज समचतुर्भुज होता है।

उत्तर- दिया है: ABCD एक O केंद्र वाले वृत्त के परिगत बना समांतर चतुर्भुज है। रेखाएँ AB, BC, CD और AD क्रमश :बिंदु P, Q, R और S पर स्पर्श करती हैं।

सिद्ध करना है: ABCD एक समचतुर्भुज है।



प्रमाण: चूँकि ABCD एक समांतर चतुर्भुज है इसलिए

AB = CD ......(i) (समांतर चतुर्भुज की सम्मुख भुजा(

इसी प्रकार, BC = AD .....(ii)

अब, P और S स्पर्श बिंदु हैं |

अत :AP = AS .....(iii) प्रमेय से

(बाह्य बिंदु से खिंची गई स्पर्श रेखाएँ समान लंबाई की होती है|)

इसी प्रकार,

BP = BQ ......(iv)

CR = CQ .....(v)

और DR = DS ......(vi)

समी० iii), (iv), (v) और) vi) जोड़ने पर

AP + BP + CR + DR = AS + DS + BQ + CQ

या AB + CD = AD + BC

या AB + AB = AD + AD समी० (i) तथा (ii) से

या 2AB = 2AD

या AB = AD ......(vii)

समीकरण (i), (ii) और (vii) से

AB = BC = CD = AD

अत :ABCD एक समचतुर्भुज है।

प्रश्न 12 4 सेमी त्रिज्या वाले एक वृत्त के परिगत एक त्रिभुज ABC इस प्रकार खींचा गया है की रेखाखंड BD और DC (जिनमें स्पर्श बिन्दु D द्वारा BC विभाजित है (की लंबाई क्रमशः 8 सेमी और 6 सेमी हैं) देखिए आकृति(। भुजाएँ AB और AC ज्ञात कीजिए।



उत्तर-



माना AF = AE = x सेमी (प्रमेय 10.2 से(

इसी प्रकार CD = CE = 6 सेमी

और BD = BF = 8 सेमी

अत :AB = 8 + x सेमी, BC = 8 + 6 = 14 सेमी और AC = 6 + x सेमी

OD = OF = OE = 4 सेमी (त्रिज्या(

अब त्रिभुज का क्षेत्रफल हेरॉन सूत्र से

a = 8 + x सेमी, b = 14 सेमी और c = 6 + x सेमी

$s = \frac{a+b+c}{2} = \frac{8+x+14+6+x}{2} = \frac{28+2x}{2}$

$s = \frac{2(14+x)}{2} = 14 + x$

$\triangle ABC$ का क्षेत्रफल $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$

$= \sqrt{(14+x)[14+x-(8+x)][14+x-14][14+x-(6+x)}$

$= \sqrt{(14+x)[14+x-8-x[x][14+x-6-x]}$

$\sqrt{(14+x)[6][x][8]}$

$\sqrt{48x(14+x)}cm^2 \ldots\ldots (i)$

$\triangle ABC$ का क्षेत्रफल $= ar(AOB) + ar(BOC) + ar(AOC)$

$= \frac{1}{2} \times AB \times OF + \frac{1}{2} \times BC \times OD + \frac{1}{2} \times AC \times OE$

$= \frac{1}{2} \times (AB \times OF \times BC \times OD \times AC \times OE)$

$= \frac{1}{2}(8 \times x \times 4 + 14 \times 4 + 6 + x + 4)$

$= \frac{1}{2} \times 4(8 + x + 14 + 6 + x)$

$= 2(28 + 2x)cm^2 \ldots\ldots (ii)$

समीकरण (i) और (ii) से चूँकि दोनों त्रिभुज ABC के क्षेत्रफल हैं।

$$\sqrt{48x(14+x)}\text{cm}^2 = 2(28+2x)\text{cm}^2$$

$$\Rightarrow 48x(14+x) = [2(28+2x)]^2$$

$$\Rightarrow 48x(14+x) = [4(14+x)]^2$$

$$\Rightarrow 48x(14+x) = [4 \times 4(14+x)(4+x)]$$

$\Rightarrow 48x = 16(14+x)$ सरल करने पर

$\Rightarrow 3x = (14+x)$ सरल करने पर

$$\Rightarrow 2x = 14$$

$$\Rightarrow x = 7$$

अत: भुजाएँ AB = 8 + 7 = 15 सेमी और AC = 6 + 7 = 13 सेमी

प्रश्न 13 सिद्ध कीजिए की वृत्त के परिगत बनी चतुर्भुज की आमने - सामने की भुजाएँ केंद्र पर संपूरक कोण अंतरित करती हैं।

उत्तर- दिया है: ABCD O केंद्र वाले एक वृत्त के परिगत बना चतुर्भुज है|

सिद्ध करना है: ∠AOB + ∠COD = 180°



प्रमाण: $\triangle AOP \cong AOR$ प्रमेय 10.2 से

$\angle 1 = \angle 2 \ldots\ldots (i)$ संगत भाग

इसी प्रकार,

$\angle 3 = \angle 4 \ldots\ldots (ii)$

$\angle 5 = \angle 6 \ldots\ldots (iii)$

$\angle 7 = \angle 8 \ldots\ldots (iv)$

अब $\angle 1 + \angle 2 + \angle 3 + \angle 4 + \angle 5 + \angle 6 + \angle 7 + \angle 8 = 360^\circ$

(केंद्र पर आंतरिक कोण)

$\angle 2 + \angle 2 + \angle 3 + \angle 3 + \angle 6 + \angle 6 + \angle 7 + \angle 7 = 360^\circ$

समीकरण (i) (ii) (iii) और (iv) के प्रयोग से

$2\angle 2 + 2\angle 3 + 2\angle 6 + 2\angle 7 = 360^\circ$

$2(\angle 2 + \angle 3 + \angle 6 + \angle 7) = 360^\circ$

$(\angle 2 + \angle 3 + \angle 6 + \angle 7) = \frac{360^\circ}{2}$

$\angle AOB + \angle COD = 180^\circ$ यह सिद्ध हुआ है।

रचनाएं

ज्यामितीय आकृतियों के निर्माण तथा उनसे सम्बन्धित नियमों का अध्ययन इस अध्याय के अंतर्गत विस्तार से समझाया गया है।

रेखाखंड का विभाजन

मान लीजिए कि एक रेखाखंड दिया है और आपको उसे एक दिए गए अनुपात, माना 3 : 2 में विभाजित करना है। आप इसकी लंबाई माप कर तथा दिए गए अनुपात के अनुसार एक बिंदु चिह्नित कर सकते हैं। परंतु यदि आपके पास इसे सही-सही मापने की कोई विधि न हो, तो आप इस बिंदु को कैसे प्राप्त करेंगे? इस प्रकार के बिंदु को प्राप्त करने के लिए, कई विधियाँ हैं।

एक रेखाखंड AB दिया है, हम इसको m : n के अनुपात में विभाजित करना चाहते हैं। प्रक्रिया को समझने में सहायता करने के लिए, हम m = 3 और n = 2 लेंगे।

रचना के चरणः

1. AB से न्यूनकोण बनाती कोई किरण AX खींचिए।
2. AX पर 5 (= m + n) बिंदु A_1, A_2, A_3, A_4 और A_5 इस प्रकार अंकित कीजिए कि $AA_1 = A_1A_2 = A_2A_3 = A_3A_4 = A_4A_5$ हो।
3. BA_5 को मिलाइए।
4. बिंदु A_3 (m = 3) से होकर जाने वाली A_5B के समांतर एक रेखा (A_3 पर $\angle AA_5B$ के बराबर कोण बनाकर) AB को एक बिंदु C पर प्रतिच्छेद करती हुई खींचिए।

तब, AC : CB = 3 : 2 है।

यह विधि कैसे हमें अभीष्ट विभाजन देती है।

क्योंकि A_3C, A_5B के समांतर है,

अतः $AA_3/A_3A_5 = AC/CB$ (आधारभूत समानुपातिकता प्रमेय द्वारा)

रचना से, $AA_3/A_3A = 3/2$ है।

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि बिंदु C, AB को 3 : 2 अनुपात में विभाजित करता है।

एक दिए गए त्रिभुज ABC के समरूप एक त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ त्रिभुज ABC की संगत भुजाओं की 5/3 हों (अर्थात् स्केल गुणक 5/3 है)।

एक त्रिभुज ABC दिया गया है। हमें एक त्रिभुज की रचना करनी है, जिसकी भुजाएँ Δ ABC की संगत भुजाओं की 5/3 हों।

रचना के चरणः

1. BC से शीर्ष A के दूसरी ओर न्यूनकोण बनाती हुई एक किरण BX खींचिए।

2. 5 (5/3 में 5 और 3 में से बड़ी संख्या) बिंदु B_1, B_2, B_3, B_4 और B_5, BX पर इस प्रकार अंकित कीजिए कि $BB_1 = B_1B_2 = B_2B_3 = B_3 = B_4B_5$ हो।

3. B_3 (तीसरा बिंदु, 5/3 में 5 और 3 में से छोटी संख्या) को C से मिलाइए और B_5 से होकर जाने वाली B_3C के समांतर एक रेखा, बढ़ाए गए रेखाखंड BC को C′ पर प्रतिच्छेद करती हुई खींचिए।

4. C′ से होकर जाने वाली CA के समांतर एक रेखा, बढ़ाने पर रेखाखंड BA को A′ पर प्रतिच्छेद करती हुई खींचिए।

तब, A′BC′ अभीष्ट त्रिभुज है।

रचना के औचित्य सिद्ध करने के लिए, ध्यान दीजिए

Δ ABC ~ Δ A′BC′ (कोण कोण कोण नियम से)

इसलिए, AB/A′B = AC/A′C′ = BC/BC′ है।

परंतु BC/BC′ = BB_3/BB_5 = 3/5 है।

इसलिए, BC′/BC = 5/3 है और इसीलिए A′B/AB = A′C′/AC = BC′/BC = 5/3 है।

किसी वृत्त पर स्पर्श रेखाओं की रचना



यदि कोई बिंदु वृत्त के अंदर स्थित है, तो इस बिंदु से जाने वाली वृत्त की कोई स्पर्श रेखा नहीं हो सकती है। परंतु यदि बिंदु वृत्त पर स्थित है, तो उस बिंदु पर वृत्त की एक और केवल एक स्पर्श रेखा होती है, जो उस बिंदु से जाने वाली त्रिज्या पर लंब होती है। अतः यदि आप वृत्त के किसी बिंदु पर स्पर्श रेखा खींचना चाहते हैं, तो केवल उस बिंदु से जाने वाली त्रिज्या खींचिए और उसी बिंदु पर इसकी लंब रेखा खींचिए। तब, यही अभीष्ट स्पर्श रेखा होगी। आपने यह भी देखा है कि यदि बिंदु वृत्त के बाहर स्थित है, तो इस बिंदु से वृत्त पर दो स्पर्श रेखाएँ होती हैं।

1. हमें एक वृत्त जिसका केंद्र O है तथा इसके बाहर एक बिंदु P दिए हुए हैं। हमें P से वृत्त पर दोनों स्पर्श रेखाएँ खींचनी हैं।

रचना के चरण

1. PO को मिलाइए और इसे समद्विभाजित करिए।

माना PO का मध्य बिंदु M है।

2. M को केंद्र मान कर तथा MO त्रिज्या लेकर एक वृत्त खींचिए। माना यह दिए गए वृत्त को Q और R पर प्रतिच्छेद करता है।

3. P को Q तथा R से मिलाइये।

तब, PQ और PR अभीष्ट दो स्पर्श रेखाएँ है।

आइए अब देखें कि इस रचना से हमें स्पर्श रेखाएँ किस प्रकार मिलती हैं। OQ को मिलाइए।

तब, $\angle PQO$ अर्धवृत्त में बना एक कोण है और इसीलिए $\angle PQO = 90^\circ$ है।

यहाँ हम कह सकते हैं कि $PQ \perp OQ$ है,

क्योंकि, OQ दिए वृत्त की त्रिज्या है, इसलिए PQ वृत्त की स्पर्श रेखा ही होगी। इसी प्रकार, PR भी वृत्त की स्पर्श रेखा है।

ध्यान देने योग्य बातें

यदि वृत्त का केंद्र नहीं दिया है, तो आप कोई दो असमांतर जीवाएँ लेकर तथा उनके लंब समद्विभाजकों के प्रतिच्छेद बिंदु के रूप में केंद्र ज्ञात कर सकते हैं। इसके बाद, आप उपर्युक्त रूप से आगे बढ़ सकते हैं।

- **किसी रेखाखंड (line segment) को दिए गए अनुपात(2:5) में विभाजित करना : -**
  - पहले दी गई रेखा (AB) से न्यूनकोण (acute angle) बनाती हुई एक रेखा (AX) खींचो जिसकी लम्बाई दोनों अनुपातों के योग(2 + 5 = 7)के बराबर होनी चाहिए।
  - खींची गई रेखा(AX) पर दोनों अनुपातों के योग (7) के बराबर बिंदु अंकित करो(A1, A2, A3, A4, A5, A6, A7) समान दूरियों पर (equidistant)।
  - खींची गई रेखा के अंतिम बिंदु (A7) को दी गई रेखा के बिंदु (B) से मिलाकर एक अन्य रेखा (BA7) खींचो।
  - दिए गए अनुपात (ratio) में से पहले अनुपात (2 = A2) से अन्य रेखा (BA7) के समांतर (parallel) एक रेखा खींचो और दी गई रेखा(AB) पर कोई बिंदु(C) अंकित करो।
  - दी गई रेखा अभीष्ट अनुपात में विभाजित हो गई है। (AB:BC = 2:5)



- **किसी रेखाखंड को दिए गए अनुपात (2:5) में विभाजित करना (वैकल्पिक विधि द्वारा)**
    - दिए गए रेखाखंड (AB) से न्यूनकोण (<BAX) बनाती हुई एक रेखा (AX) और दूसरा न्यूनकोण (<ABY) बनाती हुई अन्य रेखा (BY) खींचो।
    - पहले रेखाखंड (AX) पर पहले अनुपात (2) के बराबर, समान दूरियों पर बिंदु (A1, A2) अंकित करो।
    - दूसरे रेखाखंड (BY) पर दूसरे अनुपात (5) के बराबर, समान दूरियों पर बिंदु (B1, B2, B3, B4, B5) अंकित करो।
    - पहले रेखाखंड (AX) और दूसरे रेखाखंड (BY) के अंतिम बिंदुओं (A2 और B5) को मिलाओ।
    - रेखाखंड (A2B5) और दिए गए रेखाखंड (AB) के प्रतिच्छेद बिंदु (intersecting point) को (C) अंकित करो।
    - दी गई रेखा अभीष्ट अनुपात में विभाजित हो गई है। (AB:BC = 2:5)

- **स्केल गुणक (scale factor) -** दिए गए त्रिभुज और जिस त्रिभुज की रचना की जानी है उसकी भुजाओं (sides) के अनुपात को स्केल गुणक कहते हैं।

- **स्केल गुणक (2/3) के अनुसार दिए गए त्रिभुज (ABC) के समरूप (similar) त्रिभुज की रचना करना : -**
    - दिए गए त्रिभुज के आधार (base) (BC) से शीर्ष (vertice) (A) के दूसरी ओर न्यूनकोण बनाती हुई एक किरण (ray) (BX) खींचो।
    - किरण (BX) पर 3 बिंदु (2/3 में 3 बड़ा है) समान दूरियों पर अंकित करो B1, B2, B3
    - किरण के अंतिम बिंदु (B3) को आधार (BC) से मिलाकर रेखा (B3C) खींचो फिर रेखा (B3C) के समांतर बिंदु (B2) से (2/3 में 2 छोटा) एक रेखा (B2C') खींचो।
    - बिंदु (C') से रेखा (CA) के समांतर एक रेखा (C'A') खींचो।
    - Δ A'BC' ~ Δ ABC

- वृत्त (circle) के बाहर स्थित किसी बिंदु (L) से वृत्त पर स्पर्श रेखाओं (tangent line) की रचना करना : -

- दिए गए बिंदु (L) को वृत्त के केंद्र (O) से मिलाओ और OL को समद्विभाजित (bisect) करो।
- OL के मध्य बिंदु (midpoint) (S) को केंद्र (center) और OS को त्रिज्या (radius) मानकर एक अन्य वृत्त की रचना (construction) करो और प्रतिच्छेद बिंदुओं के नाम लिखो (P और Q)
- दिए गए बिंदु (L) को बिंदुओं (P और Q) से मिलाओ।
- LP और LQ अभीष्ट स्पर्श रेखाएँ हैं।

Example:

7.6 cm लंबा एक रेखाखंड खींचिए और इसे 5: 8 अनुपात में विभाजित कीजिए | दोनों को मापिए

हल: रचना के पद

I. एक रेखाखंड AB = 7.6 सेमी खींचो।

II. एक किरण AX खींचो जो AB के साथ एक न्यून कोण बनाए।

III. किरण AX पर (8 + 5) = 13 समान खंड काटो और उन्हें $X_1, X_2, X_3, X_4, \ldots, X_{13}$ से अंकित करो।

IV. X_{13} को B से मिलाओ।

V. X_5 से $X_6C \parallel X_{13}B$ खींचो जो AB को C पर मिले।



इस प्रकार बिन्दु C रेखाखंड AB को 5 : 8 अनुपात में विभाजित करता है।

दोनों रेखाखंडों को मापने पर, हमें प्राप्त होता है AC = 4.7 सेमी., BC = 2.9 सेमी

इस प्रकार बिन्दु C रेखाखंड AB को 5 : 8 अनुपात में विभाजित करता है।
दोनों रेखाखंडों को मापने पर, हमें प्राप्त होता है AC = 4.7 सेमी., BC = 2.9 सेमी

सत्यापन: ΔABX_{13} और ΔACX_5 में हमें प्राप्त होता है:

$$C_5 \parallel B_{13}$$

$$\therefore \quad \frac{AC}{CB} = \frac{A_5}{X_5X_{13}} = \frac{5}{8}$$

$$\Rightarrow \quad AC : CB = 5 : 8.$$

4cm, 5cm और 6cm भुजाओं वाले एक त्रिभुज की रचना कीजिए और फिर इसके समरूप एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ दिए हुए त्रिभुज की संगत भुजाओं की 2/3 गुनी हों |

हल:



रचना के पद

I. एक ΔABC की रचना इस प्रकार करो कि BC = 6 सेमी, AC = 5 सेमी और AB = 4 समी है।

II. एक किरण BX इस प्रकार खींचो की $\angle CBX$ एक न्यून कोण हो।

III. BX पर तीन बिन्दु X_1, X_2, और X_3 इस प्रकार अंकित करो कि

$BX_1 = X_1X_2 = X_2X_3$

IV. X_3 और C को मिलाओ।

V. X_2 से एक रेखा X_3C के समान्तर खींचो जो BC को C पर काटे।

VI. C से एक रेखा CA के समान्तर खींचो जो BA को A' पर मिले।

इस प्रकार अभिष्ठ त्रिभुज ABC' है।

सत्यापनः रचना से हमें प्राप्त होता है किः

$$X_3C \parallel X_2C' \Rightarrow \frac{BX_2}{X_2X_3} = \frac{BC'}{C'C}$$

$$\text{परन्तु} \quad \frac{BX_2}{X_2X_3} = \frac{2}{1} \Rightarrow \frac{BC'}{C'C} = \frac{2}{1}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{C'C}{BC'} = \frac{1}{2}$$

दोनों ओर 1 जोड़ने पर

$$\frac{C'C}{BC'} + 1 = \frac{1}{2} + 1$$

$$\Rightarrow \quad \frac{C'C + BC'}{BC'} = \frac{1+2}{2} \Rightarrow \frac{BC}{BC'} = \frac{3}{2}$$

अब, $\Delta BC'A'$ और ΔBCA में,

$$CA \parallel C'A'$$

AA समरूपता से, हमें प्राप्त होता है:

$$\Delta BC'A' \sim \Delta BCA$$

$$\Rightarrow \quad \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} \quad \left[\text{प्रत्येक} = \frac{2}{3}\right]$$

5 cm, 6cm और 7cm भुजाओं वाले एक त्रिभुज की रचना कीजिए और फिर एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ दिए हुए त्रिभुज की संगत भुजाओं की 7/5 गुनी हो|

हलः

रचना के पद

I. एक त्रिभुज ABC की रचना इस प्रकार कीजिए जिसमें AB = 5 सेमी., BC = 7 सेमी. और AC = 6 सेमी. है।



II. एक किरण BX इस प्रकार खींचो की ∠CBX एक न्यून कोण हो।

III. BX पर 7 बिन्दु $X_1, X_2, X_3, X_4, \ldots, X_7$ अंकित करो।

IV. X_5 और C को मिलाओ।

V. बिन्दु X_7 से $X_5C \parallel X_7C'$ खींचो जो BC (बढ़ाने पर) को C पर काटे।

VI. C' से CA के समान्तर एक रेखा खींचो जो BA (बढ़ाने पर) को A' पर काटे।

इस प्रकार ΔABC अभीष्ठ त्रिभुज है।

सत्यापनः रचना से, हमें प्राप्त होता है कि

C'A' || CA

AA' समरूपता से हमें प्राप्त होता है:

ΔABC ~ ΔA'B'C'

$$\frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} \text{ तथा } X_7C' \parallel X_5C$$

[रचना द्वारा]

$$\therefore \quad \Delta BX_7C' \sim \Delta BX_5C \Rightarrow \frac{BC}{BC'} = \frac{BX_5}{BX_7}$$

$$\therefore \quad \frac{BX_5}{BX_7} = \frac{5}{7}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{BC}{BC'} = \frac{5}{7} \text{ or } \frac{BC'}{BC} = \frac{7}{5}$$

$$\therefore \quad \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} = \frac{7}{5}.$$

आधार 8cm तथा ऊँचाई 4cm के एक समद्विबाहू त्रिभुज की रचना कीजिए और फिर एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए जिसकी भुजाएँ इस समद्विबाहू त्रिभुज की संगत भुजाओं की 1,1/2 गुनी हों|

हलः

रचना के पद

I. BC = 8 सेमी खींचो।

II. BC का लम्ब समद्विभाजक खींचो जो BC को D पर काटे।

III. उक्त लम्ब पर एक बिन्दु A इस प्रकार अंकित करो कि DA = 4 सेमी.

IV. AB और AC को मिलाओ। इस प्रकार ΔABC वांछित समद्विबाहु A है।

V. अब, एक किरण BX इस प्रकार खींचो कि ∠X एक न्यून कोण हो।

VI. BX पर तीन बिन्दु X_1, X_2, X_3 इस प्रकार
अंकित करो किः

$BX_1 = X_1X_2 = X_2X_3$

VII. X_2 और C को मिलाओ।

VIII. X_3 से एक रेखा B2C के समान्तर खींचो जो BC (बढ़ाने पर) को C पर काटे।

IX. C' से एक रेखा CA के समान्तर खींचो जो BA (बढ़ाने पर) को A' पर काटे।

इस प्रकार ΔA'B'C' अभीष्ठ त्रिभुज है।



सत्यापन: हमें प्राप्त है कि:

$C'A' \parallel CA$ [रचना से]

$\therefore$ AA समरूपता से, $\Delta ABC \sim \Delta A'BC'$

$$\Rightarrow \quad \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC'}$$

चूँकि, $X_3C' \mid X_2C$ [रचना से]

$$\Rightarrow \quad \Delta BX_3C' \sim \Delta BX_2C$$

$$\Rightarrow \quad \frac{BC'}{BC} = \frac{BX_3}{BX_2} \quad \text{[By BTP]}$$

परन्तु $\dfrac{BX_3}{BX_2} = \dfrac{3}{2}$

$$\Rightarrow \quad \frac{BC'}{BC} = \frac{3}{2}$$

इस प्रकार, $\dfrac{A'B}{AB} = \dfrac{A'C'}{AC} = \dfrac{BC'}{BC} = \dfrac{3}{2}.$

एक त्रिभुज ABC बनाइए जिसमें BC = 6 cm, AB = 5 cm और angle = 60o हो | फिर एक त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ त्रिभुज ABC की संगत भुजाओं की 3/4 गुनी हों|

हल:

रचना के पद

I. एक त्रिभुज ABC की रचना इस प्रकार करो कि: BC = 6 सेमी, AB = 5 सेमी और $\angle ABC = 60°$.

II. एक किरण BX इस प्रकार खींचो कि $\angle CBX$ एक न्यून कोण हो।

III. BX पर चार बिन्दु X_1, X_2, X_3 और X_4 इस प्रकार अंकित करो कि $BX_1 = X_1X_2 = X_2X_3 = X_3X_4$

IV. X_4C को मिलाओ।

V. $X_3C' \parallel X_4C$ खींचो जो कि BC को C' पर काटे।

VI. एक अन्य रेखा C' से CA के समान्तर खींचो जो BA को A' पर काटे।



इस प्रकार $\Delta A'BC'$ अभीष्ठ त्रिभुज है।

सत्यापन: रचना से हमें प्राप्त है कि:

$$X_4C \parallel X_3C' \qquad \textbf{[BPT प्रमेय से]}$$

$$\therefore \quad \frac{BX_3}{BX_4} = \frac{BC'}{BC} \quad \text{परन्तु} \quad \frac{BX_3}{BX_4} = \frac{3}{4}$$

[रचना से]

$$\Rightarrow \quad \frac{BC'}{BC} = \frac{3}{4} \qquad ...(1)$$

अब, हमें प्राप्त है कि:

$$CA \parallel C'A' \qquad \text{[रचना से]}$$

$$\therefore \quad \Delta BC'A' \sim \Delta BCA \qquad \textbf{[AA समरूपता से]}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} = \frac{3}{4}. \qquad \textbf{[(1) से]}$$

एक त्रिभुज ABC बनाइए, जिसमें BC = 7 cm, angle B = 45° , angle A = 105° हो| फिर एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ त्रिभुज ABC की संगत भुजाओं की 4/3 गुनी हों |

हल:

रचना के पद



I. एक ΔABC की रचना इस प्रकार करो कि BC = 7 सेमी, ∠B = 45° और ∠A = 105° हो।

II. एक किरण BX इस प्रकार खींचो कि ∠CBX एक न्यून कोण हो।

III. BX पर चार बिन्दु X_1, X_2, X_3 और X_4 इस प्रकार अंकित करो कि:

$BX_1 = X_1X_2 = X_2X_3 = X_3X_4$ हो।

IV. X_3 और C को मिलाओ।

V. $X_4C' \parallel X_3C$ इस प्रकार खींचो कि C', BC (बढ़ाने पर) को मिले।

VI. C' से CA के समान्तर एक रेखा खींचो जो BA (बढ़ाने पर) को A' पर मिले।

इस प्रकार ΔABC अभीष्ठ त्रिभुज है।

सत्यापन: रचना से हमें प्राप्त है कि:

$C'A' \parallel CA$

$\therefore \quad \Delta ABC \sim \Delta A'BC'$ [**AA समरूपता से**]

$$\Rightarrow \quad \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} \qquad ...(1)$$

पुनः रचना से,

$X_4C' \parallel X_3C$

$\therefore \quad \Delta BX_4C' \sim \Delta BX_3C$

$$\Rightarrow \quad \frac{BC'}{BC} = \frac{BX_4}{BX_3}$$

परन्तु $\quad \dfrac{BX_4}{BX_3} = \dfrac{4}{3} \Rightarrow \dfrac{BC'}{BC} = \dfrac{4}{3} \qquad ...(2)$

(1) और (2) से, हमें प्राप्त है कि:

$$\Rightarrow \quad \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} = \frac{4}{3}$$

एक समकोण त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ (कर्ण के अतिरिक्त) 4 cm तथा 3 cm लंबाई की हों | फिर एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ दिए हुए त्रिभुज की संगत भुजाओं की 5/3 गुनी हों |

हलः रचना के पद

I. एक ΔABC की रचना इस प्रकार करो कि $\angle B = 90°$, $BC = 4$ सेमी और $BA = 3$ सेमी हो।

II. एक किरण BX इस प्रकार खींचो कि $\angle CBX$ एक न्यून कोण हो।

III. BX पर पाँच बिन्दु X_1, X_2, X_3, X_4 और X_5

इस प्रकार खींचो कि: $BX_1 = X_1X_2 = X_2X_3 = X_3X_4 = X_4X_5$ हो।

IV. X_3 और C को मिलाओ।

V. X_5 से X_3C के समान्तर एक रेखा खींचो जो BC को बढ़ाने पर C' पर काटे।

VI. एक अन्य रेखा C' से CA के समान्तर खींचो जो BA को बढ़ाने पर A' पर मिले।।

इस प्रकार $\Delta A'B'C'$ अभीष्ट त्रिभुज है।



सत्यापन: रचना से, हमें प्राप्त है कि:

$C'A' \parallel CA$

$\therefore \quad \Delta ABC \sim \Delta A'BC'$ **[AA समरूपता से]**

$$\Rightarrow \quad \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C}{AC} = \frac{BC'}{BC} \qquad ...(1)$$

पुन: $X_5C' \parallel X_3C$ [रचना से]

$\therefore \quad \Delta BX_5C' \sim \Delta BX_3C$

$$\Rightarrow \quad \frac{BC'}{BC} = \frac{BX_5}{BX_3}$$

परन्तु $\dfrac{BX_5}{BX_3} = \dfrac{5}{3}$ ...(2)

(1) और (2) से, हमें प्राप्त होता है :

$$\frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} = \frac{5}{3}$$

6 cm त्रिज्या का एक वृत्त खींचिए | केंद्र से 10 cm दूरी स्थित एक बिन्दु से वृत्त पर स्पर्श रेखा युग्म की रचना कीजिए और उनकी लंबाइयाँ मापिए |

हलः

रचना के पद

I. एक बिन्दु 0 अंकित करो।

II. केन्द्र O और त्रिज्या 6 सेमी से एक वृत्त खींचो।

III. केन्द्र से 10 सेमी की दूरी पर एक बिन्दु P अंकित करो।

IV. O और P को मिलाओ।

V. OP को M पर समद्विभाजित करो।

VI. बिन्दु M को केन्द्र लेकर MO या MP के समान त्रिज्या से एक वृत्त खींचो जो दिए गये वृत्त को A और B पर काटे।

VII. PA और PB को मिलाओ। इस प्रकार, PA और PB दो अभिष्ठ स्पर्श रेखाएँ हैं। मापने पर, PA = PB = 9.6 सेमी.



सत्यापनः OA और OB को मिलाओ चूँकि OP एक व्यास है।

$\angle OAP = 90°$; $\angle OBP = 90°$ [अर्धवृत्त में बने कोण]

पुनः OA और OB एक ही वृत्त की त्रिज्याएँ हैं।

PA और PB वृत्त पर स्पर्श रेखाएँ है।

4 cm त्रिज्या के एक वृत्त पर 6 cm त्रिज्या के एक सकेंद्रीय वृत्त के किसी बिन्दु से एक स्पर्श रेखा की रचना कीजिए और उसकी लंबाई मापिए | परिकलन से इस माप की जाँच भी कीजिए |

हलः

रचना के पद

I. 4 सेमी और 6 सेमी त्रिज्या के दो वृत्त एक ही केन्द्र O से खींचो।

II. बड़े वृत्त पर एक बिन्दु P अंकित करो।

III. O और P को मिलाओ।

IV. OP का लम्ब समद्विभाजक M ज्ञात करो।

V. Mको केन्द्र और OM या PM के समान त्रिज्या से एक वृत्त खींचो जो छोटे वृत्त को A और B पर काटे।

VI. A और P को मिलाइए।

इस प्रकार PA अभीष्ठ स्पर्श रेखा है। मापने पर, PA = 4.5 सेमी



सत्यापनः O और A को मिलाओ।

$\angle PAO = 90°$ [अर्धवृत्त में बना कोण]

$PA \perp OA$

OA, छोटे वृत्त की त्रिज्या है।

छोटे वृत्त पर PA एक स्पर्श रेखा है।

3 cm त्रिज्या का एक वृत्त खींचिए | इसके किसी भी बढाए गए व्यास पर केंद्र से 7 cm की दूरी पर स्थित दो बिन्दु P और Q लीजिए | इन दोनों बिन्दुओं से वृत्त पर स्पर्श रेखाएँ खींचिए |

हलः

रचना के पद

I. केन्द्र O और त्रिज्या 3 सेमी का एक वृत्त खींचो।

II. उक्त वृत्त के व्यास को बढ़ाकर, इस पर दो बिन्दु P और 9 इस प्रकार अंकित कीजिए किः

OP = OQ = 7 सेमी

III. OP और OQ के मध्य बिन्दु क्रमशः M1 और M2 ज्ञात कीजिए।



IV. M_1 को केन्द्र व M_1P को त्रिज्या मानकर एक वृत्त खींचो जो वृत्त को A और B पर काटे।

V. PA और PB को मिलाओ। PA और PB अभीष्ट स्पर्श रेखाएँ हैं।

VI. अब OQ के मध्य बिन्दु M_2 और M_2O के समान त्रिज्या लेकर वृत्त खींचो जो दिए गये वृत्त को C और D पर काटे।

VII. OC और OD को मिलाओ। इस प्रकार OQ और QD अभीष्ट स्पर्श रेखाएँ हैं।

सत्यापनः OA को मिलाओ।

$\angle OAP = 90°$

$PA \perp OA$

PA एक स्पर्श रेखा है।

इस प्रकार, $PB \perp OA$

PB एक स्पर्श रेखा है।

अब, OC को मिलाने पर

$\angle OCQ = 90°$

$QC \perp OC$

QC एक स्पर्श रेखा है।

इसी प्रकार, $QD \perp OC$ = QD एक स्पर्श रेखा है।

5 cm त्रिज्या के एक वृत्त पर ऐसी दो पार्ष रेखाएँ खींचिए, जो परस्पर 60° के कोण पर झुकी हों |

हलः

रचना के पद

I. केन्द्र O और त्रिज्या = 5 सेमी से दिये गये वृत्त की रचना करो।

II. $\angle AOB = 120°$ बनाओ।

III. बिन्दु A से OA पर एक लम्ब खींचो।

IV. B से एक लम्ब OB पर खींचो।

V. उक्त लम्बों को C पर मिलने दो।

इस प्रकार CA तथा CB वृत्त की अभीष्ठ स्पर्श रेखाएँ है, जो परस्पर 60° पर झुकी हुई हैं।



सत्यापनः चतुर्भुज OACB में, कोण-योग-गुण से

$120° + 90° + 90° + \angle ACB = 360°$

$\Rightarrow 300° + \angle ACB = 360°$

$\Rightarrow \angle ACB = 360° - 300° = 60°$

8 cm लंबा एक रेखाखंड AB खींचिए | A को केंद्र मान कर 4 cm त्रिज्या का एक वृत्त तथा B को केंद्र लेकर 3 cm त्रिज्या का एक अन्य वृत्त खींचिए | प्रत्येक वृत्त पर दूसरे वृत्त के केंद्र से स्पर्श रेखाओं की रचना कीजिए |

हल:

रचना के पद

I. A और B को मिलाओ।

II. AB का लम्बसमद्विभाजक ज्ञात करो। माना AB का मध्य बिन्दु M है।

III. केन्द्र M और त्रिज्या = MA या MB लेकर एक वृत्त खींचो जो केन्द्र A वाले वृत्त को P और Q पर काटे, तथा केन्द्र B वाले वृत्त को R और S पर काटे।

IV. BP और BQ को मिलाओ। इस प्रकार, BP तथा BQ केन्द्र A वाले वृत्त पर B से अभीष्ठ स्पर्श रेखाएँ है।

V. अब, RA और SA को मिलाओ।

इस प्रकार, केन्द्र B वाले वृत्त पर A से स्पर्श रेखाएँ RA तथा SA हैं।



सत्यापनः A और P को मिलाने पर,

$\angle APB = 90°$

$BP \perp AP$

परन्तु AP, केन्द्र A वाले वृत्त की त्रिज्या है।

केन्द्र A वाले वृत्त पर AP एक स्पर्श रेखा है।

इसी प्रकार, BQ भी केन्द्र A वाले वृत्त पर एक स्पर्श रेखा है। केन्द्र B वाले वृत्त पर भी उक्त प्रकार से AR और AS स्पर्श रेखाएँ हैं।

माना ABC एक समकोण त्रिभुज है, जिसमें AB = 6 cm, BC cm तथा angle =B = 90° है | B से AC पर BD लंब है | बिन्दुओं B,C,D से होकर जाने वाला एक वृत्त खींचा गया है | A से इस वृत्त प[पर स्पर्श रेखा की रचना कीजिए |

हलः रचना के पद

I. AB = 6 सेमी, BC = 8 सेमी तथा ∠B = 90° मापों से ΔABC की रचना करो।

II. BD ⊥ AC खींचो।

III. B, C और D से होकर एक वृत्त खींचो।

IV. AO को मिलाओ।

V. AO को M पर समद्विभाजित करो।

VI. केन्द्र M और त्रिज्या MA लेकर एक वृत्त खींचो जो दिये गये वृत्त को B और E पर काटता है।

VII. AB और AE को मिलाओ।

इस प्रकार बिन्दु A से दिए गये वृत्त पर AB और AE स्पर्श रेखाएँ हैं।



सत्यापनः OE को मिलाने पर,

∠AEO = 90° [अर्धवृत्त में बनी कोण]

AE ⊥ OE

परन्तु OE, दिए गये वृत्त की एक त्रिज्या है।

AE वृत्त की एक स्पर्श रेखा है।

इसी प्रकार, AB भी दिए गये वृत्त की एक स्पर्श रेखा है।

किसी चूड़ी की सहायता से एक वृत्त खींचिए | वृत्त के बाहर एक बिन्दुओं लीजिए | इस बबिन्दु से वृत्त पर स्पर्श रेखाओं की रचना कीजिए |

हलः रचना के पद

I. चूड़ी की सहायता से दिए गये वृत्त की रचना करो।

II. दिए गये वृत्त में दो असमान्तर जीवाएँ PQ और RS खींचो।

III. P और RS के लम्बसमद्विभाजक खींचो जो परस्पर बिन्दु O पर प्रतिच्छेद करे। इस प्रकार बिन्दु O दिए गये वृत्त का केन्द्र है।

IV. दिए गये वृत्त के बाहर एक बिन्दु P लो।

V. OP को मिलाओ।

VI. OP का मध्य बिन्दु M अंकित करो।

VII. केन्द्र M और त्रिज्या-OM से एक वृत्त खींचो, जो दिए गये वृत्त को A और B पर काटे।।

VIII. PA और PB को मिलाओ।

इस प्रकार PA और PB स्पर्श रेखाएँ हैं।



सत्यापनः OA और OB को मिलाने पर,

$\angle OAP = 90°$, $\angle OBP = 90°$ [अर्धवृत्त में बने कोण]

$PA \perp OA$ तथा $PB \perp OB$

PA, दिए गये वृत्त पर एक स्पर्श रेखा है तथा PB, दिए गये वृत्त पर दूसरी स्पर्श रेखा है।

NCERT SOLUTIONS
प्रश्नावली 11.1 (पृष्ठ संख्या 242)

प्रश्न 1 निम्न में से प्रत्येक के लिए रचना का औचित्य भी दीजिए:

7.6 सेमी लंबा एक रेखाखंड खींचिए और इसे 5 : 8 अनुपात में विभाजित कीजिए। दोनों भागों को मापिए।

उत्तर-

रचना के पद

i. एक रेखाखंड AB = 7.6 सेमी खींचो।
ii. एक किरण AX खींचो जो AB के साथ एक न्यून कोण बनाए।
iii. किरण AX पर (8 + 5) = 13 समान खंड काटो और उन्हें $X_1, X_2, X_3, X_4, \ldots, X_{13}$ से अंकित करो।
iv. X_{13} को B से मिलाओ।
v. X_5 से $X_6C \parallel X_{13}B$ खींचो जो AB को C पर मिले।



इस प्रकार बिन्दु C रेखाखंड AB को 5 : 8 अनुपात में विभाजित करता है।

दोनों रेखाखंडों को मापने पर, हमें प्राप्त होता है AC = 4.7 सेमी., BC = 2.9 सेमी

सत्यापन △ABX13 और △ACX5 में हमें प्राप्त होता है।

$$C_5 || B_{13}$$

$$\therefore \frac{AC}{CB} = \frac{A_5}{X_5X_{13}} = \frac{8}{5}$$

$$\Rightarrow AC : CB = 5 : 8$$

प्रश्न 2 निम्न में से प्रत्येक के लिए रचना का औचित्य भी दीजिए:

4 सेमी 5 सेमी और 6 सेमी भुजाओं वाले एक त्रिभुज की रचना कीजिए और फिर इसके समरूप एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ दिए हुए त्रिभुज की संगत भुजाओं की $\frac{2}{3}$ गुनी हों।

उत्तर-



रचना के पद

i. एक △ABC की रचना इस प्रकार करो कि BC = 6 सेमी, AC = 5 सेमी और AB = 4 सेमी है।
ii. एक किरण BX इस प्रकार खींचो की ∠CBX एक न्यून कोण हो।
iii. BX पर तीन बिन्दु X_1, X_2, और X_3 इस प्रकार अंकित करो कि $BX_1 = X_1X_2 = X_2X_3$
iv. X_3 और C को मिलाओ।
v. X_2 से एक रेखा X_3C के समान्तर खींचो जो BC को C पर काटे।
vi. C से एक रेखा CA के समान्तर खींचो जो BA को A′ पर मिले।

इस प्रकार अभिष्ठ त्रिभुज ABC′ है।

सत्यापनः रचना से हमें प्राप्त होता है किः

$$X_3C||X_3C$$

$$\Rightarrow \frac{BX_2}{X_2X_3} = \frac{BC'}{C'C}$$

परन्तु $\Rightarrow \frac{BX_2}{X_2X_3} = \frac{2}{1} = \frac{BC'}{C'C} = \frac{2}{1}$

$$\Rightarrow \frac{C'C}{BC'} = \frac{1}{2}$$

दोनों और 1 जोड़ने पर

$$\frac{C'C}{BC} + 1 = \frac{1}{2} + 1$$

$$\Rightarrow \frac{C'C+BC'}{BC'} = \frac{1+2}{2}$$

$$\Rightarrow \frac{BC}{BC'} = \frac{3}{2}$$

अब $\triangle BC'A'$ और $\triangle BCA$ में

$$CA||C'A'$$

AA समरूपता से हमें प्राप्त हुआ है।

$$\triangle BC'A' \sim \triangle BCA$$

$$\Rightarrow \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC}$$

प्रत्येक $= \frac{2}{3}$

प्रश्न 3 निम्न में से प्रत्येक के लिए रचना का औचित्य भी दीजिए:

5 सेमी, 6 सेमी और 7 सेमी भुजाओं वाले एक त्रिभुज की रचना कीजिए और फिर एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ दिए हुए त्रिभुज की संगत भुजाओं की $\frac{7}{5}$ गुनी हो।

उत्तर-



i. एक त्रिभुज ABC की रचना इस प्रकार कीजिए जिसमें AB = 5 सेमी., BC = 7 सेमी. और AC = 6 सेमी. है।
ii. एक किरण BX इस प्रकार खींचो की ∠CBX एक न्यून कोण हो।
iii. BX पर 7 बिन्दु X_1, X_2, X_3, X_4, ..., X_7 अंकित करो।
iv. X_5 और C को मिलाओ।
v. बिन्दु X_7 से $X_5C \parallel X_7C'$ खींचो जो BC (बढ़ाने पर) को C पर काटे।
vi. C′ से CA के समान्तर एक रेखा खींचो जो BA (बढ़ाने पर) को A′ पर काटे।

इस प्रकार $\triangle ABC$ अभीष्ठ त्रिभुज है।

सत्यापनः रचना से, हमें प्राप्त होता है कि C′A′ || CA AA′ समरूपता से हमें प्राप्त होता है:

$$\triangle ABC \sim \triangle A'B'C'$$

$$\frac{A'B}{AB} = \frac{A'C}{AC} = \frac{BC'}{BC} \text{ तथा } X_7C' || X_5C$$

[रचना द्वारा]

$$\therefore \triangle BX_7C' \sim \triangle BX_5C$$

$$\Rightarrow \frac{BC}{BC'} = \frac{BX_5}{BX_7}$$

$$\therefore \frac{BX_5}{BX_7} = \frac{5}{7}$$

$$\Rightarrow \frac{BC}{BC'} = \frac{5}{7} = \frac{BC'}{BC} = \frac{7}{5}$$

$$\therefore \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} = \frac{7}{5}$$

प्रश्न 4 निम्न में से प्रत्येक के लिए रचना का औचित्य भी दीजिए:

आधार 8 सेमी तथा ऊँचाई 4 सेमी के एक समद्विबाहु त्रिभुज की रचना कीजिए और फिर एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए जिसकी भुजाएँ इस समद्विबाहु त्रिभुज की संगत भुजाओं की $1\frac{1}{2}$ गुनी हों।

उत्तर-

रचना के पद

i. BC = 8 सेमी खींचो।
ii. BC का लम्ब समद्विभाजक खींचो जो BC को D पर काटे।
iii. उक्त लम्ब पर एक बिन्दु A इस प्रकार अंकित करो कि DA = 4 सेमी.
iv. AB और AC को मिलाओ। इस प्रकार $\triangle ABC$ वांछित समद्विबाहु A है।
v. अब, एक किरण BX इस प्रकार खींचो कि $\angle X$ एक न्यून कोण हो।
vi. इस प्रकार$_3$, X_2, X_1 पर तीन बिन्दु XBX अंकित करो कि:
$_3X_2 = X_2X_1 = X_1BX$
vii. X_2 और C को मिलाओ।
viii. X_3 से एक रेखा B2C के समान्तर खींचो जो BC (बढ़ाने पर) को C पर काटे।
ix. C′ से एक रेखा CA के समान्तर खींचो जो BA (बढ़ाने पर) को A′ पर काटे।
इस प्रकार $\triangle A'B'C'$ अभीष्ठ त्रिभुज है।



सत्यापन: हमें प्राप्त है की:

$C'A' || CA$ [रचना से]

$\therefore$ AA अमरूपता से $\triangle ABC \sim \triangle A'BC'$

$\Rightarrow \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C}{AC} = \frac{BC'}{BC'}$

चूँकि $X_3C' | X_2C$ [रचना से]

$\Rightarrow \triangle BX_3C' \sim \triangle BX_2C$

$\Rightarrow \frac{BC'}{BC} = \frac{BX_3}{BX_2}$

परन्तु $= \frac{BX_3}{BX_2} = \frac{3}{2}$

$= \frac{BC'}{BC} = \frac{3}{2}$

इस प्रकार $\frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} = \frac{3}{2}$

प्रश्न 5 निम्न में से प्रत्येक के लिए रचना का औचित्य भी दीजिए:

एक त्रिभुज ABC बनाइए जिसमें BC = 6 सेमी, AB = 5 सेमी और ∠ABC = 60° हो| फिर एक त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ त्रिभुज △ABC की संगत भुजाओं की $\frac{3}{4}$ गुनी हों।

उत्तर-

रचना के पद

i. एक त्रिभुज ABC की रचना इस प्रकार करो कि: BC = 6 सेमी, AB = 5 सेमी और ∠ABC = 60°.
ii. एक किरण BX इस प्रकार खींचो कि ∠CBX एक न्यनू कोण हो।
iii. BX पर चार बिन्दु X_1, X_2, X_3 और X_4 इस प्रकार अंकित करो कि $BX_1 = X_1X_2 = X_2X_3 = X_3X_4$
iv. X_4C को मिलाओ।
v. $X_3C' \parallel X_4C$ खींचो जो कि BC को C′ पर काटे।
vi. एक अन्य रेखा C′ से CA के समान्तर खींचो जो BA को A′ पर काटे।



इस प्रकार $\triangle A'BC'$ अभीष्ट त्रिभुज है।

सत्यापन: रचना से हमें प्राप्त है की:

$X_4C || X_3C'$ [BPTप्रमेय से]

$\therefore \frac{BX_3}{BX_4} = \frac{BC'}{BC}$ परन्तु $\frac{BX_3}{BX_4} = \frac{3}{4}$ [रचना से]

$$\Rightarrow \frac{BC'}{BC} = \frac{3}{4} \ldots . (i)$$

अब हमें प्राप्त है की:

$CA || C'A'$ [रचना से]

$\therefore \triangle BC'A' \sim \triangle BCA$ [AA समरूपता से]

$$\Rightarrow \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} = \frac{3}{4}$$ [(1)से]

प्रश्न 6 निम्न में से प्रत्येक के लिए रचना का औचित्य भी दीजिए:

एक त्रिभुज ABC बनाइए, जिसमें BC = 7cm, ∠B = 45°, ∠A = 150° हो| फिर एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ त्रिभुज ABC की संगत भुजाओं की $\frac{4}{3}$ गुनी हो।

उत्तर-

रचना के पद



i. एक △ABC की रचना इस प्रकार करो कि BC = 7 सेमी, ∠B = 45° और ∠A = 105° हो।
ii. एक किरण BX इस प्रकार खींचो कि ∠CBX एक न्यून कोण हो।
iii. BX पर चार बिन्दु X_1, X_2, X_3 और X_4 इस प्रकार अंकित करो कि: $BX_1 = X_1X_2 = X_2X_3 = X_3X_4$ हो।
iv. X_3 और C को मिलाओ।
v. $X_4C' || X_3C$ इस प्रकार खींचो कि C', BC (बढ़ाने पर) को मिले।
vi. C' से CA के समान्तर एक रेखा खींचो जो BA (बढ़ाने पर) को A' पर मिले।

इस प्रकार $\triangle ABC$ अभीष्ट त्रिभुज है।

सत्यापन: रचना से हमें प्राप्त है किः

$$C'A'||CA$$

$$\therefore \triangle ABC \sim \triangle A'BC' \text{ [AA समरूपता से]}$$

$$\Rightarrow \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} \ldots . (i)$$

पुनः रचना से,

$$X_4C'||X_3C$$

$$\therefore \triangle BX_4C' \sim \triangle BX_3C$$

$$\Rightarrow \frac{BC'}{BC} = \frac{BX_4}{BX_3}$$

परन्तु $\frac{BX_4}{BX_3} = \frac{4}{3}$

$$\Rightarrow \frac{BC'}{BC} = \frac{4}{3} \ldots . (ii)$$

(1) और (2) से, हमें प्राप्त है की:

$$\Rightarrow \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} = \frac{4}{3}$$

प्रश्न 7 निम्न में से प्रत्येक के लिए रचना का औचित्य भी दीजिए:

एक समकोण त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ) कर्ण के अतिरिक्त (4 सेमी तथा 3 सेमी लंबाई की हों | फिर एक अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ दिए हुए त्रिभुज की संगत भुजाओं की $\frac{5}{3}$ गुनी हों|

उत्तर-

रचना के पद

i. एक △ABC की रचना इस प्रकार करो कि ∠B = 90°, BC = 4 सेमी और BA = 3 सेमी हो।
ii. एक किरण BX इस प्रकार खींचो कि ∠CBX एक न्यनू कोण हो।
iii. BX पर पाँच बिन्दु X_1, X_2, X_3, X_4 और X_5 इस प्रकार खींचो कि: $BX_1 = X_1X_2 = X_2X_3 = X_3X_4 = X_4X_5$ हो।
iv. X_3 और C को मिलाओ।
v. X_5 से X_3C के समान्तर एक रेखा खींचो जो BC को बढ़ाने पर C′ पर काटे।
vi. एक अन्य रेखा C′ से CA के समान्तर खींचो जो BA को बढ़ाने पर A′ पर मिले।।

इस प्रकार △A′B′C′ अभीष्ठ त्रिभुज है।



सत्यापन: रचना से हमें प्राप्त है कि:

$$C'A' || CA$$

$\therefore \triangle ABC \sim \triangle A'BC'$ [AA समरूपता से]

$$\Rightarrow \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} \ldots\ldots (i)$$

पुनः $X_5C' || X_3C$ रचना से,

$$\therefore \triangle BX_5C' \sim \triangle BX_3C$$

$$\Rightarrow \frac{BC'}{BC} = \frac{BX_5}{BX_3}$$

परन्तु $\frac{BX_5}{BX_3} = \frac{5}{3} \ldots (ii)$

(1) और (2) से, हमें प्राप्त है की:

$$\Rightarrow \frac{A'B}{AB} = \frac{A'C'}{AC} = \frac{BC'}{BC} = \frac{5}{3}$$

प्रश्नावली 11.2 (पृष्ठ संख्या 244)

प्रश्न 1 6 सेमी त्रिज्या का एक वृत्त खींचिए। केंद्र से 10 सेमी दूरी स्थित एक बिन्दु से वृत्त पर स्पर्श रेखा युग्म की रचना कीजिए और उनकी लंबाइयाँ मापिए।

उत्तर-

रचना के पद:

i. एक बिन्दु O अंकित करो।
ii. केन्द्र O और त्रिज्या 6 सेमी से एक वृत्त खींचो।
iii. केन्द्र से 10 सेमी की दूरी पर एक बिन्दु P अंकित करो।
iv. O और P को मिलाओ।
v. OP को M पर समद्विभाजित करो।
vi. बिन्दु M को केन्द्र लेकर MO या MP के समान त्रिज्या से एक वृत्त खींचो जो दिए गये वृत्त को A और B पर काटे।
vii. PA और PB को मिलाओ। इस प्रकार, PA और PB दो अभिष्ठ स्पर्श रेखाएँ हैं। मापने पर, PA = PB = 9.6 सेमी.



सत्यापनः OA और OB को मिलाओ चूँकि OP एक व्यास है।

∠OAP = 90°; ∠OBP = 90° [अर्धवृत्त में बने कोण[

पुनः OA और OB एक ही वृत्त की त्रिज्याएँ हैं।

PA और PB वृत्त पर स्पर्श रेखाएँ है।

प्रश्न 2 4 सेमी त्रिज्या के एक वृत्त पर 6 सेमी त्रिज्या के एक सकेंद्रीय वृत्त के किसी बिन्दु से एक स्पर्श रेखा की रचना कीजिए और उसकी लंबाई मापिए। परिकलन से इस माप की जाँच भी कीजिए।

उत्तर-

रचना के पदः

i. 4 सेमी और 6 सेमी त्रिज्या के दो वृत्त एक ही केन्द्र O से खींचो।
ii. बड़े वृत्त पर एक बिन्दु P अंकित करो।
iii. O और P को मिलाओ।
iv. OP का लम्ब समद्विभाजक M ज्ञात करो।
v. Mको केन्द्र और OM या PM के समान त्रिज्या से एक वृत्त खींचो जो छोटे वृत्त को A और B पर काटे।
vi. A और P को मिलाइए।

इस प्रकार PA अभीष्ट स्पर्श रेखा है। मापने पर, PA = 4.5 सेमी



सत्यापनः O और A को मिलाओ

∠PAO = 90° [अर्धवृत्त में बना कोण[

PA⊥OA

OA, छोटे वृत्त की त्रिज्या है।

छोटे वृत्त पर PA एक स्पर्श रेखा है।

प्रश्न 3 3 सेमी त्रिज्या का एक वृत्त खींचिए। इसके किसी भी बढाए गए व्यास पर केंद्र से 7 सेमी की दूरी पर स्थित दो बिन्दु P और Q लीजिए। इन दोनों बिन्दुओं से वृत्त पर स्पर्श रेखाएँ खींचिए।

उत्तर-

रचना के पदः



i. केन्द्र O और त्रिज्या 3 सेमी का एक वृत्त खींचो।
ii. उक्त वृत्त के व्यास को बढ़ाकर, इस पर दो बिन्दु P और 9 इस प्रकार अंकित कीजिए किः OP = OQ = 7 सेमी
iii. OP और OQ के मध्य बिन्दु क्रमशः M_1 और M_2 ज्ञात कीजिए।
iv. M_1 को केन्द्र व M_1P को त्रिज्या मानकर एक वृत्त खींचो जो वृत्त को A और B पर काटे।
v. PA और PB को मिलाओ। PA और PB अभीष्ठ स्पर्श रेखाएँ हैं।
vi. अब OQ के मध्य बिन्दु M_2 और M_2O के समान त्रिज्या लेकर वृत्त खींचो जो दिए गये वृत्त को C और D पर काटे
vii. OC और OD को मिलाओ। इस प्रकार OQ और QD अभीष्ट स्पर्श रेखाएँ हैं।

सत्यापनः OA को मिलाओ

$$\angle OAP = 90^\circ$$

$$PA \perp OA$$

PA एक स्पर्श रेखा है।

इस प्रकार, $PB \perp OA$

PB एक स्पर्श रेखा है।

अब, OC को मिलाने पर

$$\angle OCQ = 90^\circ$$

$$QC \perp OC$$

QC एक स्पर्श रेखा है।

इसी प्रकार, $QD \perp OC = QD$ एक स्पर्श रेखा है।

प्रश्न 4 5 सेमी त्रिज्या के एक वृत्त पर ऐसी दो स्पर्श रेखाएँ खींचिए, जो परस्पर 60° के कोण पर झुकी हों।

उत्तर-

रचना के पदः

i. केन्द्र O और त्रिज्या = 5 सेमी से दिये गये वृत्त की रचना करो।
ii. ∠AOB = 120° बनाओ।
iii. बिन्दु A से OA पर एक लम्ब खींचो।
iv. B से एक लम्ब OB पर खींचो।
v. उक्त लम्बों को C पर मिलने दो।

इस प्रकार CA तथा CB वृत्त की अभीष्ट स्पर्श रेखाएँ है, जो परस्पर 60° पर झुकी हुई हैं।



सत्यापनः चतुर्भुर्ज OACB में, कोण-योग-गुण से

$$120^\circ + 90^\circ + 90^\circ + \angle ACB = 360^\circ$$

$$\Rightarrow 300^\circ + \angle ACB = 360^\circ$$

$$\Rightarrow ACB = 360^\circ - 300^\circ = 60^\circ$$

प्रश्न 5 8 सेमी लंबा एक रेखाखंड AB खींचिए। A को केंद्र मान कर 4 सेमी त्रिज्या का एक वृत्त तथा B को केंद्र लेकर 3 सेमी त्रिज्या का एक अन्य वृत्त खींचिए। प्रत्येक वृत्त पर दूसरे वृत्त के केंद्र से स्पर्श रेखाओं की रचना कीजिए।

उत्तर-

रचना के पद:

i. A और B को मिलाओ।
ii. AB का लम्बसमद्विभाजक ज्ञात करो। माना AB का मध्य बिन्दु M है।
iii. केन्द्र M और त्रिज्या = MA या MB लेकर एक वृत्त खींचो जो केन्द्र A वाले वृत्त को P और Q पर काटे, तथा केन्द्र B वाले वृत्त को R और S पर काटे।
iv. BP और BQ को मिलाओ। इस प्रकार, BP तथा BQ केन्द्र A वाले वृत्त पर B से अभीष्ठ स्पर्श रेखाएँ है।
v. अब, RA और SA को मिलाओ।

इस प्रकार, केन्द्र B वाले वृत्त पर A से स्पर्श रेखाएँ RA तथा SA हैं।



सत्यापनः A और P को मिलाने पर,

∠APB = 90°

BP⊥AP

परन्तु AP, केन्द्र A वाले वृत्त की त्रिज्या है।

केन्द्र A वाले वृत्त पर AP एक स्पर्श रेखा है।

इसी प्रकार, BQ भी केन्द्र A वाले वृत्त पर एक स्पर्श रेखा है। केन्द्र B वाले वृत्त पर भी उक्त प्रकार से AR और AS स्पर्श रेखाएँ हैं।

प्रश्न 6 माना ABC एक समकोण त्रिभुज है, जिसमें AB = 6 सेमी, BC सेमी तथा ∠B = 90° है। B से AC पर BD लंब है। बिन्दुओं B, C, D से होकर जाने वाला एक वृत्त खींचा गया है। A से इस वृत्त पर स्पर्श रेखा की रचना कीजिए।

उत्तर-

रचना के पदः

AB = 6 सेमी, BC = 8 सेमी तथा ∠B = 90° मापों से △ABC की रचना करो।

i. BD⊥AC खींचो।
ii. B, C और D से होकर एक वृत्त खींचो।
iii. AO को मिलाओ।
iv. AO को M पर समद्विभाजित करो।
v. केन्द्र M और त्रिज्या MA लेकर एक वृत्त खींचो जो दिये गये वृत्त को B और E पर काटता है।
vi. AB और AE को मिलाओ।

इस प्रकार बिन्दु A से दिए गये वृत्त पर AB और AE स्पर्श रेखाएँ हैं।



सत्यापनः OE को मिलाने पर,

∠AEO = 90° [अर्धवृत्त में बनी कोण[

AE⊥OE

परन्तु OE, दिए गये वृत्त की एक त्रिज्या है।

AE वृत्त की एक स्पर्श रेखा है।

इसी प्रकार, AB भी दिए गये वृत्त की एक स्पर्श रेखा है।

प्रश्न 7 किसी चूड़ी की सहायता से एक वृत्त खींचिए। वृत्त के बाहर एक बिन्दु लीजिए। इस बिन्दु से वृत्त पर स्पर्श रेखाओं की रचना कीजिए।

उत्तर-

रचना के पदः

i. चूड़ी की सहायता से दिए गये वृत्त की रचना करो।
ii. दिए गये वृत्त में दो असमान्तर जीवाएँ PQ और RS खींचो।
iii. P और RS के लम्बसमद्विभाजक खींचो जो परस्पर बिन्दु O पर प्रतिच्छेद करे। इस प्रकार बिन्दु O दिए गये वृत्त का केन्द्र है।
iv. दिए गये वृत्त के बाहर एक बिन्दु P लो।
v. OP को मिलाओ।
vi. OP का मध्य बिन्दु M अंकित करो।
vii. केन्द्र M और त्रिज्या-OM से एक वृत्त खींचो, जो दिए गये वृत्त को A और B पर काटे।।

viii. PA और PB को मिलाओ।

इस प्रकार PA और PB स्पर्श रेखाएँ हैं।



सत्यापनः OA और OB को मिलाने पर,

$\angle OAP = 90°$, $\angle OBP = 90°$ [अर्धवृत्त में बने कोण[

$PA \perp OA$ तथा $PB \perp OB$

PA, दिए गये वृत्त पर एक स्पर्श रेखा है तथा PB, दिए गये वृत्त पर दूसरी स्पर्श रेखा है।

वृत्त का परिमाप

एक वृत्त के अनुदिश एक बार चलने में तय की गई दूरी उसका परिमाप होता है, जिसे प्रायः परिधि कहा जाता है। वृत्त की परिधि का उसके व्यास के साथ एक अचर अनुपात होता है। इस अचर अनुपात को एक यूनानी अक्षर π (जिसे 'पाई' पढ़ा जाता है) से व्यक्त किया जाता है। दूसरे शब्दों में,

परिधि/व्यास = π

या परिधि = व्यास × π

= π × 2r (जहाँ r वृत्त की त्रिज्या है)

= 2πr

नोट:

π का संख्यात्मक मान 22/7 या 3.1416 प्रयोग किया जाता है।

वृत्त का क्षेत्रफल

वृत्त का क्षेत्रफल त्रिज्या के वर्ग का पाई गुना होता है ($A = \pi r^2$)। इस सूत्र का प्रयोग करते हुए उस वृत्त का क्षेत्रफल आसानी से ज्ञात कर सकते हैं जिसके व्यास या त्रिज्या दी गई हो।

उदाहरण

एक वृत्ताकार खेत पर रु 24 प्रति मीटर की दर से बाड़ लगाने का व्यय रु 5280 है। इस खेत की रु 0-50 प्रति वर्ग मीटर की दर से जुताई कराई जानी है। खेत की जुताई कराने का व्यय ज्ञात कीजिए। (π = 22/7 लीजिए)

हल:

बाड़ की लंबाई (मीटर में) = पूरा व्यवय/दर = 5280/24 = 220

अतः खेत की परिधि = 220 मीटर

इसलिए यदि खेत की त्रिज्या r मीटर है, तो

$2\pi r = 220$

या $2 \times 22/7 \times r = 220$

इसलिए, $r = (220 \times 7)/(2 \times 22) = 35$

अर्थात् खेत की त्रिज्या 35 मीटर है।

अतः खेत का क्षेत्रफल = $\pi r^2 = 22/7 \times 35 \times 35 \text{ m}^2$

अब 1 m^2 खेत की जुताई का व्यय = रु 0.50

अतः खेत की जुताई कराने का कुल व्यय = 22 × 5 × 35 × 0.50 = रु 1925

दो वृत्तों की त्रिज्याएँ क्रमशः 19 cm और 9 cm हैं। उस वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए जिसकी परिधि इन दोनों वृत्तों की परिधियों के योग के बराबर है।

प्रथम वृत्त का परिमाप = $2\pi r = 2 \times 22/7 \times 19$

दूसरे वृत्त का परिमाप = $2 \times 22/7 \times 9$

तीसरे वृत्त की परिधि = $2\pi r = 2 \times 22/7 \times 19 + 2 \times 22/7 \times 9 = 2 \times 22/7 \times (19 + 9)$

$= 2 \times 22/7 \times 28$

$2\pi r = 2 \times 22/7 \times 28$

इसलिए, $r = 28$ cm

त्रिज्यखंड और वृत्तखंड

त्रिज्यखंड: एक वृत्तीय क्षेत्र का वह भाग जो दो त्रिज्याओं और संगत चाप से घिरा (परिबद्ध) हो, उस वृत्त का एक त्रिज्यखंड कहलाता है।

त्रिज्यखण्ड और वृत्तखण्ड



वृत्तखंड: वृत्तीय क्षेत्र का वह भाग जो एक जीवा और संगत चाप के बीच में परिबद्ध हो एक वृत्तखंड कहलाता है।

टिप्पणी

जब तक अन्यथा न कहा जाए, 'वृत्तखंड' और 'त्रिज्यखंड' लिखने से हमारा तात्पर्य क्रमशः लघु वृत्तखंड और लघु त्रिज्यखंड से होगा।

त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल

- त्रिज्यखंड की चाप की लम्बाई = θ / 360 × 2πr
- लघु त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल = θ / 360 × πr^2

वृत्त का वह भाग है जो दो त्रिज्याओं एवं एक चाप से घिरा हो, वह त्रिज्यखंड कहलाता है

- वृतखंड की चाप की लम्बाई = θ / 360 × 2πr

मान लीजिए OAPB केंद्र O और त्रिज्या R वाले वृत्त का एक त्रिज्यखंड है। मान लीजिए ∠AOB का अंशीय माप θ है।

आप जानते हैं कि एक वृत्त [वस्तुतः एक वृत्तीय क्षेत्र या चकती] का क्षेत्रफल πr^2 होता है।

एक तरीके से, हम इस वृत्तीय क्षेत्र को केंद्र व् पर 360° का कोण बनाने वाला (अंशीय माप 360) एक त्रिज्यखंड मान सकते हैं। फिर ऐकिक विधि का प्रयोग करके, हम त्रिज्यखंड OAPB का क्षेत्रफल नीचे दर्शाए अनुसार ज्ञात कर सकते हैंः

जब केंद्र पर बने कोण का अंशीय माप 360 है, तो त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल = πr^2

अतः, जब केंद्र पर बने कोण का अंशीय माप 1 है, तो त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल = πr^2/360

इसलिए जब केंद्र पर बने कोण का अंशीय माप θ है, तो त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल = πr^2/360 × θ

इस प्रकार, हम वृत्त के एक त्रिज्यखंड के क्षेत्रफल के लिए, निम्नलिखित संबंध (या सूत्र) प्राप्त करते हैंः

कोण θ वाले त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल = θ/360 × πr^2

जहाँ r वृत्त की त्रिज्या है और θ त्रिज्यखंड का अंशों में कोण है।

त्रिज्यखंड के संगत चाप की लंबाई

अब एक स्वाभाविक प्रश्न उठता हैः क्या हम इस त्रिज्यखंड की संगत चाप APB की लंबाई ज्ञात कर सकते हैं। हाँ, हम ऐसा कर सकते हैं। पुनः, ऐकिक विधि का प्रयोग करने तथा संपूर्ण वृत्त (360° कोण वाले) की लंबाई 2πr लेने पर,

हम चाप APB की वांछित लंबाई θ/360 × 2πr प्राप्त करते हैं।

अतः कोण θ वाले त्रिज्यखंड के संगत चाप की लंबाई = θ/360 × 2πr

त्रिज्या 4 cm वाले एक वृत्त के त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसका कोण 30° है। साथ ही,

संगत दीर्घ त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल भी ज्ञात कीजिए। ($\pi = 3.14$ का प्रयोग कीजिए)।

दिया हुआ त्रिज्यखंड OAPB है।

त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल = $\theta/360 \times \pi r^2$

$= 30/360 \times 3.14 \times 4 \times 4\ cm^2$

$= 12.56/3\ cm^2 = 4.19\ cm^2$

संगत दीर्घ त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल = πr^2 – त्रिज्यखंड OAPB का क्षेत्रफल

$= (3.14 \times 16 - 4.19)\ cm^2$

$= 46.05\ cm^2 = 46.1\ cm^2$

वृत्तखंड का क्षेत्रफल

आइए अब केंद्र और त्रिज्या वाले वृत्तखंड के क्षेत्रफल पर विचार करें। आप देख सकते हैं कि

वृत्तखंड का क्षेत्रफल

= त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल का क्षेत्रफल

$= \theta/360 \times 2\pi r^2 - \Delta OAB$ का क्षेत्रफल

दिए गए वृत्तखंड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, यदि वृत्त की त्रिज्या 21 Cm है और $\angle AOB = 120^o$ है। ($\Pi = 22/7$ लीजिए)

वृत्तखंड AYB का क्षेत्रफल = त्रिज्यखंड OAYB का क्षेत्रफल – ΔOAB का क्षेत्रफल (1)

अब, त्रिज्यखंड व्।ल्ठ का क्षेत्रफल = $120/360 \times 22/7 \times 21 \times 21\ cm^2 = 462\ cm^2$ (2)

ΔOAB का क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए $OM \perp AB$ खींचिए।

ध्यान दीजिए कि OA = OB है। अतः, RHS सर्वांगसमता से, $\Delta AMO \cong \Delta BMO$ है।

इसलिए M जीवा AB का मध्य-बिदु है तथा $\angle AOM = \angle BOM = ½ \times 120^o = 60^o$ है।

मान लीजिए, OM = x cm है।

इसलिए, ΔOMA से $OM/OA = \cos 60^o = ½$

या $x/21 = ½$

$x = 21/2$ cm

अतः OM = ½

साथ ही $AM/OA = \sin 60^o = \sqrt{3}/2$

अतः $AM = 21\sqrt{3}/2$ cm

इसलिए $AB = 2\ AM = 21\sqrt{3}$ cm

अतः ΔOAB का क्षेत्रफल $= ½ \times AB \times OM = ½ \times 21\sqrt{3} \times 21/2\ cm^2$

$= (441\sqrt{3})/4\ cm^2$ (3)

इसलिए वृत्तखंड का क्षेत्रफल $= \{462 – (441\sqrt{3})/4\}\ cm^2$ (समीकरण 1, 2 और 3 से)

$= 21/4(88 – 21\sqrt{3})\ cm^2$

समतल आकृतियों के संयोजनों के क्षेत्रफल

अभी तक हमने विभिन्न आकृतियों के क्षेत्रफल पृथक-पृथक रूप से ज्ञात किए हैं। अब समतल आकृतियों के कुछ संयोजनों के क्षेत्रफल ज्ञात करने का प्रयत्न करें। हमें इस प्रकार की आकृतियाँ दैनिक जीवन में तथा विभिन्न रोचक डिज़ाइनों के रूप में देखने को मिलती हैं। फूलों की क्यारियाँ, नालियों के ढक्कन, खिड़कियों के डिज़ाइन, मेज़ पोशों पर बने डिज़ाइन आदि ऐसी आकृतियों के कुछ उदाहरण हैं। इन आकृतियों के क्षेत्रफल ज्ञात करने की प्रक्रिया को हम कुछ उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करेंगे।

एक वर्ग ABCD जिसकी एक भुजा का माप 14 Cm है। वर्ग के अन्दर भुजाओं को स्पर्श करते हुए चार वृत्त एक दूसरे को स्पर्श करते हुए बनाए गए हैं वृतों को छोड़कर बचे हुए वर्ग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

वर्ग ABCD का क्षेत्रफल $= 14 \times 14\ cm^2 = 196\ cm^2$

प्रत्येक वृत्त का व्यास $= 14/2 = 7$ cm

इसलिए त्रिज्या $= 7/2$ cm

अतः एक वृत्त का क्षेत्रफल $= 22/7 \times 7/2 \times 7/2\ cm^2$

$= 154/4\ cm^2$

इस प्रकार 4 वृतों का क्षेत्रफल $= 4 \times 154/4\ cm^2 = 154\ cm^2$

अतः वृतों को छोड़कर बचे हुए वर्ग का क्षेत्रफल $= (196 – 154)\ cm^2$

$= 42\ cm^2$

वृत्त की परिधि (circumference) - वृत्त की वक्रीय (curve) सीमा की लंबाई उसका परिमाप



● वृत्त की परिधि का उसके व्यास (diameter) के साथ एक अचर अनुपात (constant ratio) होता है, जिसे हम एक यूनानी अक्षर π (पाई) से दर्शाते हैं।

* परिधि/व्यास = π

* परिधि = व्यास x π

या

* परिधि = 2r x π (r वृत्त की त्रिज्या है)

या

* परिधि = 2πr

● π एक अपरिमेय संख्या (irrational number) है, जिसका दशमलव प्रसार (decimal expansion) अनवसानी अनावृत्ति (non-terminating non recurring) है। फिर भी हम प्रश्नों को हल करने के लिए π का मान 22/7 या 3.14 रखते हैं।

जब दो संयोजित आकृतियों (joint shapes) में से किसी एक या दोनों का क्षेत्रफल ज्ञात करना हो, तो -

- किसी आकृति के अभ्यंतर (interior) में अन्य आकृतियाँ संयोजित हैं, तो पहले बड़ी आकृति का क्षेत्रफल ज्ञात करके अभ्यंतर वाली आकृतियों का क्षेत्रफल घटाओ या अन्य संक्रिया (operation) करो जो कहा गया हो।
- आकृति को ध्यानपूर्वक देखो कि यह किस आकृति का भाग है।
- संयोजित आकृतियों में सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयास करें, तभी कोई हल सम्भव है।

Example:

दो वृत्तों की त्रिज्या क्रमशः 19 cm और 9 cm हैं | उस वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए जिसकी परिधि इन दोनों वृत्तों की परिधियों के योग के बराबर है |

हल : पहले वृत्त की त्रिज्या R = 19 cm

दुसरे वृत्त की त्रिज्या r = 9 cm

नए वृत्त का परिमाप = पहले वृत्त का परिमाप + दुसरे वृत्त का परिमाप

नए वृत्त का परिमाप = 2πR1 + 2πr2

= 2π(R + r)

= 2π(19 + 9)

= 2 x 22/7 x 28

= 2 x 22 x 4

= 176 cm

दो वृत्तों की त्रिज्याएँ क्रमशः 8 cm और 6 cm हैं | उस वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए जिसका क्षेत्रफल इन दोनों वृत्तों के क्षेत्रफलों के योग के बराबर है |

हल : पहले वृत्त की त्रिज्या R = 8 cm

दुसरे वृत्त की त्रिज्या r = 6 cm

नए वृत्त का परिमाप = पहले वृत्त का परिमाप + दुसरे वृत्त का परिमाप

नए वृत्त का परिमाप = πR2 + πr2

= π(R2 + r2)

= 2π(19 + 9)

= 2 x 22/7 x 28

= 2 x 22 x 4

= 176 cm

आकृति एक तीरंदाजी लक्ष्य को दर्शाती है, जिसमें केंद्र से बाहर की ओर पाँच क्षेत्र GOLD, RED, BLUE, BLACK और WHITE चिन्हित हैं, जिनसे अंक अर्जित किए जा सकते हैं | GOLD अंक वाले क्षेत्र का व्यास 21 cm है तथा प्रत्येक अन्य पट्टी 10.5 cm चौड़ी है | अंक प्राप्त कराने वाले इन पाँचों क्षेत्रों में से प्रत्येक का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए |

हल :

(i) गोल्ड की त्रिज्या r = $\frac{21}{2}$ = 10.5 cm

GOLD का क्षेत्रफल = $\pi r^2 = \frac{22}{7} \times \frac{21}{2} \times \frac{21}{2}$

$= \frac{11 \times 3 \times 21}{2}$

$= \frac{693}{2} = 346.5 \text{ cm}^2$

(ii) RED के लिए R = 21 cm और r = $\frac{21}{2}$ cm

RED का क्षेत्रफल = $\pi(R^2 - r^2)$

$= \frac{22}{7}\left[21^2 - \left(\frac{21}{2}\right)^2\right]$

$= \frac{22}{7}[21^2 - 10.5^2]$

$= \frac{22}{7}(21 + 10.5)(21 - 10.5)$

[चूँकि $a^2 - b^2 = (a + b)(a - b)$]

$= \frac{22}{7}(31.5)(10.5)$

$= 22 \times 31.5 \times 1.5$

RED $= 1039.5 \text{ cm}^2$

(iii) BLUE के लिए R = 31.5 cm और r = 21 cm

BLUE का क्षेत्रफल = $\pi(R^2 - r^2)$

$$= \frac{22}{7}\left[(31.5)^2 - (21)^2\right]$$

$$= \frac{22}{7}(31.5 + 21)\ (31.5 - 21)$$

[चूँकि $a^2 - b^2 = (a + b)(a - b)$]

$$= \frac{22}{7}(52.5)\ (10.5)$$

$$= 22 \times 52.5 \times 1.5$$

BLUE $= 1732.5\ cm^2$

(iv) BLACK के लिए R = 42 cm और r = 31.5 cm

BLACK का क्षेत्रफल = $\pi(R^2 - r^2)$

$$= \frac{22}{7}\left[(42)^2 - (31.5)^2\right]$$

$$= \frac{22}{7}(42 + 31.5)\ (42 - 31.5)$$

[चूँकि $a^2 - b^2 = (a + b)(a - b)$]

$$= \frac{22}{7}(73.5)\ (10.5)$$

$$= 22 \times 73.5 \times 1.5$$

BLACK $= 2425.5\ cm^2$

(iv) WHITE के लिए R = 52.5 cm और r = 42 cm

BLACK का क्षेत्रफल = $\pi(R^2 - r^2)$

$$= \frac{22}{7}\left[(52.5)^2 - (42)^2\right]$$

$$= \frac{22}{7}(52.5 + 42)(52.5 - 42)$$

[चूँकि $a^2 - b^2 = (a + b)(a - b)$]

$$= \frac{22}{7}(94.5)(10.5)$$

$$= 22 \times 94.5 \times 1.5$$

WHITE $= 3118.5 \text{ cm}^2$

किसी कार के प्रत्येक पहिये का व्यास 80 cm है | यदि यह कार 66 km प्रति घंटे की चाल से चाल रही है, तो 10 मिनट में प्रत्येक पहिया कितने चक्कर लगाती है ?

हल :

पहिये का व्यास = 80 cm

पहिये की त्रिज्या (r) = 40 cm

कार की चाल = 66 km प्रति घंटा

$= \frac{66 \times 1000}{60}$ m प्रति मिनट

$= 1100$ m प्रति मिनट

10 मिनट में तय दुरी $= 1100 \text{ m} \times 10$

$= 11000$ m

अब, एक चक्कर में तय दुरी $= 2\pi r$

$= 2 \times \frac{22}{7} \times 40$

$= \frac{1760}{7}$ cm

या $= \frac{1760}{700}$ m

अत: 10 मिनट में चक्करों कि संख्या $= \frac{\text{10 मिनट में तय दुरी}}{\text{1 चक्कर में तय दुरी}}$

$= \frac{11000}{\frac{1760}{700}}$

या $= \frac{11000}{1} \times \frac{700}{1760}$ चक्कर

या $= \frac{1000}{1} \times \frac{700}{160}$

या $= \frac{100}{1} \times \frac{700}{16}$

या $= \frac{100}{1} \times \frac{700}{4 \times 4}$

या $= 25 \times 25 \times 7$

या $= 625 \times 7$

या $= 4375$ चक्कर

निम्नलिखित में सही उत्तर चुनिए तथा अपने उत्तर का औचित्य दीजिए :

यदि एक वृत्त का परिमाप और क्षेत्रफल संख्यात्मक रूप से बराबर है, तो उस वृत्त की त्रिज्या है :

(A) 2 मात्रक

(B) π मात्रक

(C) 4 मात्रक

(D) 7 मात्रक

हल : वृत्त का परिमाप और क्षेत्रफल संख्यात्मक रूप से बराबर हैं –

इसलिए 2 π r = π r2

या 2 = r [दोनों पक्षों का सरलीकरण करने पर]

अत: वृत्त की त्रिज्या 2 मात्रक है |

उत्तर : (A) 2 मात्रक

6 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त के एक त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसका कोण 60o है |

हल :

त्रिज्या (r) = 6 cm और कोण θ = 60°

त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $= \frac{\pi r^2 \theta}{360°}$

या $= \frac{22}{7} \times \frac{6 \times 6 \times 60°}{360°}$

या $= \frac{22}{7} \times \frac{6}{1}$

या $= \frac{132}{7}$ cm²



एक वृत्त, के चतुर्थांश का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी परिधि 22 cm है |

हल :

परिधि = 22 cm

या 2 π r = 22 cm

या $2 \times \frac{22}{7} \times r = 22$ cm



या $r = 22 \times \frac{7}{2 \times 22}$

या $r = \frac{7}{2}$ cm

अब, चतुर्थांश का क्षेत्रफल $= \frac{1}{4} \pi r^2$

$$= \frac{1}{4} \times \frac{22}{7} \times \frac{7}{2} \times \frac{7}{2}$$

$$= \frac{77}{8} \text{ cm}^2$$

एक घड़ी की मिनट की सुई जिसकी लंबाई 14 cm है | इस सुई द्वारा 5 मिनट में रचित क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए |

हल :



त्रिज्या (r) = मिनट की सुई जिसकी लंबाई = 14 cm

घड़ी के सुई द्वारा 1 मिनट में बना कोण = $\frac{360^\circ}{60}$ = 6°

इसलिए 5 मिनट में बना केन्द्रीय कोण θ = $6^\circ \times 5 = 30^\circ$

5 मिनट में रचित क्षेत्रफल = $\frac{\pi r^2 \theta}{360^\circ}$

या $= \frac{22}{7} \times \frac{14 \times 14 \times 30^\circ}{360^\circ}$

या $= \frac{22}{1} \times \frac{2 \times 14}{12}$

या $= \frac{11}{1} \times \frac{14}{3}\ cm^2$

या $= \frac{154}{3}\ cm^2$

10 सेमी त्रिज्या वाले एक वृत्त की कोई जीवा केंद्र पर समकोण अंतरित करती है | निम्नलिखित के क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए:

(i) संगत लघु वृत्तखंड (ii) संगत दीर्घ त्रिज्यखंड

हल :

(i) संगत लघु वृतखंड का क्षेत्रफल

त्रिज्या (r) = 10 cm

θ = 90°



संगत लघु वृतखंड का क्षेत्रफल = $\frac{\pi r^2 \theta}{360} - \frac{1}{2} r^2 \sin\theta$

$= \frac{3.14 \times 10 \times 10 \times 90}{360} - \frac{1}{2} \times 10 \times 10 \times \sin 90^0$

$= \frac{314}{4} - 50$

$= 78.5 - 50 = 28.5 \text{ cm}^2$



(ii) संगत दीर्घ त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल = $\frac{\pi r^2 (360-\theta)}{360}$

$= \frac{3.14 \times 10 \times 10\,(360-90)}{360}$

$= \frac{314 \times (270)}{360}$

$= \frac{314 \times 3}{4}$

$= 78.5 \times 3 = 235.5\ cm^2$

त्रिज्या 21 cm वाले वृत्त का एक चाप केंद्र पर 60o का कोण अंतरित करता है | ज्ञात कीजिए :

(i) चाप की लंबाई

(ii) चाप द्वारा बनाए गए त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल

(iii) संगत जीवा द्वारा बनाए गए वृत्तखंड का क्षेत्रफल

हल : त्रिज्या (r) = 21 cm

$\theta = 60^\circ$



(i) चाप की लंबाई = $\frac{\pi r \theta}{180}$ = $\frac{\frac{22}{7} \times 21 \times 60}{180}$

= $\frac{22 \times 3}{3}$ = 22 cm

(ii) चाप द्वारा बनाए गए त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल

= $\frac{\pi r^2 \theta}{360}$

= $\frac{\frac{22}{7} \times 21 \times 21 \times 60}{360}$

= $\frac{22 \times 3 \times 21}{6}$

= 11 × 21

= 231 cm^2

(iii) संगत जीवा द्वारा बनाए गए वृत्तखंड का क्षेत्रफल

= संगत त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल - त्रिभुज AOB का क्षेत्रफल

= $\frac{\pi r^2 \theta}{360} - \frac{1}{2} r^2 \sin\theta$

= $\frac{\frac{22}{7} \times 21 \times 21 \times 60}{360} - \frac{1}{2}\ 21 \times 21 \times \sin 60^\circ$

= $\left(231 - \frac{441\sqrt{3}}{4}\right)$ cm^2 [sin 60° = $\frac{\sqrt{3}}{2}$]

15 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त की कोई जीवा केंद्र पर 60o का कोण अंतरित करती है | और दीर्घ वृत्तखंडों के क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए ।

(π = 3.14 का प्रयोग कीजिए और $\sqrt{3} = 1.73$)

हल : त्रिज्या (r) = 15cm

$\theta = 60^\circ$



(i) संगत लघु वृतखंड का क्षेत्रफल

= संगत त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल - त्रिभुज AOB का क्षेत्रफल

$= \frac{\pi r^2 \theta}{360} - \frac{1}{2} r^2 \sin\theta$

$= \frac{3.14 \times 15 \times 15 \times 60}{360} - \frac{1}{2} 15 \times 15 \times \sin 60^\circ$

$= \frac{3.14 \times 15 \times 15}{6} - \frac{225\sqrt{3}}{4}$

$= \frac{3.14 \times 5 \times 15}{2} - \frac{225 \times 1.73}{4}$

$= 1.57 \times 75 - \frac{389.25}{4}$

$= 117.75 - 97.3125$

$= 20.4375 \text{ cm}^2$

(ii) संगत दीर्घ वृतखंड का क्षेत्रफल



संगत दीर्घ वृतखंड का क्षेत्रफल

= वृत्त का क्षेत्रफल – लघु वृतखंड का क्षेत्रफल

= πr^2 – लघु वृतखंड का क्षेत्रफल

= $3.14 \times 15 \times 15$ cm^2 – 20.4375 cm^2

= 706.5 cm^2 – 20.4375 cm^2

= 686.0625 cm^2

त्रिज्या 12 cm वाले एक वृत्त की कोई जीवा केंद्र पर 120o का कोण अंतरित करती है | संगत वृत्तखंड़ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए |

($\pi = 3.14$ का प्रयोग कीजिए और $\sqrt{3} = 1.73$)

हल : त्रिज्या (r) = 12 cm

$\theta = 120°$



संगत वृत्तखंड़ का क्षेत्रफल

= संगत त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल - त्रिभुज AOB का क्षेत्रफल

$= \dfrac{\pi r^2 \theta}{360} - \dfrac{1}{2} r^2 \sin\theta$

$= \dfrac{3.14 \times 12 \times 12 \times 120^\circ}{360^\circ} - \dfrac{1}{2} \; 12 \times 12 \times \sin 120^\circ$

$= \dfrac{3.14 \times 12 \times 12}{3} - \dfrac{72\sqrt{3}}{2}$

$= 3.14 \times 4 \times 12 - 36\sqrt{3}$

$= 150.72 - 62.28$

$= 88.44 \text{ cm}^2$

15 m भुजा वाले एक वर्गाकार घास के मैदान के एक कोने पर लगे खूँटे से एक घोड़े को 5 m लंबी रस्सी से बाँध दिया गया है (देखिए आकृति 12.11) | ज्ञात कीजिए :

(i) मैदान के उस भाग का क्षेत्रफल जहाँ घोडा चार सकता है |

(ii) चरे जा सकने वाले क्षेत्रफल में वृद्धि, यदि घोड़े को 5 m लंबी रस्सी के स्थान पर 10 m लंबी रस्सी से बाँध दिया जाए | (π = 3.14 का प्रयोग कीजिए)



हल : बाँधी गई रस्सी की लम्बाई (r) = 5 m

$\theta = 90^\circ$ [वर्ग का प्रत्येक कोण]

(i) मैदान के उस भाग का क्षेत्रफल जहाँ घोडा चार सकता है

बने त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $= \dfrac{\pi r^2 \theta}{360}$

$= \dfrac{3.14 \times 5 \times 5 \times 90^\circ}{360^\circ}$

$= \dfrac{3.14 \times 25}{4}$

$= \dfrac{78.5}{4}$

$= 19.625 \ m^2$

(ii) घोड़े द्वारा चरे जा सकने वाले क्षेत्र का क्षेत्रफल जब रस्सी की लंबाई 10 m हो –

त्रिज्या (r) = 10 m, $\theta = 90^\circ$

बने त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $= \dfrac{\pi r^2 \theta}{360}$

$= \dfrac{3.14 \times 10 \times 10 \times 90^\circ}{360^\circ}$

$= \dfrac{314}{4}$

$= 78.5 \ m^2$

चरे जा सकने वाले क्षेत्रफल में वृद्धि

$= 78.5 - 19.625$

$= 58.875 \ m^2$

एक वृताकार ब्रुच (brooch) को चाँदी के तार से बनाया जाना है जिसका व्यास 35 mm है | तार को वृत्त के 5 व्यासों को बनाने में भी प्रयुक्त किया गया है जो उसे 10 बराबर त्रिज्यखंडों में विभाजित करता है जैसाकि आकृति 12.12 में दर्शाया गया है | तो ज्ञात कीजिए :



(i) कुल वांछित चाँदी के तार की लंबाई

(ii) ब्रूच के प्रत्येक त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल

हल : वृताकार ब्रुच का व्यास = 35 mm और त्रिज्या (r) = $\frac{35}{2}$ mm

व्यासों की संख्या = 5 और $\theta = \frac{360}{10} = 36°$

(i) कुल वांछित चाँदी के तार की लंबाई

= 5 × व्यास की लंबाई + वृत्त की परिधि

$= 5 \times 35 + 2\pi r$

$= 175 + 2 \times \frac{22}{7} \times \frac{35}{2}$

$= 175 + 22 \times 5$

$= 175 + 110$

= 285 mm

(ii) ब्रूच के प्रत्येक त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल = $\dfrac{\pi r^2 \theta}{360}$

$$= \frac{\frac{22}{7} \times \frac{35}{2} \times \frac{35}{2} \times 36^\circ}{360^\circ}$$

$$= \frac{\frac{22}{7} \times \frac{35}{2} \times \frac{35}{2}}{10}$$

$$= \frac{22}{7} \times \frac{35}{2} \times \frac{35}{2} \times \frac{1}{10}$$

$$= \frac{11 \times 5 \times 35}{20}$$

$$= \frac{385}{4}\ mm^2$$

एक छतरी में आठ ताने हैं, जो बराबर दूरी पर लगे हुए हैं (देखिए आकृति 12.13)| छतरी को 45 cm त्रिज्या वाला एक सपाट वृत्त मानते हुए, इसकी दो क्रमागत तानों के बीच का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए |



हल : त्रिज्या (r) = 45 cm और $\theta = \dfrac{360}{8} = 45^\circ$

दो क्रमागत तानों के बीच का क्षेत्रफल = $\dfrac{\pi r^2 \theta}{360}$

$$= \frac{22 \times 45 \times 45 \times 45^\circ}{7 \times 360^\circ}$$

$$= \frac{22 \times 45 \times 45}{7 \times 8} = \frac{22275}{28}\ cm^2$$

किसी कार के दो वाइपर (wipers) हैं, परस्पर कभी आच्छादित नहीं होते हैं | प्रत्येक वाइपर की पट्टी

की लंबाई 25 cm है और 115o के कोण तक घूम कर सफाई कर सकता है | पट्टियों की प्रत्येक बुहार के साथ जितना क्षेत्रफल साफ़ हो जाता है, वह ज्ञात कीजिए ।

हल : वाईपर की लम्बाई = त्रिज्या (r) = 25 cm और θ = 115°

दोनों वाईपर द्वारा साफ किए गए क्षेत्र का क्षेत्रफल = $2\left(\frac{\pi r^2 \theta}{360}\right)$

$$= 2\left(\frac{22 \times 25 \times 25 \times 115^\circ}{360^\circ}\right)$$

$$= 2\left(\frac{158125}{252}\right)$$

$$= \frac{158125}{126} \text{ cm}^2$$

जहाजों को समुद्र में जलस्तर के नीचे स्थित चट्टानों की चेतावनी देने के लिए, एक लाइट हाउस (light house) 80o कोण वाले एक त्रिज्यखंड में 16.5 km की दूरी तक लाल रंग का प्रकाश फैलाता है | समुद्र के उस भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसमें जहाजों को चेतावनी दी जा सके ।

हल : त्रिज्यखंड की त्रिज्या = 16.5 km और θ = 80°

इस प्रकार बने त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल = $\frac{\pi r^2 \theta}{360}$

$$= \frac{3.14 \times 16.5 \times 16.5 \times 80^\circ}{360^\circ}$$

$$= \frac{3.14 \times 16.5 \times 16.5 \times 2}{9}$$

$$= 189.97 \text{ km}^2$$

एक गोल मेज़पोश पर छः समान डिज़ाइन बने हुए हैं जैसाकि आकृति 12.14 में दर्शाया गया है । यदि मेज़पोश की त्रिज्या 28 cm है, तो 0.35 रू. प्रति वर्ग सेंटीमीटर की दर से इन डिजाइनों को बनाने की लागत ज्ञात कीजिए ।



हल : मेज़पोश की त्रिज्या = 28 cm

एक त्रिज्यखंड में अंतरित कोण θ = $\frac{360°}{6}$ = 60°

इस प्रकार बने छः डिजाइनों का क्षेत्रफल = $6\left(\frac{\pi r^2 \theta}{360°} - \frac{1}{2} r^2 \sin\theta\right)$

$$= 6\left(\frac{22 \times 28 \times 28 \times 60°}{7 \times 360°} - \frac{1}{2}\ 28 \times 28 \times \sin 60°\right)$$

$$= 6\left(\frac{22 \times 4 \times 28}{6} - 14 \times 28 \times \frac{\sqrt{3}}{2}\right)$$

$$= 6\left(\frac{2464}{6} - \frac{392\sqrt{3}}{2}\right)$$

$$= 6\left(\frac{2464}{6} - \frac{1176\sqrt{3}}{6}\right)$$

$$= 6\left(\frac{2464 - 1176\sqrt{3}}{6}\right)$$

$$= 2464 - 1176 \times 1.7$$

$$= 2464 - 1999.2$$

$$= 464.8\ \text{cm}^2$$

NCERT SOLUTIONS

प्रश्नावली 12.1 (पृष्ठ संख्या 247-248)

प्रश्न 1 दो वृत्तों की त्रिज्या क्रमशः 19cm और 9cm हैं। उस वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए जिसकी परिधि

इन दोनों वृत्तों की परिधियों के योग के बराबर है।

उत्तर-

पहले वृत्त की त्रिज्या R = 19cm

दुसरे वृत्त की त्रिज्या r = 9cm

नए वृत्त का परिमाप = पहले वृत्त का परिमाप + दुसरे वृत्त का परिमाप,

नए वृत्त का परिमाप $= 2\pi\mathrm{R} + 2\pi\mathrm{r}$

$$= 2\pi(\mathrm{R} + \mathrm{r})$$

$$= 2\pi(19 + 9)$$

$$= 2 \times \frac{22}{7} \times 28$$

$$= 2 \times 22 \times 4$$

$$= 176\mathrm{cm}$$

प्रश्न 2 दो वृत्तों की त्रिज्याएँ क्रमशः 8cm और 6cm हैं। उस वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए जिसका क्षेत्रफल इन दोनों वृत्तों के क्षेत्रफलों के योग के बराबर है।

उत्तर-

पहले वृत्त की त्रिज्या R = 8cm

दुसरे वृत्त की त्रिज्या r = 6cm

नए वृत्त का परिमाप = पहले वृत्त का परिमाप + दुसरे वृत्त का परिमाप

नए वृत्त का परिमाप $= \pi\mathrm{R}^2 + \pi\mathrm{r}^2$

$= 2\pi\left(R^2 + r^2\right)$

$= 2\pi(64 + 36)$

$= 2 \times \frac{22}{7} \times 100$

$= 628.5\text{cm}$

प्रश्न 3 आकृति 12.3 एक तीरंदाजी लक्ष्य को दर्शाती है, जिसमें केंद्र से बाहर की ओर पाँच क्षेत्र GOLD, RED, BLUE, BLACK और WHITE चिन्हित हैं, जिनसे अंक अर्जित किए जा सकते हैं। GOLD अंक वाले क्षेत्र का व्यास 21cm है। तथा प्रत्येक अन्य पट्टी 10.5cm चौड़ी है। अंक प्राप्त कराने वाले इन पाँचों क्षेत्रों में से प्रत्येक का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

i. गोल्ड की त्रिज्या $r = \frac{21}{2} = 10.5\text{cm}$

GOLD का क्षेत्रफल $= \pi r^2 = \frac{22}{7} \times \frac{21}{2} \times \frac{21}{2}$

$= \frac{11 \times 3 \times 21}{2}$

$= \frac{693}{2} = 346.5\text{cm}^2$

ii. RED के लिए R = 21 और $r = \frac{21}{2}\text{cm}$

RED का क्षेत्रफल $= \pi\left(R^2 - r^2\right)$

$$= \frac{22}{7}\left[21^2 - \left(\frac{21}{2}\right)^2\right]$$

$$= \frac{22}{7}\left[21^2 - 10.5^5\right]$$

$$= \frac{22}{7}(21 + 10.5)(21 - 10.5)$$

$\left[\text{चूँकि } a^2 - b^2 = (a+b)(a-b)\right]$

$$= \frac{22}{7}(31.5)(10.5)$$

RED $= 1039.5\text{cm}^2$

iii. BLUE के लिए R = 31.5cm और r = 21cm

BLUE का क्षेत्रफल $= \pi\left(R^2 - r^2\right)$

$$= \frac{22}{7}\left[(31.5)^2 - (21)^2\right]$$

$$= \frac{22}{7}(31.5 + 21)(31.5 - 21)$$

$\left[\text{चूँकि } a^2 - b^2 = (a+b)(a-b)\right]$

$$= \frac{22}{7}(52.5)(10.5)$$

$$= 22 \times 52.5 \times 1.5$$

BLUE $= 1732.5\text{cm}^2$

iv. BLACK के लिए R = 42 और r = 31.5cm

BLACK का क्षेत्रफल $= \pi\left(R^2 - r^2\right)$

$= \frac{22}{7}\left[(42)^2 - (31.5)^2\right]$

$= \frac{22}{7}(42 + 31.5)(42 - 31.5)$

$\left[\text{चूँकि } a^2 - b^2 = (a+b)(a-b)\right]$

$= \frac{22}{7}(73.5)(10.5)$

$= 22 \times 73.5 \times 1.5$

BLACK $= 2425.5\text{cm}^2$

v. WHITE के लिए R = 52.5cm और r = 42cm

WHITE का क्षेत्रफल $= \pi\left(R^2 - r^2\right)$

$= \frac{22}{7}\left[(52.5)^2 - (42)^2\right]$

$= \frac{22}{7}(52.5 + 42)(52.5 - 42)$

$\left[\text{चूँकि } a^2 - b^2 = (a+b)(a-b)\right]$

$= \frac{22}{7}(94.5)(10.5)$

$= 22 \times 94.5 \times 1.5$

WHITE $= 3118.5\text{cm}^2$

प्रश्न 4 किसी कार के प्रत्येक पहिये का व्यास 80cm है। यदि यह कार 66km प्रति घंटे की चाल से चाल रही है, तो 10 मिनट में प्रत्येक पहिया कितने चक्कर लगाती है?

उत्तर-

पहिये का व्यास = 80cm

पहिये की त्रिज्या (r) = 40cm

कार की चाल = 66km प्रति घंटा

$= \frac{66 \times 1000}{60}$ m प्रति मिनट

$= 1100$m प्रति मिनट

10 मिनट में तय दुरी = 1100m × 10

= 11000m

अब, एक चक्कर में तय दुरी $= 2\pi r$

$= 2\frac{22}{7} \times 40$

$= \frac{1760}{7}$ cm

या $= \frac{1760}{700}$ m

अत: 10 मिनट में चक्करों की संख्या = $\frac{\text{10 मिनट में तय दुरी}}{\text{1 चक्कर में तय दुरी}}$

$= \frac{11000}{\frac{1760}{700}}$

$= \frac{11000}{1} \times \frac{700}{1760}$ चक्कर

$= \frac{1000}{1} \times \frac{700}{1760}$

$= \frac{100}{1} \times \frac{700}{160}$

$$= \frac{100}{1} \times \frac{700}{4 \times 4}$$

$$= 25 \times 25 \times 7$$

$$= 625 \times 7$$

$$= 4375 \text{ चक्कर}$$

प्रश्न 5 निम्नलिखित में सही उत्तर चुनिए तथा अपने उत्तर का औचित्य दीजिए-

यदि एक वृत्त का परिमाप और क्षेत्रफल संख्यात्मक रूप से बराबर है, तो उस वृत्त की त्रिज्या है।

1. 2 मात्रक
2. π मात्रक
3. 4 मात्रक
4. 7 मात्रक

उत्तर-

a. 2 मात्रक

हल-

वृत्त का परिमाप और क्षेत्रफल संख्यात्मक रूप से बराबर हैं-

इसलिए $2\pi r = \pi r^2$

या $2 = r$ [दोनों पक्षों का सरलीकरण करने पर]

अत: वृत्त की त्रिज्या 2 मात्रक है।

प्रश्नावली 12.2 (पृष्ठ संख्या 252-253)

प्रश्न 1 6cm त्रिज्या वाले एक वृत्त के एक त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसका कोण 60° है।

उत्तर-



त्रिज्या (r) = 6cm और कोण $\theta = 60^\circ$

त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $\frac{\pi r^2 \theta}{360^\circ}$

$= \frac{22}{7} \times \frac{6 \times 660^\circ}{360^\circ}$

$= \frac{22}{7} \times \frac{6}{1}$

$= \frac{132}{7} \text{cm}^2$

प्रश्न 2 एक वृत्त, के चतुर्थांश का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी परिधि 22cm है।

उत्तर-



परिधि = 22cm

या $2\pi r = 22\text{cm}$

$2 \times \frac{22}{7} \times r = 22\text{cm}$

$r = 22 \times \frac{7}{2 \times 22}$

$r = \frac{7}{2}\text{cm}$

अब, चतुर्थांश का क्षेत्रफल $= \frac{1}{4}\pi r^2$

$= \frac{1}{4} \times \frac{22}{7} \times \frac{7}{2} \times \frac{7}{2}$

$= \frac{77}{8}\text{cm}^2$

प्रश्न 3 एक घड़ी की मिनट की सुई जिसकी लंबाई 14cm है। इस सुई द्वारा 5 मिनट में रचित क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

उत्तर-



त्रिज्या (r) = मिनट की सुई जिसकी लंबाई = 14cm

घड़ी की सुई द्वारा 1 मिनट में बना कोण $= \frac{360^\circ}{60} = 6^\circ$

इसलिए 5 मिनट में बना केन्द्रीय कोण $\theta = 6^\circ \times 5 = 30^\circ$

5 मिनट में रचित क्षेत्रफल $= \frac{\pi r^2 \theta}{360^\circ}$

$$= \frac{22}{7} \times \frac{14 \times 14 \times 30^\circ}{360^\circ}$$

$$= \frac{22}{1} \times \frac{2 \times 14}{12}$$

$$= \frac{11}{1} \times \frac{14}{3} \mathrm{cm}^2$$

$$= \frac{154}{3} \mathrm{cm}^2$$

प्रश्न 4 10cm त्रिज्या वाले एक वृत्त की कोई जीवा केंद्र पर समकोण अंतरित करती है। निम्नलिखित के क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए-

i. संगत लघु वृत्तखंड,
ii. संगत दीर्घ त्रिज्यखंड

(π = 3.14 का प्रयोग कीजिए)

उत्तर-

i. संगत लघु वृतखंड का क्षेत्रफल-

त्रिज्या (r) = 10cm

$\theta = 90^\circ$



संगत लघु वृत्तखंड का क्षेत्रफल $= \frac{\pi r^2 \theta}{360} - \frac{1}{2} r^2 \sin\theta$

$= \frac{3.14 \times 10 \times 10 \times 90}{360} - \frac{1}{2} \times 10 \times 10 \times \sin 90^\circ$

$= \frac{314}{4} - 50$

$= 78.5 - 50 = 28.5 \text{cm}^2$



ii. संगत दीर्घ त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $= \dfrac{\pi r^2(360-\theta)}{360}$

$$= \frac{3.14\times10\times10(360-90)}{360}$$

$$= \frac{314\times(270)}{360}$$

$$= \frac{314\times3}{4}$$

$$= 78.5 \times 3 = 235.5\text{cm}^2$$

प्रश्न 5 त्रिज्या 21cm वाले वृत्त का एक चाप केंद्र पर 60° का कोण अंतरित करता है। ज्ञात कीजिए:

i. चाप की लंबाई।
ii. चाप द्वारा बनाए गए त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल।
iii. संगत जीवा द्वारा बनाए गए वृत्तखंड का क्षेत्रफल।

उत्तर- त्रिज्या) r) = 21cm

θ = 60°



i. चाप की लंबाई $= \frac{\pi r\theta}{180} = \frac{\frac{22}{7}\times21\times60}{180}$

$= \frac{22\times3}{3} = 22\text{cm}$

ii. चाप द्वारा बनाए गए त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल-

$= \frac{\pi r^2\theta}{360}$

$= \frac{\frac{22}{7}\times21\times21\times60}{360}$

$= \frac{22\times3\times21}{6}$

$= 11\times21$

$= 231\text{cm}^2$

iii. संगत जीवा द्वारा बनाए गए वृत्तखंड का क्षेत्रफल-

= संगत त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल - त्रिभुज AOB का क्षेत्रफल

$= \frac{\pi r^2\theta}{360} - \frac{1}{2}r^2\sin\theta$

$= \frac{\frac{22}{7}\times21\times21\times60}{360} - \frac{1}{2}21\times21\times\sin60^\circ$

$= \left(231 - \frac{441\sqrt{3}}{4}\right)\text{cm}^2 \left[\sin60^\circ = \frac{\sqrt{3}}{2}\right]$

प्रश्न 6 15cm त्रिज्या वाले एक वृत्त की कोई जीवा केंद्र पर 60° का कोण अंतरित करती है। और दीर्घ वृत्तखंड़ों के क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(π = 3.14 का प्रयोग कीजिए और $\sqrt{3}$ = 1.73)

उत्तर- त्रिज्या) r) = 15cm

$\theta = 60°$



i. संगत लघु वृत्तखंड का क्षेत्रफल-

= संगत त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल - त्रिभुज AOB का क्षेत्रफल

$$= \frac{\pi r^2 \theta}{360} - \frac{1}{2} r^2 \sin\theta$$

$$= \frac{3.14 \times 15 \times 15 \times 60}{360} - \frac{1}{2} 15 \times 15 \times \sin 60°$$

$$= \frac{3.14 \times 5 \times 15}{2} - \frac{225 \times 1.73}{4}$$

$$= 1.57 \times 75 - \frac{389.25}{4}$$

$$= 117.75 - 97.3125$$

$$= 20.4375 cm^2$$

ii. संगत दीर्घ वृत्तखंड का क्षेत्रफल-



संगत दीर्घ वृत्तखंड का क्षेत्रफल,

= वृत्त का क्षेत्रफल - लघु वृत्तखंड का क्षेत्रफल

$= \pi r^2$ - लघु वृत्तखंड का क्षेत्रफल

$= 3.14 \times 15 \times 15cm^2 - 20.4375cm^2$

$= 706.5cm^2 - 20.4375cm^2$

$= 686.0625cm^2$

प्रश्न 7 त्रिज्या 12cm वाले एक वृत्त की कोई जीवा केंद्र पर 120° का कोण अंतरित करती है। संगत वृत्तखंड़ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

($\pi = 3.14$ और $\sqrt{3} = 1.73$ का प्रयोग कीजिए।)

उत्तर- त्रिज्या) r) = 12cm

$\theta = 120°$



संगत वृत्तखंड का क्षेत्रफल-

= संगत त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल - त्रिभुज AOB का क्षेत्रफल,

$$= \frac{\pi r^2 \theta}{360} - \frac{1}{2} r^2 \sin\theta$$

$$= \frac{3.14 \times 12 \times 12 \times 120^\circ}{360^\circ} - \frac{1}{2} 12 \times 12 \times \sin 120^\circ$$

$$= \frac{3.14 \times 12 \times 12}{3} - \frac{72\sqrt{3}}{2}$$

$$= 3.14 \times 4 \times 12 - 36\sqrt{3}$$

$$= 150.72 - 62.28$$

$$= 88.44 \text{cm}^2$$

प्रश्न 8 15m भुजा वाले एक वर्गाकार घास के मैदान के एक कोने पर लगे खूँटे से एक घोड़े को 5m लंबी रस्सी से बाँध दिया गया है (देखिए आकृति)। ज्ञात कीजिए।

i. मैदान के उस भाग का क्षेत्रफल जहाँ घोडा चार सकता है।
ii. चरे जा सकने वाले क्षेत्रफल में वृद्धि, यदि घोड़े को 5m लंबी रस्सी के स्थान पर 10m लंबी रस्सी से बाँध दिया जाए।

($\pi = 3.14$ का प्रयोग कीजिए।)



उत्तर-

बाँधी गई रस्सी की लम्बाई (r) = 5m

$\theta = 90^\circ$ [वर्ग का प्रत्येक कोण]

i. मैदान के उस भाग का क्षेत्रफल जहाँ घोड़ा चर सकता है।

बने त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $= \frac{\pi r^2 \theta}{360}$

$= \frac{3.14 \times 5 \times 5 \times 90^\circ}{360^\circ}$

$= \frac{3.174 \times 25}{4}$

$= \frac{78.5}{4}$

$= 19.625 m^2$

ii. घोड़े द्वारा चरे जा सकने वाले क्षेत्र का क्षेत्रफल जब रस्सी की लंबाई 10m हो-

त्रिज्या (r) $= 10\text{m}, \theta = 90^\circ$

बने त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $= \dfrac{\pi r^2 \theta}{360}$

$= \dfrac{3.14 \times 10 \times 10 \times 90^\circ}{360^\circ}$

$= \dfrac{314}{4}$

$= 78.5\text{m}^2$

चरे जा सकने वाले क्षेत्रफल में वृद्धि-

$= 78.5 - 19.625$

$= 58.875\text{m}^2$

प्रश्न 9 एक वृताकार ब्रुच (brooch) को चाँदी के तार से बनाया जाना है जिसका व्यास 35mm है। तार को वृत्त के 5 व्यासों को बनाने में भी प्रयुक्त किया गया है जो उसे 10 बराबर त्रिज्यखंडों में विभाजित करता है जैसाकि आकृति में दर्शाया गया है। तो ज्ञात कीजिए।

i. कुल वांछित चाँदी के तार की लंबाई।

ii. ब्रूच के प्रत्येक त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल।

उत्तर-

वृत्ताकार ब्रूच का व्यास = 35mm और त्रिज्या (r) $= \frac{35}{2}\mathrm{mm}$

व्यासों की संख्या = 5 और $\theta = \frac{360}{10} = 36^\circ$

i. कुल वांछित चाँदी के तार की लंबाई-

= 5 × व्यास की लंबाई + वृत्त की परिधि

$$= 5 \times 35\pi r$$

$$= 175 + 2 \times \frac{22}{7} \times \frac{35}{2}$$

$$= 175 + 22 \times 5$$

$$= 175 + 110$$

$$= 285\mathrm{mm}$$

ii. ब्रूच के प्रत्येक त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $= \frac{\pi r^2 \theta}{360}$

$$= \frac{\frac{22}{7} \times \frac{35}{2} \times \frac{35}{2} \times 36^\circ}{360^\circ}$$

$$= \frac{\frac{22}{7} \times \frac{35}{2} \times \frac{35}{2}}{10}$$

$$= \frac{22}{7} \times \frac{35}{2} \times \frac{35}{2} \times \frac{1}{10}$$

$$= \frac{11 \times 5 \times 35}{20}$$

$$= \frac{385}{4}\mathrm{mm}^2$$

प्रश्न 10 एक छतरी में आठ ताने हैं, जो बराबर दूरी पर लगे हुए हैं (देखिए आकृति)। छतरी को 45cm त्रिज्या वाला एक सपाट वृत्त मानते हुए, इसकी दो क्रमागत तानों के बीच का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।



उत्तर-

त्रिज्या (r) = 45cm और $\theta = \frac{360}{8} = 45^{\circ}$

दो क्रमागत तानों के बिच का क्षेत्रफल $= \frac{\pi r^2 \theta}{360}$

$$= \frac{22 \times 45 \times \times 45 \times 45^{\circ}}{7 \times 360^{\circ}}$$

$$= \frac{22 \times 45 \times 45}{7 \times 8} = \frac{22275}{28} \mathrm{cm}^2$$

प्रश्न 11 किसी कार के दो वाइपर (wipers) हैं, परस्पर कभी आच्छादित नहीं होते हैं। प्रत्येक वाइपर की पट्टी की लंबाई 25cm है और 115° के कोण तक घूम कर सफाई कर सकता है। पट्टियों की प्रत्येक बुहार के साथ जितना क्षेत्रफल साफ़ हो जाता है, वह ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

वाईपर की लम्बाई = त्रिज्या (r) = 25cm और $\theta = 115^{\circ}$

दोनों वाईपर द्वारा साफ़ किए गए क्षेत्र का क्षेत्रफल $= 2\left(\frac{\pi r^2 \theta}{360}\right)$

$$= 2\left(\frac{22 \times 25 \times 25 \times 115^\circ}{360^\circ}\right)$$

$$= 2\left(\frac{158125}{252}\right)$$

$$= \frac{158125}{126}\,\mathrm{cm}^2$$

प्रश्न 12 जहाजों को समुद्र में जलस्तर के नीचे स्थित चट्टानों की चेतावनी देने के लिए, एक लाइट हाउस) light house) 80° कोण वाले एक त्रिज्यखंड में 16.5km की दूरी तक लाल रंग का प्रकाश फैलाता है। समुद्र के उस भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसमें जहाजों को चेतावनी दी जा सके।

(π = 3.14 का प्रयोग कीजिए।)

उत्तर-

त्रिज्यखंड की त्रिज्या = 16.5km और $\theta = 80^\circ$

इस प्रकार बने त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $= \frac{\pi r^2 \theta}{360}$

$$= \frac{3.14 \times 16.5 \times 16.5 \times 80^\circ}{360^\circ}$$

$$= \frac{3.14 \times 16.5 \times 16.5 \times 2}{9}$$

$$= 189.97\,\mathrm{km}^2$$

प्रश्न 13 एक गोल मेज़पोश पर छः समान डिज़ाइन बने हुए हैं जैसाकि आकृति में दर्शाया गया है। यदि मेज़पोश की त्रिज्या 28cm है, तो 0.35 रू. प्रति वर्ग सेंटीमीटर की दर से इन डिजाइनों को बनाने की लागत ज्ञात कीजिए।



उत्तर-



मेंजपोश की त्रिज्या = 28cm,

एक त्रिज्यखंड में अंतरित कोण $\theta = \frac{360^\circ}{6} = 60^\circ$

इस प्रकार बने छः डिजाइनों क्षेत्रफल $= 6\left(\frac{\pi r^2 \theta}{360^\circ} - \frac{1}{2} r^2 \sin\theta\right)$

$$= 6\left(\frac{22\times28\times28\times60^\circ}{7\times360^\circ} - \frac{1}{2}28 \times 28 \times \sin 60^\circ\right)$$

$$= 6\left(\frac{22\times4\times28}{6} - 14 \times 28 \times \frac{\sqrt{3}}{2}\right)$$

$$= 6\left(\frac{2464}{6} - \frac{392\sqrt{3}}{2}\right)$$

$$= 6\left(\frac{2464}{6} - \frac{1176\sqrt{3}}{6}\right)$$

$$= 6\left(\frac{2464-1176\sqrt{3}}{6}\right)$$

$$= 62464 - 1175 \times 1.7$$

$$= 2464 - 1999.2$$

$$= 464.8\mathrm{cm}^2$$

प्रश्न 14 निम्नलिखित में सही उत्तर चुनिए:

त्रिज्या R वाले के उस त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल जिसका कोण p° है, निम्नलिखित है-

a. $\frac{P}{180} \times 2\pi r$

b. $\frac{P}{180} \times \pi r^2$

c. $\frac{P}{360} \times 2\pi r$

d. $\frac{P}{720} \times 2\pi r^2$

उत्तर-

d. $\frac{P}{720} \times 2\pi r^2$

प्रश्नावली 12.3 (पृष्ठ संख्या 257-261)

प्रश्न 1 (जब तक अन्यथा न कहा जाए, π = $\frac{22}{7}$ का प्रयोग कीजिए।(

आकृति में, छायांकित भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, यदि PQ = 24cm., PR = 7cm. तथा O वृत्त का केंद्र है।



उत्तर-

चूँकि O, वृत्त का केंद्र है।

$\therefore$ QOR एक व्यास है।

$\Rightarrow \angle RPQ = 90^\circ$ [अर्धवृत्त में बना कोण]

समकोण $\triangle RPQ$, हमें प्राप्त होता है-

$$RQ^2 = PQ^2 + PR^2$$

$$\Rightarrow RQ^2 = 24^2 + 7^2$$

$$= 576 + 49 = 625$$

$$\Rightarrow RQ = \sqrt{625} = 25$$

$\therefore$ क्षेत्रफल, $(\triangle RPQ) = \frac{1}{2} PQ \times RP$

$$= \frac{1}{2} \times 24 \times 7 cm^2$$

$$= 12 \times 7 cm^2 = 84 cm^2$$

अब, अर्धवृत्त का क्षेत्रफल,

100-120	12	110	110 - 150 = -40	-480
120-140	14	130	130 - 150 = -20	-280
140-160	8	a = 150	150 - 150 = 0	0
160-180	6	170	170 - 150 = 20	120

180-200	10	190	190 - 150 = 40	400
कुल (Total)	∑fi = 50			∑fidi = −240

कल्पित माध्य विधि से

$$\sum \text{fidi} = -480 + (-280) + 0 + 120 + 400 = -760 + 520 = -240$$

$\sum \text{fi} = 50$ और $\text{a} = 150$

माध्य $\bar{X} = a + \frac{\sum \text{fixi}}{\sum \text{fi}}$

$$= 150 + \frac{-240}{50}$$

$$= 150 + \frac{-24}{5}$$

$$= 150 + (-4.8)$$

$$= 145.2$$

प्रश्न 3 निम्नलिखित बंटन एक मोहल्ले के बच्चों के दैनिक जेबखर्च दर्शाता है। माध्य जेबखर्च 18 रू है। लुप्त बारंबारता f ज्ञात कीजिए:

दैनिक जेब भत्ता (रुपयों में)	11-13	13-15	15-17	17-19	19-21	21-23	23-25
बच्चों की संख्या	7	6	9	13	f	5	4

उत्तर-

दैनिक जेब भत्ता (रुपयों में)	बच्चों की संख्या	xi	di = xi - a	fidi
11-13	7	12	12 - 18 = -6	-42
13-15	6	14	14 - 18 = -2	-24
15-17	9	16	16 - 18 = -2	-18
17-19	13	a = 18	18 - 18 = 0	0
19-21	f	20	20 - 18 = 2	2f
21-23	5	22	22 - 18 = 4	20
23-25	4	24	24 - 18 = 6	24
कुल (Total)	∑fi = 44 + f			2f - 40

कल्पित माध्य विधि से,

$\sum fidi = 2f - 40, \sum fi = 44 + f$ और $a = 18,$

माध्य जेब खर्च $\bar{X} = ₹18$

माध्य $\bar{X} = a + \frac{\sum fixi}{\sum fi}$

$18 = 18 + \frac{2f-40}{44+f}$

$18 - 18 = \frac{2f-40}{44+f}$

$\frac{0}{1} = \frac{2f-40}{44+f}$

$2f - 40 = 0$

$2f = 40$

$f = \frac{40}{2} = 20$

$f = 20$

अतः लुप्त बारंबारता 20 है।

प्रश्न 4 किसी अस्पताल में, एक डॉक्टर द्वारा 30 महिलाओं की जाँच की गई और उनके हृदय स्पंदन)beat) की प्रति मिनट संख्या नोट करके नीचे दर्शाए अनुसार संक्षिप्त रूप में लिखी गई। एक उपयुक्त विधि चुनते हुए, इन महिलाओं के हृदय स्पंदन की प्रति मिनट माध्य संख्या ज्ञात कीजिए:

हृदय स्पंदन की प्रति मिनट संख्या	65-68	68-71	71-74	74-77	77-80	80-83	83-86
महिलाओं की संख्या	2	4	3	8	7	4	2

उत्तर-

हृदय स्पंदन की प्रति मिनट संख्या	**महिलाओं की संख्या**	**xi**	**di = xi - a**	**fidi**
65-68	2	66.5	-9	-18
68-71	4	69.5	-6	-24
71-74	3	72.5	-3	-9
74-77	8	a = 75.5	0	0

77-80	7	78.5	3	21
80-83	4	81.5	6	24
83-86	2	84.5	9	18
Total	$\sum$fi = 30			12

कल्पित माध्य विधि से

$\Sigma fidi = 12, \Sigma fi = 30$ और $a = 75.5,$

माध्य $\bar{X} = a + \frac{\sum fixi}{\sum fi}$

$= 75.5 + \frac{12}{30}$

$= 75.5 + \frac{4}{10}$

$= 75.5 + 0.4$

$= 75.9$

अत: महिलाओं के हृदय स्पंदन की प्रति मिनट माध्य संख्या = 75.9 है।

प्रश्न 5 किसी फुटकर बाज़ार में, फल विक्रेता पेटियों में रखे आम बेच रहें थे। इन पेटियों में आमों की संख्याएँ भिन्न-भिन्न थी। पेटियों की संख्या के अनुसार, आमों का बंटन निम्नलिखित था:

आमों की संख्या	50-52	53-55	56-58	59-61	62-64
पेटियों की संख्या	15	110	135	115	25

एक पेटी में रखे आमों की माध्य संख्या ज्ञात कीजिए। आपने माध्य ज्ञात करने की किस विधि का प्रयोग किया है?

उत्तर- दी गयी श्रृखला समावेशी है जहाँ वर्ग-अंतरालों में 1 का अंतर है। अत :दी गयी श्रृंखला को अपवर्जी श्रृंखला में बदलेंगे।

53 - 52 = 1

अत: $\frac{1}{2}$ = 0.5 और अब निम्न सीमा में से 0.5 घटाने और उच्च सीमा में 0.5 जोड़ने पर:

आमों की संख्या	पेटियों की संख्या (fi)	xi	di = xi - a	$u_1 = \frac{di}{h}, h = 3$	fidi
49.5-52.5	15	51	-6	$\frac{-6}{3} = -1$	-30
52.5-55.5	110	54	-3	$\frac{-3}{3} = -1$	-110
55.5-58.5	135	a = 57	0	$\frac{0}{3} = 0$	0
58.5-61.5	115	60	3	$\frac{3}{3} = 1$	115
61.5-64.5	25	63	6	$\frac{6}{3} = 2$	50
Total	400				25

पग-विचलन विधि से माध्य:

$$\sum \text{fiui} = 25, \sum \text{fi} = 400, \text{h} = 3, \text{a} = 57$$

पग-विचलन विधि के सूत्र में उपरोक्त मानों को रखने पर,

माध्य $\bar{X} = a + \left(\frac{\sum \text{fiui}}{\sum \text{fi}}\right) \times h$

$$= 57 + \left(\frac{25}{400}\right) \times 3$$

$$= 57 + \left(\frac{1}{16}\right) \times 3$$

$$= 57 + \left(\frac{3}{16}\right)$$

$$= 57 + 0.1875$$

$$= 57.1875 \text{ या } 57.19$$

आमों की माध्य संख्या 57.19

प्रश्न 6 निम्नलिखित सारणी किसी मोहल्ले के 25 परिवारों में भोजन पर हुए दैनिक व्यय को दर्शाती है:

दैनिक व्यय (रुपये में)	100-150	150-200	200-250	250-300	300-350
परिवारों की संख्या	4	5	12	2	2

एक उपयुक्त विधि द्वारा भोजन पर हुआ माध्य व्यय ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

दैनिक व्यय (रुपयों में)	**परिवारों की संख्या** (fi)	**(x_i)**	**$d_i = x_i - 225$**	$u_i = \frac{d_i}{50}$	**f_iu_i**
100 - 150	4	125	-100	-2	-8
150 - 200	5	175	-50	-1	-5
200 - 250	155	a = 225	0	0	0
250 - 300	2	275	50	1	2
300 - 350	2	325	100	2	4
	Σfi = 25				Σfiui = −7

पग-विचलन विधि से माध्य:

$$\Sigma \text{fiui} =-7, \Sigma \text{fi} = 25, \text{h} = 50, \text{a} = 225$$

पग-विचलन विधि के सूत्र में उपरोक्त मानों को रखने पर,

$$\text{माध्य } \bar{\text{X}} = \text{a} + \left(\frac{\sum \text{fiui}}{\sum \text{fi}}\right) \times \text{h}$$

$$= 225 + \left(\frac{-7}{25}\right) \times 50$$

$$= 225 + (-14)$$

$$= 211$$

भोजन पर हुआ माध्य व्यय $= ₹211$

प्रश्न 7 वायु में सल्फर डाई-ऑक्साइड (SO) की सान्द्रता (भाग प्रति मिलियन में) को ज्ञात करने के लिए, एक नगर के मोहल्लों से आँकड़े एकत्रित किए गये, जिन्हें नीचे प्रस्तुत किया गया है:

SO_2 की सांद्रता	बारंबारता
0.00-0.04	4
0.04-0.08	9
0.08-0.12	9
0.12-0.16	2
0.16-0.20	4
0.20-0.24	2

वायु में SO_2 की सांद्रता का माध्य ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

SO_2 की सांद्रता	बारंबारता (fi)	xi	di = xi - a	$ui = \frac{di}{h} . h = 0.04$	fidi
0.00-0.04	4	0.02	-0.12	$\frac{-0.12}{0.04} = -3$	-12
0.04-0.08	9	0.06	-0.08	$\frac{-0.08}{0.04} = -2$	-18
0.08-0.12	9	0.10	-0.04	$\frac{-0.04}{0.04} = -1$	-9
0.12-0.16	2	a = 0.14	0	0	0
0.16-0.20	4	0.18	0.04	$\frac{0.04}{0.04} = 1$	4
0.20-0.24	2	0.22	0.08	$\frac{0.08}{0.04} = 2$	4
Total	30				-31

पग-विचलन विधि से माध्य:

$$\Sigma fiui = -31, \Sigma fi = 30, h = 0.04, a = 0.14$$

पग-विचलन विधि के सूत्र में उपरोक्त मानों को रखने पर,

माध्य $\bar{X} = a + \left(\frac{\sum fiui}{\sum fi}\right) \times h$

$$= 0.14 + \left(\frac{-31}{30}\right) \times 0.04$$

$$= 0.14 + (-0.04133)$$

$$= 0.14 - 0.041$$

$$= 0.099$$

वायु में सल्फर डाई-ऑक्साइड (SO) की सान्द्रता का माध्य $= 0.099$

प्रश्न 8 किसी कक्षा अध्यापिका ने पुरे सत्र के लिए अपनी कक्षा के 40 विधार्थियों कि अनुपस्थिति निम्नलिखित रूप में रिकॉर्ड की। एक विधार्थी जितने दिन अनुपस्थित रहा उनका माध्य ज्ञात कीजिए:

दिनों की संख्या	0-6	6-10	10-14	14-20	20-28	28-38	38-40
विधार्थियों की संख्या	11	10	7	4	4	3	1

उत्तर-

दिनों की संख्या	विधार्थियों की संख्या (fi)	xi	di = xi - a	fidi
0-6	11	3	-14	-154
6-10	10	8	-9	-90
10-14	7	12	-5	-35
14-20	4	a = 17	0	0
20-28	4	24	7	28
28-38	3	33	16	48
38-40	1	39	22	22
Total	∑fi = 40			-181

कल्पित माध्य विधि से,

$$\sum \mathrm{fidi} = -181, \sum \mathrm{fi} = 40 \text{ और } \mathrm{a} = 17,$$

$$\text{माध्य } \bar{\mathrm{X}} = \mathrm{a} + \frac{\sum \mathrm{fixi}}{\sum \mathrm{fi}}$$

$$= 17 + \frac{-181}{40}$$

$$= 17 + (-4.525)$$

$$= 12.475$$

$$= 12.48$$

विधार्थियों की अनुपस्थित का माध्य $= 12.48$ दिन

प्रश्न 9 निम्नलिखित सारणी 35 नगरों कि साक्षरता दर (प्रतिशत में) दर्शाती है। माध्य साक्षरता दर ज्ञात कीजिए:

साक्षरता दर (% में)	45-55	55-65	65-75	75-85	85-95
नगरों की संख्या	3	10	11	8	3

उत्तर-

साक्षरता दर (% में)	नगरों की संख्या (fi)	xi	di = xi - a	ui = $\frac{di}{h}$, h =10	fidi
45-55	3	50	-20	-2	-6
55-65	10	60	-10	-1	-10
65-75	11	a = 70	-0	0	0
75-85	8	80	10	1	8
85-95	3	90	20	2	6
Total	35				-2

पग-विचलन विधि से माध्य:

$$\Sigma \text{fiui} =-2, \Sigma \text{fi} = 35, \text{h} = 10, \text{a} = 70$$

पग-विचलन विधि के सूत्र में उपरोक्त मानों को रखने पर,

माध्य $\bar{X} = a + \left(\frac{\sum \text{fiui}}{\sum \text{fi}}\right) \times h$

$$= 70 + \left(\frac{-2}{35}\right) \times 10$$

$$= 70 + \left(\frac{-4}{7}\right)$$

$$= 70 + (-0.57)$$

$$= 7 - 0.57$$

$$69.43$$

अत: माध्य साक्षरता दर $= 69.43\%$

प्रश्नावली 14.2 (पृष्ठ संख्या 302-303)

प्रश्न 1 निम्नलिखित सारणी किसी अस्पताल में एक विशेष वर्ष में भर्ती हुए रोगियों की आयु को दर्शाते है:

आयु (वर्षों में)	5-15	15-25	25-35	35-45	45-55	55-65

रोगियों की संख्या	6	11	21	23	14	5

उपरोक्त आंकड़ो के बहुलक और माध्य ज्ञात कीजिए। दोनों केंद्रीय प्रवृत्ति की मापों की तुलना कीजिए और उनकी व्याख्या कीजिए।

उत्तर- कल्पित माध्य विधि और बहुलक के लिए सारणी:

आयु (वर्षों में)	रोगियों की संख्या (fi)	वर्ग-चिन्ह xi	di = xi - a	fidi
5-15	6	10	-20	-120
15-25	11	20	-10	-110
25-35	$21 = f_0$	a = 30	0	0
l = 35-45	$23 = f_1$	40	10	230
45-55	$14 = f_2$	50	20	280
55-65	5	60	30	150
Total	$\sum fi = 80$			$\sum fixi = 430$

बहुलक के लिए सारणी से:

$$\text{बहुलक वर्ग} = 35 - 45$$

$$\therefore l = 35$$

$$\text{बहुलक वर्ग की बारंबारता } (f_1) = 23,$$

$$(f_0) = 21, (f_2) = 14,$$

$$\text{वर्ग-आकार } (h) = 10$$

$$\text{बहुलक} = l + \left(\frac{f_1 - f_0}{2f_1 - f_0 - f_2}\right) \times h$$

$$35 + \left(\frac{23 - 21}{2(23) - 21 - 24}\right) \times 10$$

$$= 35 + \left(\frac{2}{46 - 35}\right) \times 10$$

$$= 35 + \frac{20}{11}$$

$$= 35 + 1.81$$

$$= 36.8$$

कल्पित माध्य विधि से माध्य

$$\sum f_1 x_1 = 430, \sum f_1 = 80, a = 30$$

$$\text{माध्य} = a + \frac{\sum \text{fidi}}{\sum \text{fi}}$$

$$= 30 + \frac{430}{80}$$

$$= 30 + 5.375$$

$$= 35.375$$

$$= 35.38$$

प्रश्न 2 निम्नलिखित आँकड़े, 225 बिजली के उपकरणों के प्रेक्षित जीवन कल (घंटो में) कि सुचना देते है:

जीवनकाल (घंटो में)	0-20	20-40	40-60	60-80	80-100	100-120
बारंबारता	10	35	52	61	38	29

उपकरणों का बहुलक जीवनकाल ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

जीवनकाल (घंटो में)	**बारंबारता (fi)**
0-20	10
20-40	35
40-60	52
60-80	61
80-100	38
100-120	29

वर्ग 60-80 की सबसे अधिक बारंबारता 61 है, अतः बहुलक वर्ग 60-80 है।

इसलिए, $l = 60$, $f_1 = 61$, $f_0 = 52$, $f_2 = 38$ और $h = 20$

$$\text{बहुलक} = l + \left(\frac{f_1 - f_0}{2f_1 - f_0 - f_2}\right) \times h$$

$$= 60 + \left(\frac{61-52}{2(61)-52-38}\right) \times 20$$

$$= 60 + \left(\frac{9}{122-90}\right) \times 20$$

$$= 60 + \left(\frac{9 \times 20}{32}\right)$$

$$= 60 + \left(\frac{9 \times 5}{8}\right)$$

$$= \left(\frac{45}{8}\right)$$

$$= 60 + 5.625$$

$$= 65.625$$

अतः उपकरणों का बहुलक जीवनकाल 65.63 है।

प्रश्न 3 निम्नलिखित आँकड़े किसी गाँव के 200 परिवारों के कुल मासिक घरेलू व्यय के बंटन को दर्शाते है। इन परिवारों का बहुलक मासिक व्यय ज्ञात कीजिए। साथ ही माध्य मासिक व्यय भी ज्ञात कीजिए।

व्यय (रुपयों में)	**परिवारों की संख्या**
1000-1500	24
1500-2000	40
2000-2500	33
2500-3000	28
3000-3500	30
3500-4000	22
4000-4500	16
4500-5000	7
Total (कुल)	200

उत्तर-

व्यय (रुपयों में)	परवारो की संख्या	xi	xi - a	ui = $\frac{i}{h}$, h = 500	fiui
1000-1500	24 = f_0	1250	-1500	-3	-72
l = 1500-2000	40 = f_1	1750	-1000	-2	-80
2000-2500	33 = f_2	2250	-500	-1	-33
2500-3000	28	2750 = a	0	0	0
3000-3500	30	3250	500	1	30
3500-4000	22	3750	1000	2	44
4000-4500	16	4250	1500	3	48
4500-5000	7	4750	2000	4	28
Total (कुल)	200				-35

बहुलक के लिए:

वर्ग 1500-2000 की बारंबारता सबसे आधिक 40 बार है अतः l = 1500

$$f_1 = 40$$

$$f_0 = 24$$

$$f_2 = 33$$

$$h = 500$$

$$\text{बहुलक } l = \left(\frac{f_1 - f_0}{2f_1 - f_0 - f_2}\right) \times h$$

$$= 1500 + \left(\frac{40-24}{2(40)-24-33}\right) \times 500$$

$$= 1500 + \left(\frac{16}{80-57}\right) \times 500$$

$$= 1500 + \left(\frac{8000}{23}\right)$$

$= 1847.826$

$= 1847.83$

अतः परिवारों का बहुलक मासिक व्यय 1847.83 माध्य के लिए पग-विचलन विधि से:

माध्य $\bar{X} = a + \left(\frac{\sum f_i u_i}{\sum f_i}\right) \times h$

$= 2750 + \frac{-35}{200} \times 500$

$= 2750 + \frac{-17500}{200}$

$= 2750 + \frac{-175}{2}$

$= 2750 + (-87.5)$

$= 2662.5$

अतः मासिक मध्य खर्च $=$ ₹2662.5

प्रश्न 4 निम्नलिखित बंटन भारत के उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में, राज्यों के अनुसार, शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात को दर्शाता है। इन आँकड़ो के बहुलक और माध्य ज्ञात कीजिए। दोनों मापकों की व्याख्या कीजिए।

प्रति शिक्षक विद्यार्थियों की संख्या	राज्य/ संघीय क्षेत्रों की संख्या
15-20	3
20-25	8
25-30	9
30-35	10
35-40	3
40-45	0
45-50	0
50-55	2

उत्तर-

प्रति शिक्षक विद्यार्थियों की संख्या	राज्य/ संघीय क्षेत्रों की संख्या (f_i)	xi	$d_i = x_i - a$	ui = $\frac{x_i - a}{h}$, h = 5	$f_i u_i$
15-20	3	17.5	-15	-3	-9

20-25	8	22.5	-10	-2	-16
25-30	9 = f_0	27.5	-5	-1	-9
l = 30-35	10 = f_1	a = 32.5	0	0	0
35-40	3 = f_2	37.5	5	1	3
40-45	0	42.5	10	2	0
45-50	0	47.5	15	3	0
50-55	2	52.5	20	4	8
Total	35				-23

उपरोक्त सारणी के अनुसार

$$l = 30, f_0 = 9, f_1 = 10, f_2 = 3h = 5,$$

बहुलक $= l + \left(\frac{f_1 - f - 0}{2f_1 - f_0 - f_2}\right) \times h$

$$= 30 + \left(\frac{10-9}{2(10)-9-3}\right) \times 5$$

$$= 30 + \left(\frac{1}{20-12}\right) \times 5$$

$$= 30 + \left(\frac{5}{8}\right)$$

$$= 30 + 0.625$$

$$= 30.625$$

बहुलक $= 30.6$

माध्य के लिए: $a = 32.5, Sf_iu_i = -23, Sf_i = 35, h = 5$

माध्य $\bar{X} = a + \left(\frac{\sum f_iu_i}{\sum f_i}\right) \times h$

$$= 32.5 + \left(\frac{-23}{35}\right) \times 5$$

$$= 32.5 + \left(\frac{-23}{7}\right)$$

$$= 32.5 + (-3.28)$$

$$= 32.5 - 3.28$$

$$= 29.22$$

अतः आँकड़ो का माध्य $= 29.22$ और बहुलक $= 30.6$

प्रश्न 5 दिया हुआ बंटन विश्व के कुछ श्रेष्टतम बल्लेबाजों द्वारा एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों बनाये गए रनों को दर्शाते है:

बनाए गए रन	बल्लेबाजों की संख्या
3000-4000	4
4000-5000	18
5000-6000	9
6000-7000	7
7000-8000	6
8000-9000	3
9000-10,000	1
10,000-11,000	1

इन आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

बनाए गए रन	बल्लेबाजों की संख्या
3000-4000	$4 = f_0$
l = 4000-5000	$18 = f_1$
5000-6000	$9 = f_2$
6000-7000	7
7000-8000	6
8000-9000	3
9000-10,000	1
10,000-11.000	1

वर्ग 4000-5000 की आवृति सबसे अधिक बात हुई है इसलिए,

बहुलक वर्ग 4000-5000 है और

$l = 4000$, $f_1 = 18$, $f_0 = 4$, $f_2 = 9$ और $h = 1000$

$$\text{बहुलक} = l + \left(\frac{f_1 - f_0}{2f_1 - f_0 - f_2}\right) \times h$$

$$= 4000 + \left(\frac{18-4}{2(18)-4-9}\right) \times 1000$$

$$= 4000 + \left(\frac{14}{36-13}\right) \times 1000$$

$$= 4000 + \left(\frac{14000}{23}\right)$$

$$= 4000 + 608.695$$

$$= 4608.695$$

अतः दिए, गए आँकड़ो का बहुलक $= 4608.695$ रन।

प्रश्न 6 एक विद्यार्थी ने एक सड़क के किसी स्थान से होकर जाती हुए कर की संख्या नोट कि और उन्हें निचे दी हुई सारणी के रूप में व्यक्त किया। सारणी में दिया प्रत्येक प्रेक्षण 3 मिनट के अंतराल में उस स्थान से होकर जाने वाले कारों कि संख्याओं से संबंधित है। ऐसे 100 अंतरालों पर प्रक्षेण लिए गए। इन आँकड़ो का बहुलक ज्ञात कीजिए।

कारों की संख्या	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70	70-80
बारम्बारता	7	14	13	12	20	11	15	8

उत्तर-

वर्ग 40-50 की आवृति सबसे अधिक 20 हुई है इसलिए,

बहुलक वर्ग 40-50 है और

$l = 40$, $f_1 = 20$, $f_0 = 12$, $f_2 = 11$ और $h = 10$

$$\text{बहुलक} = l = \left(\frac{f_1 - f_0}{2f_1 - f_0 - f_2}\right) \times h$$

$$= 40 + \left(\frac{20-12}{2(20)-12-11}\right) \times 10$$

$$= 40 + \left(\frac{8}{40-23}\right) \times 10$$

$$= 40 + \left(\frac{80}{17}\right)$$

$$= 40 + 4.7$$

$$= 44.7$$

अतः दिए गए आँकड़ो का बहुलक $= 44.7$ करें।

प्रश्नावली 14.3 (पृष्ठ संख्या 314-316)

प्रश्न 1 निम्नलिखित बारंबारता बंटन किसी मोहल्ले के 68 उपभोक्ताओं की बिजली कि मासिक खपत दर्शाता है। इन आँकड़ों के Ex माध्यक, माध्य और बहुलक ज्ञात कीजिए। इनकी तुलना कीजिए।

मासिक खपत (इकाइयों में)	उपभोक्ताओं की संख्या
65-85	4
85-105	5
105-125	13
125-145	20
145-165	14
165-185	8
185-205	4

उत्तर-

मासिक खपत (इकाइयों में)	उपभोक्ताओं की संख्या	x_i	संचयी बारंबारता (C.F)	$d_i = x_i - 1$	$u_i = \frac{d_i}{h}, h = 20$	f_iu_i
65-85	4	75	4	-60	-3	-12
85-105	5	95	4 + 5 = 9	-40	-2	-10
105-125	$13 = f_0$	115	9 + 13 = 22	-20	-1	-13
125-145	$20 = f_1$	135 = a	22 + 20 = 42	0	0	0
145-165	$14 = f_2$	155	42 + 14 = 56	20	1	14
165-185	8	175	56 + 8 = 64	40	2	16
185-205	4	195	64 + 4 = 68	60	3	12
Total	N = 68					7

माध्यक के लिए:

$$N = 68 \text{ और } \frac{N}{2} = \frac{68}{2} = 34$$

34 संचयी बारंबारता के 42 में शामिल है।

इसलिए, माध्यक वर्ग 125 – 145 है।

अत: l = 125, f = 20, cf = 22 (माध्यक वर्ग से ठीक ऊपर वाला संचयी बारंबारता) और

h = 20,

$$\text{माध्यक} = l + \left(\frac{\frac{N}{2} - C.F.}{f}\right) \times h$$

$$= 125\left(\frac{34 - 22}{20}\right) \times 20$$

$$= 125 + 12$$

$$= 137$$

माध्य के लिए:

$$a = 135, \sum f_i u_i = 7, \sum f_i = 68, h = 20$$

माध्य $\bar{X} = a + \left(\frac{\sum f_i u_i}{\sum f_i}\right) \times h$

$$= 135 + \left(\frac{7}{68}\right) \times 20$$

$$= 135 + \frac{140}{68}$$

$$= 135 + 2.058$$

$$= 137.058$$

बहुलक के लिए:

सारणी से हमें ज्ञात होता है कि वर्ग 125 - 145 की बारंबारता सबसे अधिक है इसलिए बहुलक वर्ग 125 - 145 है

अत: $l = 125$, $f_0 = 13$, $f_1 = 20$, $f_2 = 14$ और $h = 20$

बहुलक $= l + \left(\frac{f_1 - f_0}{2f_1 - f_0 - f_2}\right) \times h$

$$= 125 + \left(\frac{20-13}{2\times20-13-14}\right) \times 20$$

$$= 125 + \left(\frac{7}{40-27}\right) \times 20$$

$$= 125 + \frac{140}{13}$$

$$= 125 + 10.76$$

$$= 135.76$$

माध्यक = 137, माध्य = 137.058 और बहुलक = 135.76

प्रश्न 2 यदि नीचे दिए हुए बंटन का माध्यक 28.5 हो तो x और y के मान ज्ञात कीजिए:

वर्ग अंतराल	बारंबारता
0-10	5
10-20	x

20-30	20
30-40	15
40-50	y
60-50	5
योग	60

उत्तर-

वर्ग-अंतराल	बारंबारता	संचयी बारंबारता
0-10	5	5
10-20	x	x + 5
20-30	20	25 + x
30-40	15	40 + x
40-50	y	40 + x + y
50-60	5	45 + x + y = 60

दिया है, माध्यक = 28.5,

अत :28.5 वर्ग-अन्तराल 20 – 30 में शामिल है

इसलिए, l = 20, f = 20, h = 10 और cf = 5 + x

N = 60,

$$\text{अतः } \frac{N}{2} = \frac{60}{2} = 30$$

$$\text{माध्यक} = l + \left(\frac{\frac{N}{2} - C.F.}{f}\right) \times h$$

$$28.5 = 20 + \left(\frac{30-(5+x)}{20}\right) \times 10$$

$$28.5 = 20 + \left(\frac{30-5-x}{20}\right) \times 10$$

$$28.5 - 20 = \left(\frac{25-x}{2}\right)$$

$$8.5 = \left(\frac{25-x}{2}\right)$$

$17 = 25 - x$

$x = 25 - 17$

$x = 8 \ldots (i)$

अब, $45 + x + y = 60$

अथवा $x + y = 60 - 45$

$x + y = 15$

$8 + y = 15$ समी० (1) से

$y = 15 - 8$

$y = 7$

$x = 8$, और $y = 7$

प्रश्न 3 एक जीवन बीमा एजेंट 100 पॉलिसी धारकों कि आयु के बंटन के निम्नलिखित आँकड़े ज्ञात करता है। माध्यक आयु परिकलित कीजिए, यदि पॉलिसी केवल उन्हीं व्यक्तियों को दी जाती है, जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो, 60 वर्ष से कम हो,

आयु (वर्षो में)	पॉलिसी धारको की संख्या
20 से कम	2
25 से कम	6
30 से कम	24
35 से कम	45
40 से कम	78
45 से कम	89
50 से कम	92
55 से कम	98
60 से कम	100

उत्तर-

आयु (वर्षो में)	पॉलिसी धारकों की संख्या	संचयी आवृति
20 से कम	2	2
25 से कम	6	6
30 से कम	24	24

35 से कम	45	45
40 से कम	78	78
45 से कम	89	89
50 से कम	92	92
55 से कम	98	98
60 से कम	100	100

यहाँ n = 100,

$$\frac{n}{2} = \frac{30}{2} = 15$$

अवलोकन कक्षा 35 - 40 में निहित है

निचली सीमा (I) = 35

cf - अंतराल को आगे बढ़ाने वाले वर्ग की संचयी आवृत्ति 35 - 40 = 45 है

माध्यिका वर्ग की आवृत्ति (f) 35 - 40 = 33

वर्ग आकार (h) = 5

$$\text{माध्य} = l + \left(\frac{\frac{n}{2} - C.F}{f}\right) \times h$$

$$= 35 + \left(\frac{50-45}{33}\right) \times 5$$

$$= 35 + \frac{5}{33} \times 5$$

$$= 35.76$$

$\therefore$ औसत आयु 35.76 वर्ष है।

प्रश्न 4 एक पौधे कि 40 पत्तियों कि लंबाइयाँ निकटतम मिलीमीटरों में मापी जाती है तथा प्राप्त आँकड़ों को निम्नलिखित सारणी के रूप में निरुपित किया जाता है:

लम्बाई(मिमी में)	पतियों की संख्या
118-126	3
127-135	5

136-144	9
145-153	12
154-162	5
163-171	4
172-180	2

पत्तियों की माध्यक लंबाई ज्ञात कीजिए।

संकेत :माध्यक ज्ञात करने के लिए, आँकड़ों को सतत वर्ग अंतरालों में बदलना पड़ेगा, क्योंकि सूत्र में वर्ग अंतरालों को सतत मन गया है। तब ये वर्ग 117.5 - 126.5 - 135.5,... 171.5 - 180.5 में बदल जाते हैं।

उत्तर-

लम्बाई (मिमी में)	लम्बाई (मिमी में) निरंतर कक्षा	पत्तियों की संख्या
118-126	117.5 - 126.5	3
127-135	126.5 - 135.5	5
136-144	135.5 - 144.5	9
145-153	144.5 - 153.5	12
154-162	153.5 - 162.5	5
163-171	162.5 - 171.5	4
172-180	171.5 - 180.5	2
	$\sum f = 40$	

अब,

$$n = 40, \frac{n}{2} = \frac{40}{2} = 20$$

$$\text{माध्यक} = l + \left(\frac{\frac{n}{2} - C.F}{f}\right) \times h$$

$$= 144.5 + \left(\frac{20-17}{12}\right) \times 9$$

$= 144.5 + \left(\frac{3}{12}\right) \times 9$

$= 144.5 + \frac{27}{12}$

$= 144.5 + 2.25$

$= 146.75$ मिमी

$\therefore$ पत्तियों की औसत लम्बाई $= 146.75$ मिमी।

प्रश्न 5 निम्नलिखित सारणी 400 नियाँन लैंपों के जीवनकालों को प्रदर्शित करती है:

जीवन कल (घंटो में)	**लैंपों की संख्या**
1500-2000	14
2000-2500	56
2500-3000	60
3000-3500	86
3500-4000	74
4000-4500	62
4500-5000	48

एक लैंप का माध्यक जीवन काल ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

जीवनकाल (घंटो में)	**दीपक की संख्या**	**संचयी आवृति**
1500-2000	14	14
2000-2500	56	14 + 56 = 70
2500-3000	60	70 + 60 = 130
3000-3500	86	130 + 86 = 216
3500-4000	74	216 + 74 = 290
4000-4500	62	290 + 62 = 352
4500-5000	48	352 + 48 = 400
	$\sum f = 400$	

अब,

$$n = \sum f_i = 400$$

$$\frac{n}{2} = \frac{400}{2} = 200$$

इस प्रकार अवलोकन कक्षा 3000-3500 में निहित है,

$$\text{माध्य} = l + \left(\frac{\frac{n}{2} - \text{C.F.}}{f}\right) \times h$$

जहां वर्ग की कम सीमा = 3000

f = माध्यिका वर्ग की आवृत्ति = 86

cf = संचयी आवृत्ति माध्यिका वर्ग = 130

h - वर्ग आकार = 500

$$\text{माध्य} = 3000 + \left(\frac{200 - 130}{86}\right) \times 500$$

$$= 3000 + \frac{70}{86} \times 500$$

$$= 3000 + 406.98$$

$$= 3406.98$$

इस प्रकार एक दीपक का औसत जीवनकाल 3406.98 घंटे है।

प्रश्न 6 एक स्थानीय टेलीफ़ोन निर्देशिका से 100 कुल नाम लिए और उनमें प्रयुक्त अंग्रेज़ी वर्णमाला के अक्षरों की संख्या का निम्नलिखित बारंबारता बंटन प्राप्त हुआ:

अक्षरों कि संख्या	1-4	4-7	7-10	10-13	13-16	16-19
कुल नामों की संख्या	6	30	40	16	4	4

कुल नामों में माध्यक अक्षरों कि संख्या ज्ञात कीजिए। कुल नामों में माध्य अक्षरों कि संख्या ज्ञात कीजिए। साथ ही, कुल नामों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

अक्षरों की संख्या	उपनामों की संख्या	संचयी आवृति
1-4	6	6

4-7	30	6 + 30 = 36
7-10	40	36 + 40 = 76
10-13	16	16 + 76 = 92
13-16	4	4 + 92 = 96
16-19	4	4 + 96 = 100
	100	

अब,

$$n = 100, \frac{n}{2} = 50$$

यहाँ अवलोकन कक्षा 7 - 10 में है

f - माध्यिका वर्ग की आवृत्ति (1 - 10) = 40

cf - (कक्षा की कार्यवाही का संचयी फुट समीकरण) (7 - 1 0) = 36

$$\text{माध्य} = l + \left(\frac{\frac{n}{2} - C.F.}{f}\right) \times h$$

$$= 7 + \left(\frac{50-36}{40}\right) \times 3$$

$$= 7 + \left(\frac{14}{40}\right) \times 3$$

$$= 7 + 1.05$$

$$= 8.05$$

$$\therefore \text{माध्य} = 8.05$$

$$\text{उपनामों में अक्षरों की संख्या} = 8.05$$

चलिए कदम विचलन विधि का उपयोग करते हुए माध्य की गणना करते हैं:

अक्षरों की संख्या	उपनामों की संख्या f_i	कक्षा का आकर (x_i)	$u_i = \frac{x_i - A}{h} = \frac{x_i - 11.5}{3}$	$f_i u_i$
1-4	6	2.5	-3	-18
4-7	30	5.5	-2	-60

7-10	40	8.5	-1	-40
10-13	16	11.5	0	0
13-16	4	14.5	1	4
16-19	4	17.5	2	8
				$\sum f_iu_i = -106$

इस उपनाम में अक्षरों की संख्या = 8.32 माध्य

$$\bar{X} = A + \left(\frac{\sum f_iu_i}{\sum f_i}\right) \times h$$

$$= 11.5 + \left(\frac{-106}{100}\right) \times 3$$

$$= 11.5 - 3.18$$

$$= 8.32$$

अब हमें उपनामों के सामान्य आकार का पता लगाना होगा

अक्षरों की संख्या	उपनामों की संख्या f
1-4	6
4-7	30
7-10	40
10-13	16
13-16	4
16-19	4

यहाँ अधिकतम आवृत्ति 40 है। इस आवृत्ति के अनुरूप वर्ग 7 - 10 है।

l = मॉडल वर्ग की निचली सीमा = 7

मोडल वर्ग की आवृत्ति) f_1) = 40

मोडल वर्ग = 30 को आगे बढ़ाने वाले वर्ग की आवृत्ति) f_0)

आवृत्ति) f_2) वर्ग की सफल कक्षा मोडल = 16

वर्ग का आकार) h) = 3

$$\text{माध्य} = l + \left(\frac{f_1 - f_0}{2f_1 - f_0 - f_2}\right) \times h$$

$$= 7 + \left(\frac{40 - 30}{2(40) - 30 - 16}\right) \times 3$$

$$= 7 + \left(\frac{10}{80 - 30 - 16}\right) \times 3$$

$$= 7 + \left(\frac{10}{34}\right) \times 3 = 7 + 0.88$$

$$= 7.88$$

$\therefore$ उपनामों का मॉडल $= 7.88$

प्रश्न 7 नीचे दिया हुआ बंटन एक कक्षा के 30 विधार्थियों के भार दर्शा रहा है। विधार्थियों का माध्यक भार ज्ञात कीजिए:

भार (किलोग्राम में)	40-45	45-50	50-55	55-60	60-65	65-70	70-75
विधयर्थियो की संख्या	2	3	8	6	6	3	2

उत्तर-

वजन (किलोग्राम में)	विद्यार्थियों की संख्या	संचयी आवृति
40-45	2	2
45-50	3	2 + 3 = 5
50-55	8	5 + 8 = 13
55-60	6	13 + 6 = 19
60-65	6	19 + 6 = 25
65-70	3	25 + 3 = 28
70-75	2	2 + 28 = 30

अब,

$$n = 30, = \frac{n}{2} = \frac{30}{2} = 15$$

यहाँ अवलोकन कक्षा 55-60 में निहित है

निचली सीमा (I) = 55

f (माध्यिका वर्ग की आवृत्ति) = 6

cf (कक्षा की संचयी आवृत्ति मंझला वर्ग = 13 को आगे बढ़ाती है

$$\text{माध्य} = l + \left(\frac{\frac{n}{2} - C.F.}{f}\right) \times h$$

$$= 55 + \left(\frac{15 - 13}{6}\right) \times 5$$

$$= 55 + \left(\frac{5}{3}\right) \times 5$$

$$= 55 + 1.67$$

$$= 56.67 \text{ किलोग्राम}$$

प्रश्नावली 14.4 (पृष्ठ संख्या 320-321)

प्रश्न 1 निम्नलिखित बंटन किसी फैक्ट्री के 50 श्रमिकों कि दैनिक आय दर्शाता है:

दैनिक आय (रुपयों में)	100-120	120-140	140-160	160-180	180-200
श्रमिक की संख्या	12	14	8	6	10

'उपरोक्त बंटन को एक कम प्रकार' के संचयी बारंबारता बंटन में बदलिए और उसका तोरण खींचिए।

उत्तर- से कम प्रकार’ का संचयी बारंबारता बंटन सारणी:

दैनिक आय	श्रमिकों की संख्या	संचयी बारंबारता
120	12	12
140	14	26
160	8	34
180	6	40

800	10	50

'से कम प्रकार' के तोरण के लिए क्रमित युग्म) order pairs):

(120, 12), (140, 26), (160, 34), (180, 40) और) 200, 50)



प्रश्न 2 किसी कक्षा के 35 विधार्थियों कि मेडिकल जाँच के समय, उनके भार निम्नलिखित रूप में रिकॉर्ड किए गए:

भार (किलोग्राम में)	विद्यार्थियों की संख्या
38 से कम	0
40 से कम	3
42 से कम	5
44 से कम	9
46 से कम	14
48 से कम	28
50 से कम	32
52 से कम	35

उपरोक्त आँकड़ों के 'लिए कम प्रकार का तोरण' खींचिए। इसके बाद माध्यक भार ज्ञात कीजिए।

उत्तर- 'से कम प्रकार के' तोरण के लिए संचयी बारंबारता सारणी

भार (किलोग्राम में)	विद्यार्थियों की संख्या
38 से कम	0
40 से कम	3
42 से कम	5
44 से कम	9

46 से कम	14
48 से कम	28
50 से कम	32
52 से कम	35

से कम प्रकार' के तोरण के लिए के लिए क्रमित युग्म) Order pairs):

(38, 0), (40, 3), (42, 5), (44, 9), (46, 14), (48, 28), (50, 32), (52, 35)



प्रश्न 3 निम्नलिखित सारणी किसी गाँव के 100 फार्मों में हुआ प्रति हेक्टेयर (ha) गेंहूँ का उत्पादन दर्शाते हैं:

उत्पादन (किलोग्राम/ हेक्टेयर)	50-55	55-60	60-65	65-70	70-75	75-80
फार्मों की संख्या	2	8	12	24	38	16

इस बंटन को 'अधिक के प्रकार के' बंटन में बदलिए और फिर उसका तोरण खींचिए।

उत्तर- 'से अधिक प्रकार के' तोरण के लिए संचयी बारंबारता सारणी:

भार (किलोग्राम में)	**संचयी बारंबारता**
50	2 + 8 + 12 + 24 + 38 + 16 = 100
55	8 + 12 + 24 + 38 + 16 = 98
60	12 + 24 + 38 + 16 = 90
65	24 + 38 + 16 = 78
70	38 + 16 = 54
75	+ 16 = 16

'से अधिक प्रकार' के तोरण के लिए के लिए क्रमित युग्म) Order pairs):

(50, 100), (55, 98), (60, 90), (65, 78), (70, 54), (75, 16)



प्रायिकता



किसी घटना के घटने या न घटने की सम्भाब्यता को उसकी प्रायिकता कहलाती है। उदाहरण के लिए यदि कोई सिक्का उछाला जाय तो या तो हेड आएगा या टेल आएगा। इस प्रकार 2 सम्भावना मे 1 हेड या 1 टेल आएगा। दोनों की ही प्रायिकता $\frac{1}{2}$ होगी।

$$\text{प्रायिकता } P(E) = \frac{\text{अभिप्रयोगों की संख्या जिनमें घटना घटित हुई है}}{\text{अभिप्रयोगों की कुल संख्या}}$$

परिभाषा

किसी भी घटना के घटित होने की संभावना को प्रायिकता के रूप में जाना जाता है। जब कोई घटना घटित होती है, तो अनुकूल परिणामों की संभावनाएँ प्रायिकता का मान होती हैं। उदाहरण के लिए, यदि हम एक सिक्के को उछालते हैं तो चित और पट आने की संभावना बराबर होती है। सिक्का उछालना एक प्रयोग है और चित या पट के आने की संभावना क्रमशः चित या पट के आने की प्रायिकता है। एक चित और एक पट प्राप्त करना इस प्रयोग की घटनाएँ हैं।

प्रायिकता का सूत्र (Formula of the Probability)

किसी भी घटना की प्रायिकता का सूत्र इस प्रकार दिया जाता है:

$$\text{प्रायिकता} = \frac{\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{संभावित परिणामों की कुल संख्या}}$$

किसी घटना A के लिए, उपरोक्त सूत्र को इस प्रकार लिखा जा सकता है:

घटना A की प्रायिकता, P (A) = घटना A के अनुकूल परिणामों की संख्या / घटना A के परिणामों की कुल संख्या

नोट – उपरोक्त सूत्र केवल सैद्धान्तिक प्रायिकता ज्ञात करने में सहायक है जिसे पारंपरिक प्रायिकता भी कहते हैं।

व्याख्या

प्रायिकता में, प्रत्येक प्रयोग के परिणामों को आदर्श स्थिति में समान माना जाता है। लेकिन व्यावहारिक रूप से हर प्रयोग के परिणाम समान नहीं होते हैं। यदि हम एक सिक्के को समतल सतह पर उछालते हैं तो परिणाम एक चित या एक पट होगा लेकिन यदि हम एक सिक्के को रेत पर उछालते हैं तो परिणाम समान नहीं होंगे क्योंकि सिक्का इसके किनारे के अनुदिश गिर सकता है। इस स्थिति में, तीन परिणाम होंगे लेकिन हम उन पर विचार नहीं करते हैं और आदर्श स्थिति के लिए केवल दो समान परिणामों (चित या पट) पर विचार करते हैं।

इसे स्पष्ट रूप से समझने के लिए हम एक और उदाहरण लेते हैं। एक बॉक्स है और बॉक्स में 5 पेंसिल और 2 पेन हैं और हमें एक पेंसिल या एक पेन निकालने की प्रायिकता ज्ञात करनी है। चूँकि बॉक्स में 5 पेंसिल और 2 पेन हैं इसलिए पेंसिल मिलने की संभावना पेन मिलने से ज्यादा है। इसका मतलब है कि इस प्रयोग के परिणाम समान नहीं हैं।

यह देखते हुए कि सभी प्रयोगों के परिणाम हमेशा समान नहीं होते हैं, इस कक्षा में, हम मान लेंगे कि सभी प्रयोगों के समान परिणाम हैं।

उदाहरण – एक सिक्के को एक बार उछालने पर चित आने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

हल – इस उदाहरण में, एक सिक्के को एक बार उछाला जाता है, इसलिए दो संभावित परिणाम होंगे चित या पट। मान लीजिए A चित आने की घटना है।

एक सिक्के को एक बार उछालने पर चित आने का परिणाम 1 होता है। इसका अर्थ है कि घटना A के अनुकूल परिणाम 1 है और कुल संभावित परिणाम 2 हैं।

इसलिए,

घटना A की प्रायिकता, P(A) = अनुकूल परिणामों की संख्या / संभावित परिणामों की कुल संख्या

$P(A) = \frac{1}{2}$

उत्तर

नोट -1) उपरोक्त उदाहरण में, एक पट प्राप्त करने की संभावना भी $\frac{1}{2}$ होगी क्योंकि पट प्राप्त करने का अनुकूल परिणाम भी 1 है। माना B पट प्राप्त करने की घटना है। तब

$P(A) = \frac{1}{2}$ और $P(B) = \frac{1}{2}$

अब दोनों प्रायिकताओं को जोड़ने पर, $P(A) + P(B) = \frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 1$

उपरोक्त व्यंजक से हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि किसी प्रयोग की सभी घटनाओं की प्रायिकताओं का योग 1 होता है।

2) उपरोक्त उदाहरण में, हमने एक चित आने की प्रायिकता ज्ञात की है लेकिन हम यह भी कह सकते हैं कि हमने पट न मिलने की प्रायिकता ज्ञात की है। दोनों प्रायिकताएँ समान हैं। A एक चित आने की

घटना है और माना A एक पट न आने की घटना है।

इसलिए, दो समान घटनाएँ P(A) और P(A`) हैं। दोनों घटनाओं को जोड़ने पर,

$P(A) + P(A`) = \frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 1$

जहाँ, P(A) = चित आने की प्रायिकता

P(A`) = पट न आने की प्रायिकता

सामान्य तौर पर, एक घटना E के लिए, हम लिख सकते हैं, P(E) + P(E`) = 1

जहाँ, P(E) = घटना E की प्रायिकता

P(E`) = घटना E की नहीं प्रायिकता

हम यह भी लिख सकते हैं, P(E) = 1 – P(E`) या P(E`) = 1 – P(E)

3) घटना E`, घटना E की पूरक है इसलिए घटना E और घटना E` को पूरक घटना (Complementary Event) कहा जाता है।

प्रायिकता से संबंधित पद (Terms Related to the Probability)

प्रयोग (Experiment) – प्रायिकता ज्ञात करने के लिए कार्य करना एक प्रयोग (Experiment) है। जैसे- एक सिक्का उछालना, पासा फेंकना, डिब्बे में से कोई वस्तु निकालना प्रयोग हैं।



घटना (Event) – किसी प्रयोग के परिणाम को घटना (Event) कहते हैं। उदाहरण के लिए – पासे को फेंकने के बाद कोई संख्या प्राप्त करना एक घटना है।

असंभव घटना (Impossible Event) – यदि किसी घटना की प्रायिकता 0 है तो वह असंभव घटना (Impossible Event) कहलाती है। इस प्रकार की घटना का घटित होना असंभव है।

उदाहरण – एक लकड़ी के बक्से में, 3 नीली गेंदें और 2 लाल गेंदें हैं। एक काली गेंद आने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

हल – मान लीजिए कि एक काली गेंद प्राप्त होने की घटना A है, लेकिन जैसा कि हम देख सकते हैं कि लकड़ी के बक्से में केवल 3 नीली गेंदें और 2 लाल गेंदें हैं। इसमें कोई काली गेंद नहीं है।

अतः अनुकूल परिणामों की संख्या 0 होगी और संभावित परिणामों की कुल संख्या 3 + 2 = 5 है।

इसलिए,

एक काली गेंद मिलने की प्रायिकता, P(A) = अनुकूल परिणामों की संख्या / कुल संभावित परिणाम

$P(A) = 0/5$

$P(A) = 0$

यह एक असंभव घटना का उदाहरण है।

निश्चित घटना (Certain Event)– यदि किसी घटना की प्रायिकता 1 है तो वह घटना निश्चित घटना (Certain Event) कहलाती है। निश्चित घटना को Sure event भी कहा जाता है।

उदाहरण – एक पासे को एक बार फेंकने पर 0 से बड़ी और 7 से छोटी संख्या आने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

हल – हम जानते हैं कि एक पासे के फलक पर अंकित अंक 1, 2, 3, 4, 5 और 6 हैं। हमें 0 से बड़ी और 7 से छोटी संख्या आने की प्रायिकता ज्ञात करनी है और पासे के फलक पर प्रत्येक अंक 0 से बड़ा और 7 से छोटा है। इसलिए, पासे के फलक पर प्रत्येक संख्या अनुकूल परिणाम है और 6 संख्याएँ हैं इसलिए 6 अनुकूल परिणाम होंगे।

मान लीजिए B, 0 से बड़ी और 7 से छोटी संख्या प्राप्त करने की घटना है और कुल परिणाम भी 6 हैं।

इसलिए, प्रायिकता $P(B) = 6/6 = 1$

यह एक निश्चित घटना का उदाहरण है।

नोट -1) उपरोक्त उदाहरणों से हम समझ सकते हैं कि प्रायिकता का न्यूनतम मान 0 हो सकता है और प्रायिकता का अधिकतम मान 1 हो सकता है। इसका अर्थ है कि किसी घटना E के लिए प्रायिकता का मान 0 और 1 के बीच होता है या हम लिख सकते हैं $0 \le P(E) \le 1$

2) क्योंकि प्रायिकता का मान 0 और 1 के बीच होता है इसलिए प्रायिकता के सूत्र में अंश (किसी घटना के अनुकूल परिणामों की संख्या) हमेशा हर (संभावित परिणामों की कुल संख्या) से कम या उसके बराबर होता है।

सैद्धांतिक प्रायिकता

किसी घटना E की सैद्धांतिक प्रायिकता जिसे परंपरागत प्रायिकता भी कहा जाता है।ह P(E) निम्नलिखित रूप में परिभाषित की जाती है।

$$P(E) = \frac{\text{E के अनुकूल परिणामों की सख्ंया}}{\text{प्रयोग के सभी संभव परिणामों की सख्ंया}}$$

हल सहित उदाहरण

एक चित प्राप्त करने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए, जब एक सिक्के को एक बार उछाला जाता है। साथ ही, एक पट प्राप्त करने की भी प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

हल:

एक सिक्के को एक बार उछालने के प्रयोग में, संभव परिणामों की संख्या 2 है: चित (H) और पट (T)। मान लीजिए घटना E 'चित प्राप्त करना' है। तब, E के अनुकूल (अर्थात् चित प्राप्त करने के अनुकूल) परिणाम 1 है। अतः,

P(E) = P (चित) = E के अनुकूल परिणामों की सख्ंया/ सभी संभव परिणामों की सख्ंया $= \frac{1}{2}$

इसी प्रकार, यदि घटना F पट प्राप्त करना है, तो P(F) = P (चित) $= \frac{1}{2}$

प्रारंभिक घटना

किसी प्रयोग की वह घटना जिसका केवल एक ही परिणाम हो प्रारंभिक घटना कहलाती है। उदाहरण 1 में दोनों घटनाएँ E और F प्रारंभिक घटनाएँ हैं।

ऊपर दिए गए उदाहरण में हम देखते हैं कि P(E) + P(F) $= \frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 1$

नोट:

किसी प्रयोग की सभी प्रारंभिक घटनाओं की प्रायिकताओं का योग 1 है। यह व्यापक रूप में भी सत्य है।

अभ्यास के लिए प्रश्न

मान लीजिए हम एक पासे को एक बार फेंकते हैं।

(i) 4 से बड़ी संख्या प्राप्त होने की प्रायिकता क्या है?

(ii) 4 से छोटी या उसके बराबर संख्या प्राप्त होने की प्रायिकता क्या है?

हल

(i) यहाँ मान लीजिए कि '4 से बड़ी संख्या प्राप्त करना' घटना E है। सभी संभव परिणाम छः हैं, ये 1, 2, 3, 4, 5 और 6 हैं। स्पष्टतः, घटना E के अनुकूल परिणाम 5 और 6 हैं। अतः E के अनुकूल परिणामों की संख्या 2 है। इसलिए

P(E) = P (4 से बड़ी संख्या) $= \frac{2}{6} = \frac{1}{3}$

(ii) मान लीजिए '4 से छोटी या उसके बराबर संख्या प्राप्त करना' घटना F है। सभी संभव परिणाम = 6 हैं।

घटना F के अनुकूल परिणाम 1, 2, 3 और 4 हैं।

अतः F के अनुकूल परिणामों की संख्या 4 है।

इसलिए $P(F) = \frac{4}{6}$

$$= \frac{2}{3}$$

क्या उपरोक्त उदाहरण में दी हुई घटना E और F प्रारंभिक घटनाएँ हैं? नहीं, ये प्रारंभिक घटनाएँ नहीं हैं, क्योंकि घटना E के 2 परिणाम हैं तथा घटना F के 4 परिणाम हैं।

स्मरणीय तथ्य

प्रायोगिक प्रायिकता (वास्तविक प्रयोगों के परिणामों पर आधारित थीं।) और सैद्धांतिक प्रायिकता (जिसे पारंपरिक प्रायिकता भी कहते हैं) में अंतर।

घटना E की सैद्धांतिक (या परंपरागत) प्रायिकता P(E) को निम्नलिखित रूप में परिभाषित किया जाता है: $P(E) = \frac{\text{E के अनुकूल परिणामों की सख्ंया}}{\text{सभी संभव परिणामों की सख्ंया}}$

जहाँ हम कल्पना करते हैं कि प्रयोग के सभी परिणाम समप्रायिक हैं।

पूरक घटना

घटना 'E नहीं' को निरूपित करने वाली घटना $\bar{E}$ घटना E की पूरक घटना कहलाती है। हम यह भी कहते हैं कि E और $\bar{E}$ परस्पर पूरक घटनाएँ हैं।

व्यापक रूप में, किसी घटना E के लिए यह सत्य है कि $P(\bar{E}) = 1 - P(E)$

असंभव घटना

उस घटना, जिसका घटित होना असंभव है, की प्रायिकता 0 होती है। ऐसी घटना को एक असंभव घटना कहते हैं।

हल सहित उदाहरण

(i) पासे को एक बार फेंकने पर संख्या 8 प्राप्त करने की क्या प्रायिकता है?

(ii) पासे को एक बार फेंकने पर 7 से छोटी संख्या प्राप्त करने की क्या प्रायिकता है?

हल:

(i) हम जानते हैं कि पासे को एक बार फेंकने पर केवल छः ही संभावित परिणाम हैं। ये परिणाम 1, 2,

3, 4, 5 और 6 हैं। चूँकि पासे के किसी भी फलक पर 8 अंकित नहीं है, इसलिए 8 के अनुकूल कोई भी परिणाम नहीं है, अर्थात् ऐसे परिणामों की संख्या शून्य (0) है। दूसरे शब्दों में, पासे को एक बार फेंकने पर, संख्या 8 प्राप्त करना असंभव है। अतः P(8 प्राप्त करना) $= \frac{0}{6} = 0$

अर्थात् उस घटना, जिसका घटित होना असंभव है, की प्रायिकता 0 होती है। ऐसी घटना को एक असंभव घटना कहते हैं।

(ii) चूँकि पासे के प्रत्येक फलक पर ऐसी संख्या लिखी है जो 7 से छोटी है, इसलिए पासे को एक बार फेंकने पर यह निश्चित है कि प्राप्त संख्या सदैव 7 से छोटी होगी। अतः, घटना के अनुकूल परिणामों की संख्या सभी संभावित परिणामों की संख्या के बराबर होगी, जो 6 है।

इसलिए, P(E) = P(7 से छोटी संख्या प्राप्त करना) $= \frac{6}{6} = 1$

निश्चित घटना

अतः उस घटना, जिसका घटित होना निश्चित है, की प्रायिकता 1 होती है। ऐसी घटना को एक निश्चित या निर्धारित घटना कहते हैं।

टिप्पणी:

प्रायिकता P(E) की परिभाषा से, हम देखते हैं कि अंश (घटना E के अनुकूल परिणामों की संख्या) सदैव हर (सभी संभव परिणामों की संख्या) से छोटा होता है या उसके बराबर होता है। अतः,

$0 \le P(E) \le 1$

अभ्यास के लिए प्रश्न

अच्छी प्रकार से फेटी गई 52 पत्तों की एक गड्डी में से एक पत्ता निकाला जाता है। इसकी प्रायिकता परिकलित कीजिए कि यह पत्ता:

(i) एक इक्का होगा।

(ii) एक इक्का नहीं होगा।

हल

गड्डी को अच्छी प्रकार से फेटनें से परिणामों का समप्रायिक होना सुनिश्चित हो जाता है।

(i) एक गड्डी में 4 इक्के होते हैं। मान लीजिए घटना E 'एक इक्का होना' है।

E के अनुकूल परिणामों की संख्या = 4

सभी संभव परिणामों की संख्या = 52 (क्यों?)

अतः $P(E) = \frac{4}{52} = \frac{1}{13}$

(ii) मान लीजिए घटना F 'एक इक्का नहीं' है।

माना F के अनुकूल परिणामों की संख्या = 52 – 4 = 48 (क्यों?)

सभी संभव परिणामों की संख्या = 52

अतः $P(F) = \frac{48}{52} = \frac{12}{13}$

टिप्पणी:

ध्यान दीजिए कि F और कुछ नहीं बल्कि $\bar{E}$ ही है। अतः, हम P(F) को इस प्रकार भी परिकलित कर सकते हैं:

$P(F) = P(\bar{E}) = 1 - P(E) = 1 - \frac{1}{13} = \frac{12}{13}$

स्मरणीय तथ्य

- एक निश्चित (या निर्धारित) घटना की प्रायिकता 1 होती है।
- एक असंभव घटना की प्रायिकता 0 होती है।
- घटना E की प्रायिकता एक ऐसी संख्या P(E) है कि $0 \le P(E) \le 1$
- वह घटना जिसका केवल एक ही परिणाम हो एक प्रारंभिक घटना कहलाती है। किसी प्रयोग की सभी प्रारंभिक घटनाओं की प्रायिकता का योग 1 होता है।
- किसी भी घटना E के लिए $P(E) + P(\bar{E}) = 1$ होता है, जहाँ $\bar{E}$ घटना 'E नहीं' को व्यक्त करता है। E और $\bar{E}$ पूरक घटनाएँ कहलाती हैं।

उदाहरण:

1. एक थैले में 3 लाल और 5 काली गेंदें हैं | इस थैले में से एक गेंद यदृच्छया निकाली जाती है| इसकी प्रायिकता क्या है कि गेंद

(i) लाल हो

(ii) लाल नहीं हो ?

हल: थैले में गेंदों की कुल संख्या = 3 + 5 = 8

थैले में से एक गेंद निकालने की घटना के सभी संभव परिणामों की संख्या = 8

(*i*) चूंकि लाल गेंदों की संख्या = 3

⇒ अनुकूल परिणामों की संख्या = 3

$$\therefore P_{(\text{लाल गेंद निकालना})} = \frac{\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{संभव परिणामों की संख्या}} = \frac{3}{8}$$

$$\text{अत: } P_{(\text{लाल गेंद निकालना})} = \frac{3}{8}$$

(*ii*) चूंकि काली गेंदों की संख्या = 5

⇒ लाल गेंद नहीं वाले परिणामों की संख्या = 5

∴ अनुकूल परिणामों की संख्या = 5

$$\therefore P_{(\text{लाल गेंद नहीं निकालना})} = \frac{\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{संभव परिणामों की संख्या}} = \frac{5}{8}$$

2. एक डिब्बे में 5 लाल कंचे, 8 सफेद कंचे और 4 हरे कंचे हैं | इस डिब्बे में से एक कंचा

(i) लाल है ?

(ii) सफेद है ?

(iii) हरा नहीं है ?

हल: डिब्बे में कंचों की संख्या = 5 लाल कंचे + 8 सफेद कंचे + 4 हरे कंचे = 17 कंचे।

डिब्बे में से एक कंचा निकालने की घटना के सम्भव परिणामों की संख्या = 17

(i) लाल गेंदों की संख्या = 5

डिब्बे में से निकाली गई गेंद का लाल होने की घटना के परिणामों की संख्या = 5

अनुकूल परिणामों की संख्या = 5

अनुकूल परिणामों की संख्या = 5

$$\therefore P_{(\text{लाल गेंद})} = \frac{\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{संभव परिणामों की संख्या}} = \frac{5}{17}$$

(ii) सफेद गेंदों की संख्या = 8

डिब्बे में से सफेद गेंद निकाली जाने की घटना के परिणामों की संख्या = 8

अनुकूल परिणामों की संख्या = 8

$$\therefore P_{(\text{सफेद गेंद})} = \frac{\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{संभव परिणामों की संख्या}} = \frac{8}{17}$$

(iii) $\because$ डिब्बे में हरी गेंदों की संख्या = 4

$\therefore$ डिब्बे में 'हरी गेंद नहीं' की संख्या = 17 – 4 = 13

$\therefore$ डिब्बे में से निकाली गई गेंद का 'हरा नहीं' होने की घटना के परिणामों की संख्या = 13

अर्थात् अनुकूल परिणामों की संख्या = 13

$$\therefore P_{(\text{हरा गेंद नहीं निकालना})} = \frac{\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{संभव परिणामों की संख्या}} = \frac{13}{17}$$

3. एक पिग्गी बैंक (piggy bank) में, 50 पैसे के सौ सिक्के है, 1 रू के पचास सिक्के हैं, 2 रू के बीस सिक्के गिरने के परिणाम समप्रायिक हैं, तो इसकी क्या प्रायिकता है कि वह गिरा हुआ सिक्का

(i) 50 पैसे का होगा ?

(ii) 5 रू का नहीं होगा ?

हलः पिग्गी-बैंक में कुल सिक्कों की संख्या = 50 पैसे के सिक्के + 1 के सिक्के + 2र के सिक्के + 5 के सिक्के

= 100 + 50 + 20 + 10 = 180

पिग्गी बैंक से सिक्का निकलने की घटना के परिणामों की संख्या = 180

(i) 50 पै. के सिक्कों की संख्या = 100

पिग्गी बैंक से 50 पैसे का सिक्का गिरने की घटना की संख्या = 100

$$\Rightarrow \quad P_{(50 \text{ पैसे का सिक्का होना})} = \frac{\cancel{100}^{5}}{\cancel{180}_{9}} = \frac{5}{9}$$

(*ii*) $\because$ 5 ₹ के सिक्कों की संख्या = 10

$\therefore$ 5 ₹ के अतिरिक्त सिक्कों की संख्या = 180 – 10
= 170

$\therefore$ पिग्गी बैंक से गिरने वाले सिक्कों का '5 ₹ का सिक्का नहीं' होने की घटना के परिणामों की संख्या = 170

$$\Rightarrow \quad P_{(5 \text{ ₹ का सिक्का नहीं})} = \frac{\cancel{170}^{17}}{\cancel{180}_{18}} = \frac{17}{18}$$

4. गोपी अपने जल – जीव कुंड (aquarium) के लिए एक दुकान से मछली खरीदती है | दुकानदार एक टंकी, जिसमें 5 नर मछली और 8 मादा मछली है, में से एक मछली यादृच्छया उसे देने के लिए निकालती है (देखिए आकृति 15.4) | इसकी प्रायिकता है कि निकाली गई मछली नर मछली है?

हलः मछलियों की कुल संख्या = (नर मछलियों की संख्या) + (मादा मछलियों की संख्या) = 5 + 8 = 13

कुंड में से मछली निकालने की घटना के परिणामों की कुल संख्या = 13

संभव परिणामों की संख्या = 13

चूंकि नर मछलियों की संख्या = 5

अनुकूल परिणामों की संख्या = 5

$$\therefore P_{(\text{नर मछली का निकलना})} = \frac{\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{संभव परिणामों की संख्या}} = \frac{5}{13}$$

5. संयोग (chance) के एक खेल में, एक तीर को घुमाया जाता है, जो विश्राम में आने के बाद संख्याओं 1,2,3,4,5,6,7, और 8 में से किसी एक संख्या को इंगित करता है (देखिए आकृति 15.5) | यदि ये सभी परिणाम समप्रायिक हों तो इसकी क्या प्रायिकता है कि यह तीर इंगित

(i) 8 को करेगा ?

(ii) एक विषम संख्या को करेगा ?

(iii) 2 से बड़ी संख्या को करेगा ?

(iv) 9 से छोटी संख्या को करेगा ?

हलः चूंकि विश्राम में आने पर तीर 1 से 8 तक की किसी भी संख्या को इंगित करता है।

संभव परिणामों की संख्या = 8

(i) चूंकि चक्र पर 8 का एक अंक है।

अंक 8 को इंगित करने की घटना के परिणामों की संख्या = 1

अनुकूल परिणामों की संख्या = 1

$$\therefore P_{(\text{8 की ओर तीर इंगित होना})} = \frac{[\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}]}{[\text{कुल संभव परिणामों की संख्या}]} = \frac{1}{8}$$

(ii) चूंकि विषम संख्याएँ 1, 3, 5 और 7 हैं।

$\therefore$ विषम संख्याओं की संख्या = 4

$\Rightarrow$ अनुकूल परिणामों की संख्या = 4

$$\therefore P_{(\text{विषम संख्या की ओर तीर इंगित होना})} = \frac{[\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}]}{[\text{कुल संभव परिणामों की संख्या}]} = \frac{\cancel{4}^{1}}{\cancel{8}_{2}} = \frac{1}{2}$$

(iii) चूंकि 2 से बड़ी संख्याएँ: 3, 4, 5, 6, 7 और 8 हैं

$\therefore$ 2 से बड़ी संख्याओं की संख्या = 6

$\Rightarrow$ अनुकूल परिणामों की संख्या = 6

$$\therefore P_{(\text{2 से बड़ी संख्या की ओर तीर इंगित होना})} = \frac{[\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}]}{[\text{कुल संभव परिणामों की संख्या}]} = \frac{\cancel{6}^{3}}{\cancel{8}_{4}} = \frac{3}{4}$$

(iv) 9 से छोटी संख्याएँ 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 और 8

$\Rightarrow$ अनुकूल परिणामों की संख्या = 8

$$\therefore P_{(\text{9 से छोटी संख्या की ओर तीर इंगित होना})} = \frac{\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{संभव परिणामों की संख्या}} = \frac{8}{8} = 1$$

6. एक पासे को एक बार फेंका जाता है | निम्नलिखित को प्राप्त करने कि प्रायिकता ज्ञात कीजिए :

(i) एक अभाज्य संख्या

(ii) 2 और 6 के बीच स्थित कोई संख्या

(iii) एक विषम संख्या

हलः

(i) एक पासे पर अभाज्य संख्याएँ 2, 3 और 5 हैं।

माना कि घटना E" एक अभाज्य संख्या प्राप्त करना है।"

E के अनुकूल परिणामों की संख्या = 3

चूंकि पासे पर छः संख्याएँ [1, 2, 3, 45 और 6] होती हैं।

E के संभावित परिणामों की संख्या = 6

$$\therefore P_{(E)} = \frac{\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{संभव परिणामों की संख्या}} = \frac{\cancel{3}^{1}}{\cancel{6}_{2}} = \frac{1}{2}$$

(ii) माना घटना E, पासे पर 2 और 6 के बीच की कोई संख्या प्राप्त करना है।

$\because$ 2 और 6 के बीच की संख्याएँ 3, 4 और 5 हैं।

$\therefore$ E के अनुकूल परिणामों की संख्या = 3

E के कुल संभव परिणामों की संख्या = 6

$$\therefore P_{(E)} = \frac{\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{सभी संभव परिणामों की संख्या}} = \frac{\cancel{3}^{1}}{\cancel{6}_{2}} = \frac{1}{2}$$

(iii) माना घटना E "पासे पर एक विषम संख्या प्राप्त करना है।"

चूंकि पासे पर विषम संख्याएँ 1, 3 और 5 है।

$\therefore$ E के अनुकूल परिणामों की संख्या = 3, E के सभी संभव परिणामों की संख्या = 6

$$\Rightarrow P_{(E)} = \frac{\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{सभी संभव परिणामों की संख्या}} = \frac{\cancel{3}^{1}}{\cancel{6}_{2}} = \frac{1}{2}$$

एक बच्चे के पास ऐसा पासा है जिसके फलकों पर निम्नलिखित अक्षर अंकित है :

A	B	C	D	E	A

इस पासे को एक बार फेंका जाता है | इसकी क्या प्रायिकता है कि

(i) A प्राप्त हो ?

(ii) D प्राप्त हो ?

हलः चूंकि पासे के 6 फलकों पर अंकित अक्षर इस प्रकार हैं:

A	B	C	D	E	A

फेंके जाने पर एक अक्षर छः प्रकार से प्राप्त होता है।

सम्भव परिणामों की कुल संख्या = 6

(i) चूंकि दो फलकों पर अक्षर A अंकित है।

अक्षर A दो प्रकार से प्राप्त हो सकता है।

अनुकूल परिणामों की संख्या = 2

माना घटना E "अक्षर A का प्राप्त होना" है,

$$\therefore P_{(E)} = \frac{\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{सभी संभव परिणामों की संख्या}}$$

$$= \frac{\cancel{2}^{\,1}}{\cancel{6}_{\,3}} = \frac{1}{3}$$

(ii) चूंकि केवल एक फलक पर अक्षर D अंकित है।

अनुकूल परिणामों की संख्या = 1

माना घटना E "अक्षर D वाला फलक प्राप्त हो" है,

$$\therefore P_{(E)} = \frac{\text{अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{सभी संभव परिणामों की संख्या}}$$

$$= \frac{1}{6}$$

7. मान लीजिये आप एक पासे को आकृति 15.6 में दर्शाए आयताकार क्षेत्र में यादृच्छया रूप से गिराते हैं | इसकी क्या प्रायिकता है कि वह पासा 1m व्यास वाले वृत्त के अन्दर गिरेगा?





हल: आयत का क्षेत्रफल = लम्बाई × चौड़ाई

$= 3$ मी. $\times 2$ मी. $= 6$ (मी.)^2

वृत्त का क्षेत्रफल $= \pi r^2$

$= \pi\left(\frac{1}{2}\right)^2$ मी.^{2} | व्यास = 1 मी. $\Rightarrow$ अर्धव्यास $= \frac{1}{2}$ मी.

$= \frac{\pi}{4}$ मी.^{2}

माना घटना E, 'पासे का वृत्त के अन्दर गिरना' है

$\therefore \quad P_{(E)} = \frac{\text{अनुकूल क्षेत्र का क्षेत्रफल}}{\text{पूरे क्षेत्र का क्षेत्रफल}}$

$= \frac{\text{वृत्र का क्षेत्रफल}}{\text{आयत का क्षेत्रफल}}$

$= \frac{\left[\frac{\pi}{4}\right]}{6} = \frac{\pi}{4} \times \frac{1}{6} = \frac{\pi}{24}$

144 बाल पेनों के एक समूह में 20 बाल पेन खराब हैं और शेष अच्छे हैं | आप वाही पेन खरीदना चाहेंगे जो अच्छा हो, परन्तु खराब पेन आप खरीदना नहीं चाहेंगे | दुकानदार इन पेनों में से, यादृच्छया एक पेन निकालकर आपको देता है | इसकी क्या प्रायिकता है कि

(i) आप वह पेन खरीदेंगे ?

(ii) आप वह पेन नहीं खरीदेंगे ?

